■ प. एशिया में संघर्ष विराम बहुत दूर विदेशी मुद्रा बचाने में सहयोग करें देशवासी : वैष्णव - 12

■ सेंसेक्स 1,313 अंक टूटा प्रधानमंत्री की मितव्ययिता की अपील से निवेशक चिंतित - 12

■ होर्मुज की सुरक्षा पर रक्षा मंत्रियों की बैठक की मेजबानी करेंगे ब्रिटेन-फ्रांस - 13

■ प्रतिबंध के बाद भी विनेश फोगाट राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में उतरने को तैयार - 14

आज का मौसम
31.0° अधिकतम तापमान
22.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.23
सूर्यास्त 06.54

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

अमृत विचार

| हल्द्वानी |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष दशमी 02:52 उपरांत एकादशी विक्रम संवत 2083

मंगलवार, 12 मई 2026, वर्ष 6, अंक 76, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये

दुनिया की कोई भी ताकत भारत को झुका नहीं सकती, न दबाव में ला सकती : मोदी

कहा- पोखरण परमाणु परीक्षण के बाद पूरा विश्व भारत को दबोचने मैदान में उतरा, हम डटे रहे

● सोमनाथ अमृत महोत्सव के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंदिर में की महा पूजा

सोमनाथ, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को 1998 के पोखरण परमाणु परीक्षण का जिक्र करते हुए कहा कि दुनिया की कोई भी ताकत भारत को झुका नहीं सकती या दबाव में नहीं ला सकती है। भगवान शिव के प्रसिद्ध सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित सोमनाथ अमृत महोत्सव में एक सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि दुर्भाग्य से देश में ऐसी शक्तियां आज भी प्रभावी हैं, जिन्हें राष्ट्रीय स्वाभिमान से ज्यादा तुष्टीकरण जरूरी लगता है और अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के विरोध के दौरान भी इसी तरह की सोच दिखाई दी थी।

प्रधानमंत्री ने कहा, अगर 1947 में भारत आजाद हुआ था तो, 1951 में सोमनाथ की प्राण प्रतिष्ठा ने भारत की स्वतंत्र चेतना का उद्घोष किया था। मोदी ने कहा कि सोमनाथ का 'अमृत महोत्सव' केवल अतीत का उत्सव नहीं है, यह अगले एक हजार वर्षों के लिए भारत की प्रेरणा का महोत्सव भी है। कहा कि 11 मई केवल सोमनाथ मंदिर के नए स्वरूप में प्राण प्रतिष्ठा के लिए ही नहीं, बल्कि इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि 1998 में आज के ही दिन तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में भारत ने परमाणु परीक्षण किए थे। उन्होंने कहा, 11 मई 1998, यानी आज के ही दिन, देश ने पोखरण में परमाणु परीक्षण किया था।

हमारे वैज्ञानिकों ने भारत के सामर्थ्य को, भारत की क्षमता को दुनिया के सामने रखा, दुनिया में तूफान आ गया। मोदी ने कहा, कई देश इससे नाराज हो गए, वे पूछने लगे कि भारत कौन होता है, जो परमाणु परीक्षण करे। दुनिया की आंखें लाल हो गईं। दुनिया भर की शक्तियां भारत को दबोचने के लिए मैदान में उतरी। अनेक प्रकार के प्रतिबंध लगाए गए। संभावित आर्थिक संकट से बचने का हर रास्ता रोकने की कोशिश की गई। ऐसे हालात में कई देश हिल जाते, लेकिन भारत दृढ़ता से खड़ा रहा।

गुजरात के वेरावल स्थित सोमनाथ अमृत महोत्सव मंदिर में प्रार्थना करते प्रधानमंत्री मोदी।

डॉ. राजेंद्र प्रसाद को नेहरू के विरोध का करना पड़ा था सामना

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल और भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद ने सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के अनेक प्रयास किए थे, लेकिन उन्हें तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू से विरोध का सामना करना पड़ा। कहा, हमें विरासत और धरोहर दोनों को साथ लेकर आगे बढ़ना होगा। हमारे सांस्कृतिक केंद्रों की अनदेखी ने दरअसल हमारी प्रगति को बाधित ही किया है। प्रधानमंत्री ने सोमनाथ मंदिर में महापूजा और अन्य अनुष्ठानों में भाग लिया।

जड़ों से जुड़ा रहने वाला राष्ट्र लंबे समय तक रहता मजबूत

प्रधानमंत्री ने कहा कि सोमनाथ हमें याद दिलाता है कि कोई भी राष्ट्र तभी लंबे समय तक मजबूत रह सकता है, जब वह अपनी जड़ों से जुड़ा रहे। मोदी ने इस अवसर पर एक विशेष डाक टिकट भी जारी किया। उन्होंने कहा, लुटेरों ने सोमनाथ मंदिर का वैभव मिटाने का प्रयास किया, वे सोमनाथ को एक भौतिक ढांचा मानकर उससे टकराते रहे! बार-बार इस मंदिर को तोड़ा गया, ये बार-बार बनता रहा हर बार उठ खड़ा होता रहा।

सोमनाथ में संबोधित करते प्रधानमंत्री मोदी।

ऑपरेशन सिंदूर आने वाली पीढ़ियों के लिए भी प्रेरणादायक : धामी

● सफलता के एक साल पूरा होने पर दून में समारोह में बोले मुख्यमंत्री

● कहा- 22 मिनट में सेनाओं ने पाकिस्तान में ध्वस्त किए थे आतंकी ठिकाने

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर आने वाली पीढ़ियों को भी प्रेरणा देता रहेगा। ऑपरेशन सिंदूर के एक वर्ष पूरा होने के अवसर पर सोमवार को दून सैनिक इंस्टीट्यूट गढ़ीकैंट में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व एवं सेना के शौर्य के कारण आतंकवाद के विरुद्ध ऑपरेशन सिंदूर को सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया। उन्होंने सेना के साहस और शौर्य के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि सेना के साहस, समर्पण और त्याग के कारण दुश्मन कभी भी भारत की ओर आंख उठाने की हिम्मत नहीं कर सकता। यह नया भारत है जो दुश्मनों की हर नापाक हरकत का मुंहतोड़ जवाब देता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि, जब पूरा देश सो रहा था, तब सेनाओं ने 22 मिनट में पाकिस्तान में चल रहे आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया था। देश की अत्याधुनिक वायु सुरक्षा प्रणाली ने भारत की ओर होने वाले हमलों को नाकाम कर दिया और एक भी मिसाइल भारतीय जमीन पर नहीं गिरने दी। भारतीय सेनाओं ने चार दिनों के भीतर अपने पराक्रम से पाकिस्तान को युद्धविराम के लिए भारत के सामने झुका दिया था।

कहा कि, उत्तराखंड के प्रत्येक परिवार से कोई न कोई सदस्य सेना में होता है इसलिए हमारा सेना और सैनिकों के साथ भावनात्मक लगाव है। जवानों का मनोबल बढ़ाने के साथ-साथ सेना को अत्याधुनिक तकनीक और हथियारों से सुसज्जित किया जा रहा है। सैनिकों के हितों में भी कई महत्वपूर्ण फैसले लिए जा रहे हैं।

वन रैंक वन पेंशन योजना, नेशनल वॉर मेमोरियल का निर्माण, रक्षा बजट में वृद्धि, बॉर्डर पर इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत बनाने जैसे कई कार्य किए गए हैं।

समारोह में पूर्व सैनिकों के साथ गर्मजोशी से मिलते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर, 38 गुना बढ़ा निर्यात

सीएम ने कहा कि, भारत रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने के साथ कई अन्य देशों को भी रक्षा उपकरणों और संसाधनों का निर्यात कर रहा है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में रक्षा सामग्री के निर्यात में 38 गुना की ऐतिहासिक वृद्धि दर्ज की गई है। भारत दुनिया के 80 से अधिक देशों को रक्षा उपकरण, हथियार और अन्य रक्षा सामग्रियां उपलब्ध करवा रहा है। ऑपरेशन सिंदूर से यह सिद्ध हो गया है कि हमारे स्वदेशी हथियार अन्य किसी भी देश के हथियारों से कई गुना बेहतर हैं।

ब्रीफ न्यूज

हिमंत असम के सीएम के रूप में आज लेंगे शपथ

गुवाहाटी। असम में मंगलवार को हिमंत विश्व शर्मा के लगातार दूसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने की तैयारी पूरी हो चुकी है। इसके साथ ही राज्य में भाजपा नीत राजग सरकार का लगातार तीसरा कार्यकाल शुरू होगा। खानापारा के पशु चिकित्सा महाविद्यालय मैदान में होने वाले शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ-साथ राजग शासित राज्यों के 40 से अधिक मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों के उपस्थित रहने की संभावना है।

नोएडा : 16 जून से उड़ानें शुरू करेगी अकासा एयर

नई दिल्ली। अकासा एयर 16 जून से नोएडा हवाई अड्डे से अपनी उड़ान सेवाएं शुरू करेगी। यह इस नए हवाई अड्डे से सेवाएं शुरू करने वाली दूसरी एयरलाइन होगी। हवाई अड्डे का उद्घाटन 28 मार्च को हुआ था और वहां से 15 जून से वाणिज्यिक परिचालन शुरू होने जा रहा है। अकासा ने सोमवार को कहा कि वह 16 जून से नोएडा हवाई अड्डे को बेंगलुरु और नवी मुंबई से जोड़ने वाली दैनिक उड़ानें शुरू करेगी।

अमेरिका ने ईरान का शांति प्रस्ताव ठुकराया

वाशिंगटन, एजेंसी

राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान के साथ जारी युद्ध को समाप्त करने संबंधी उसके (ईरान) प्रस्ताव को पूरी तरह से अस्वीकार्य करार देते हुए खारिज कर दिया। ट्रंप को रविवार को ईरान का प्रस्ताव प्राप्त हुआ और उम्मीद जताई जा रही थी कि युद्ध को समाप्त करने में सफलता मिलेगी। इस युद्ध ने वैश्विक तेल आपूर्ति के लिए अहम, समुद्री मार्ग को अवरुद्ध कर दिया है जिससे कई देश ईंधन की कमी का सामना कर रहे हैं।

ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट किया, ईरान के तथाकथित प्रतिनिधियों का जवाब पढ़ा। मुझे यह बिल्कुल पसंद नहीं आया - यह पूरी तरह अस्वीकार्य है। इससे पहले ट्रंप ने ईरान पर लगभग 50 वर्षों से अमेरिका के साथ खेल खेलने का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा, अब वे ज्यादा समय तक खुश नहीं रह पाएंगे। उन्होंने नेतन्याहू से हुई बात को लेकर कहा, बातचीत बहुत अच्छी रही। हमारे संबंध अच्छे हैं। ईरान वार्ता अन्य किसी का नहीं बल्कि मेरा अपना मुद्दा है।

संकट में संघर्ष विराम

● ट्रंप बोले- पूरी तरह अस्वीकार्य अमेरिका ने एनरिच्ड यूरेनियम सौंपने की शर्त रखी

अवास्तविक मांगों पर अड़ा है अमेरिका : ईरान

तेहरान। ईरान ने कहा है कि युद्ध समाप्त करने के लिए उसका प्रस्ताव उदार और तार्किक था, जबकि अमेरिका अब भी इजराइल की सोच से प्रभावित अवास्तविक मांगों पर अड़ा हुआ है। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने कहा कि ईरान की ओर से अमेरिकी प्रस्ताव के जवाब में जो योजना भेजी गयी, वह हद से ज्यादा नहीं थी और उसका उद्देश्य पूरे क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता स्थापित करना था।

लोकतंत्र को हाईजैक नहीं होने देंगे, बहाल की विधायकी

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को एक अहम फैसला सुनाते हुए कांग्रेस नेता टीडी राजेगौड़ा की कर्नाटक विधानसभा सदस्यता फिलहाल बहाल कर दी है। न्यायालय ने तीन मई 2026 को हुई उन डाक मतपत्रों की दोबारा जांच के नतीजे पर भी रोक लगा दी है, जिसमें भाजपा के नेता डीएन जीवराज को विजेता घोषित किया गया था।

पीठ ने यह आदेश दिया है। पीठ ने गौर किया कि कर्नाटक उच्च न्यायालय ने केवल 279 खारिज हुए मत पत्रों की जांच के आदेश दिए थे, लेकिन चुनाव अधिकारी ने उन 562 सही वोटों को भी दोबारा गिन लिया जो पहले ही श्री राजेगौड़ा के पक्ष में गिने जा चुके थे। न्यायालय ने पाया कि चुनाव अधिकारी ने राजेगौड़ा के उन 562 वोटों में से 248 वोट घटा दिए, जिससे मुकाबला भाजपा उम्मीदवार जीवराज के पक्ष में झुक गया। इस पर कड़ी टिप्पणी करते हुए पीठ ने कहा कि लोकतंत्र को इस तरह 'हाईजैक' करने की अनुमति नहीं दी जा सकती। निर्देश दिया कि दोबारा गिनती के बाद उठाए गए सभी कदम तब तक रुके रहेंगे जब तक राजेगौड़ा की अपील पर अंतिम फैसला नहीं आ जाता। मामला 2023 का है।

● सुप्रीम कोर्ट ने कहा- कर्नाटक की शृंगेरी सीट से राजेगौड़ा ही विधायक

एसआईआर पर ममता व अन्य को नई याचिकाएं दायर करने की अनुमति

नई दिल्ली। कोटर् ने सोमवार को कहा कि पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और अन्य व्यक्ति अपने इन दावों के संबंध में नई याचिकाएं दायर कर सकते हैं कि राज्य में हाल में हुए चुनाव में विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में जीत का अंतर मतदाता सूची के एसआईआर के दौरान हटाए (डिलीट किए) गए वोटों की तुलना में कम रहा। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने यह टिप्पणी वरिष्ठ अधिवक्ता एवं तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी के इस आरोप के बाद की कि 31 सीट पर जीत का अंतर 'डिलीट' किए गए मतों के मुकाबले कम रहा। कल्याण बनर्जी ने न्यायमूर्ति बागची की पहले की उस टिप्पणी का हवाला दिया, जिसमें कहा गया था कि यदि जीत का अंतर एसआईआर के दौरान हटाए गए नामों की संख्या से कम होता है, तो शीर्ष अदालत शिकायतों पर विचार कर सकती है। उनकी इन दलीलों का पीठ ने संज्ञान लिया। निर्वाचन आयोग की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता डीएस नायडू ने बनर्जी की दलीलों का विरोध करते हुए कहा कि इस मामले में उचित उपाय चुनाव याचिका दायर करना है।

वीबी जीरामजी अधिनियम 1 जुलाई से होगा लागू, मनरेगा निरस्त होगा

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने सोमवार को घोषणा की कि 'महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम' (मनरेगा) के स्थान पर नया 'विकसित भारत- रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण) (वीबी-जी राम जी) अधिनियम एक जुलाई से पूरे देश में लागू हो जाएगा। नए अधिनियम में एक नया ढांचा होगा जो ग्रामीण परिवारों को 125 दिनों का वैधानिक वैतनिक रोजगार देने का वादा करता है। ग्रामीण विकास मंत्रालय ने इसे ग्रामीण विकास संरचना में एक ऐतिहासिक परिवर्तन बताया है, जो विकसित भारत 2047 की परिकल्पना के अनुरूप है।

शुभेंदु के पीए का हत्यारोपी अयोध्या से गिरफ्तार

संवाददाता, अयोध्या/लखनऊ

● 9 मई को मां के साथ आया था दर्शन-पूजन करने, होटल से निकलते समय कोलकाता व उप्र पुलिस ने दबोचा

अमृत विचार : कोलकाता व यूपी पुलिस की संयुक्त टीम ने प. बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के पीए चंद्रनाथ रथ की हत्या के एक आरोपी को अयोध्या से गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी नौ मई की बताई जा रही है। आरोपी को बंगाल पुलिस अपने साथ कोलकाता ले गई थी। इस संदर्भ में अयोध्या पुलिस कुछ भी बोलने से इनकार कर रही है।

बंगाल में चुनाव खत्म होने के बाद ही 6 मई की रात मध्यमग्राम के डोडरिया इलाके में चंद्रनाथ रथ की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इसकी जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया था। प्रारंभिक जांच में घटना के समय मोबाइल टॉवर के मोबाइल का डाटा एकत्र कर उसकी जांच की गई तो उसमें से दो नंबर उप्र के निकले। इनमें से एक बलिया जिले के निवासी राज सिंह का निकला था। उसकी गिरफ्तारी के लिए कोलकाता पुलिस ने उप्र पुलिस से सहयोग मांगा था। 7 मई को आरोपी अपनी मां, एक दोस्त व एक अन्य के साथ लखनऊ में एक विधान परिषद सदस्य की पुत्री के विवाह में आया था। आठ को अंबेडकरनगर एक दरगाह पर पहुंचा। नौ मई को वह अयोध्या पहुंचा व अपनी मां के साथ राम मंदिर में दर्शन किए। इसके बाद एक होटल पर खाना खाने के बाद वापस बलिया के लिए रवाना होने के लिए होटल से बाहर निकला तभी दबोच लिया।

गंगनहर में मिला आईआईटी रुड़की के छात्र का शव

संवाददाता, देहरादून

● 3-4 दिन से लापता था नैनीताल निवासी शोधार्थी मोहित आर्य

अमृत विचार: आईआईटी रुड़की के नैनीताल निवासी शोधार्थी छात्र का रुड़की गंगनहर से संदिग्ध हालात में शव बरामद हुआ है। एसपी देहात हरिद्वार शेखर चंद सुयाल ने बताया कि मंगलौर कोतवाली क्षेत्र में आसफनगर झाल पर रविवार देर रात गंगनहर से मिले शव की शिनाख्त शोधार्थी मोहित आर्य (40) के रूप में हुई, जो नैनीताल का निवासी था।

इलेक्ट्रॉनिक एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग में शोध कर रहा मोहित तीन-चार दिन से लापता था। छठे सेमेस्टर के छात्र की मौत प्रथम दृष्टया आत्महत्या का मामला प्रतीत हो रही है। शव पर किसी चोट या हमले के निशान नहीं पाए गए हैं। एसपी के मुताबिक हॉस्टल में मोहित के कमरे की तलाशी में पुलिस को एक नोटबुक मिली जिसमें लिखी बातें आत्महत्या करने की तरफ इशारा करती हैं। सुयाल के अनुसार, पुलिस इस पहलु की भी जांच कर रही है कि छात्र के लापता होने के बावजूद संस्थान या किसी अन्य स्तर पर पुलिस को सूचना क्यों नहीं दी गई। इस पर आईआईटी रुड़की के मीडिया प्रकोष्ठ की प्रभारी सोनिका सिंह ने कहा कि छात्र घूमने आदि के लिए अक्सर तीन-चार दिन के लिए हॉस्टल से बाहर जाते हैं और यह एक सामान्य बात है।

यूएस नगर में धर्मांतरण केस एसआईटी गठित

रुद्रपुर: जनपद ऊधमसिंह नगर में धर्मांतरण/मतांतरण जैसे संवेदनशील मामलों पर पुलिस सख्त हो गई है। एसएसपी अजय गणपति ने सोमवार को बताया कि, जनपद में धर्मांतरण से संबंधित तीन गंभीर प्रकरण सामने आए हैं, जिनमें 13 आरोपियों पर अभियोग दर्ज कराते हुए जांच शुरू कर दी गई है।

इन सभी मामलों की निष्पक्ष एवं प्रभावी जांच के लिए पुलिस उपाधीक्षक विभव सैनी के पर्यवेक्षण में विशेष अनुसंधान दल (एसआईटी) गठित किया गया है। इसमें संबंधित विवेचक, थाना प्रभारी तथा एसओजी की सर्विलांस टीम शामिल है।

(विस्तृत पेज-6)

आदेश | पश्चिम बंगाल में शुभेंदु सरकार ने पहली बैठक में लिया बड़ा फैसला, केंद्र की कई योजनाएं राज्य में की शुरू

बांग्लादेश सीमा पर बाड़बंदी के लिए बीएसएफ को मिलेगी जमीन

● नए आपराधिक कानून लागू होंगे आयुष्मान पर भी काम शुरू

कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने सोमवार को कई महत्वपूर्ण प्रशासनिक और नीतिगत उपायों की घोषणा की, जिनमें राज्य को केंद्र की आयुष्मान भारत स्वास्थ्य योजना में शामिल करना, सीमा पर बाड़ लगाने के लिए बीएसएफ को भूमि का हस्तांतरण और बीएनएस आपराधिक कानून को लागू करना शामिल है।

ये निर्णय पश्चिम बंगाल में भाजपा सरकार के मंत्रिमंडल की पहली बैठक के दौरान लिए गए, जिसकी अध्यक्षता अधिकारी ने की और जिसमें शपथ लेने वाले पांच मंत्रियों के साथ-साथ वरिष्ठ नौकरशाह भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि बंगाल अब आयुष्मान भारत योजना का हिस्सा बन जाएगा, साथ ही प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, किसानों को फसल बीमा प्रदान करने वाली प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, सरकारी स्कूलों के उन्नयन के लिए पीएम श्री योजना और कारीगरों एवं शिल्पकारों को समर्थन देने वाली प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना जैसी कई अन्य केंद्रीय कल्याणकारी परियोजनाओं का भी हिस्सा होगा। महिलाओं की शिक्षा और सशक्तीकरण के लिए 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' योजना और रियायती दरों पर खाना पकाने के रसोई गैस प्रदान करने वाली उज्ज्वला 3.0 योजना भी लागू की जाएगी। आरोप है कि ममता बनर्जी के पूर्व शासनकाल में राजनीतिक कारणों से इन योजनाओं को राज्य के लोगों की पहुंच से बाहर रखा गया था। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा बांग्लादेश के साथ देश की खुली सीमाओं को सील करने और अवैध सीमा पार प्रवासन पर अंकुश लगाने के वादे को लागू करते हुए, अधिकारी मंत्रिमंडल ने अपनी पहली ही बैठक में सीमा पर बाड़ लगाने के लिए बीएसएफ को भूमि हस्तांतरित करने की प्रक्रिया शुरू करने को मंजूरी दे दी। बांग्लादेश के साथ 2,216.7 किलोमीटर की सीमा साझा करता है, जिसमें से लगभग 569 किलोमीटर की सीमा पर बाड़ नहीं लगी है।

पश्चिम बंगाल में आईपीसी की जगह अब बीएनएस

एक महत्वपूर्ण आरोप में, अधिकारी ने कहा कि भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) - आपराधिक कानून जिन्होंने क्रमशः भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) और दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) अधिनियमों का स्थान लिया है - संसद के दोनों सदनों द्वारा बहुत पहले पारित किए जा चुके हैं, राष्ट्रपति की सहमति प्राप्त कर चुके हैं और जिनके नियम पहले ही तैयार किए जा चुके हैं और भारत के अन्य हिस्सों में लागू किए जा चुके हैं, लेकिन बंगाल में इन अधिनियमों को अब तक आधिकारिक तौर पर लागू नहीं किया गया है। अधिकारी ने कहा, संविधान के इस उल्लंघन के बारे में जानकर हमें आश्चर्य हुआ। मंत्रिमंडल ने बंगाल में इसके तत्काल प्रभाव से लागू होने की मंजूरी दे दी है।

देशहित सर्वोपरि, ऊर्जा संसाधनों की बचत सामूहिक उत्तरदायित्व

मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील पर किया आह्वान

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार: भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील का पुरजोर समर्थन करते हुए कहा है कि राष्ट्रहित और आत्मनिर्भरता में देशवासियों के सहयोग का ये एक एक कदम विकसित भारत के सफर में मीलों दूरी तय करने वाला साबित होगा। विपक्ष इस मुद्दे पर नकारात्मक रुख त्यागकर देश के साथ चले।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राष्ट्रीय हित को सर्वोपरि रखते हुए ऊर्जा संसाधनों की बचत हम सभी का सामूहिक उत्तरदायित्व है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की देशवासियों से की गई अपील केवल आर्थिक बचत के लिए नहीं बल्कि आत्मनिर्भर और सशक्त भारत के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। अगर हम सभी अपनी जिम्मेदारियों को समझते हुए अनावश्यक विदेश यात्रा को टालना, स्थानीय और स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता देना, पेट्रोल डीजल की खपत कम करने के लिए पब्लिक ट्रांसपोर्ट का उपयोग करना, ऊर्जा की बचत करना, एक साल के लिए स्वर्ण आभूषणों की खरीद से बचना, खेती में रासायनिक उर्वरक की बजाय प्राकृतिक खाद का इस्तेमाल करना और खाद्य तेल का संयमित उपयोग करना जैसे छोटे छोटे संकल्प लें तो देश की अर्थव्यवस्था में ये हमारा महत्वपूर्ण योगदान रहेगा।

वहीं, प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री की अपील का पार्टी पूरी तरह से समर्थन करते हुए अपेक्षा करती है कि सभी देशभक्त उत्तराखंडवासी प्रधानमंत्री के आग्रह का अनुसरण करेंगे। यह अपील खाड़ी युद्ध की परिस्थितियों में राष्ट्रहित और आत्मनिर्भरता की दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण है। राष्ट्रहित में त्याग की भावना से पीएम ने देश हित में यह बड़ी अपील की है।

कृषि मंत्री स्कूटी से पहुंचे कैंप कार्यालय

देहरादून: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर कृषि मंत्री गणेश जोशी ने सोमवार को गढ़ी कैंट में आयोजित ऑपरेशन सिंदूर समारोह के बाद पेट्रोल-डीजल की बचत का आमजन को संदेश दिया। जोशी अपने शासकीय वाहन का उपयोग न करते हुए दोपहिया वाहन से अपने कैंप कार्यालय पहुंचे। कहा कि वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है कि वह संसाधनों का संयमित उपयोग करे और अनावश्यक ईंधन खपत से बचे। कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा देशवासियों से संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग का संदेश केवल आर्थिक दृष्टि से ही नहीं बल्कि पर्यावरण और भविष्य की पीढ़ियों के हित में भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

सरकार अमल में लाए अपील, तत्काल जारी करे आदेश

देहरादून: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील पर उत्तराखंड सरकार को तत्काल अमल में लाने के आदेश जारी करने चाहिए। एआईसीसी सदस्य और उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने भाजपा सरकार से यह मांग की है। उन्होंने कहा है कि मुख्यमंत्री को तत्काल आदेश जारी करते हुए प्रदेश के राज्यपाल, स्वयं अपने, राज्य के सभी मंत्रियों के गाड़ी के काफिले खत्म करते हुए केवल एक गाड़ी व एक सुरक्षा एस्कॉर्ट का प्रावधान करते हुए ऐसे ही राज्य के सभी अधिकारियों को केवल एक गाड़ी अनुमन्य करनी चाहिए जिससे प्रधानमंत्री मोदी की अपील का असर दिखाई दे। धस्माना ने कहा कि इससे जहां देश के प्रधानमंत्री का सम्मान बढ़ेगा। वहीं, उत्तराखंड देश का पहला राज्य हो जाएगा जहां ऐसा आदर्श कार्य किया आएगा।

उत्तराखंड में पूर्व सैनिकों के लिए विशेष योजनाएं: मुख्यमंत्री धामी

- ऑपरेशन सिंदूर समारोह में मुख्यमंत्री धामी ने दी जानकारी

मुख्य संवाददाता, देहरादून

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सोमवार को असम पहुंचे। गुवाहाटी पहुंचने पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं और प्रबुद्ध जनों ने उनका स्वागत व अभिनंदन किया।

अमृत विचार: मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को कहा कि, राज्य सरकार ने पूर्व सैनिकों के हितों में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं। पूर्व सैनिकों को विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है।

ऑपरेशन सिंदूर-शौर्य, सम्मान और वीरता का एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि, सरकार ने शहीदों के परिजनों को दी जाने वाली अनुग्रह राशि में पांच गुना तक की वृद्धि की है। सेना में परमवीर चक्र से लेकर मेंशन इन डिस्पैच तक सभी वीरता पुरस्कारों से अलंकृत सैनिकों को दी जाने वाली एकमुश्त एवं वार्षिक सम्मान राशि में बढ़ोतरी की गई है। सरकार ने शहीद सैनिक के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी में समायोजित करने का भी निर्णय लिया है। इसके साथ ही, सरकारी नौकरी के लिए आवेदन करने की अवधि को भी दो वर्ष से बढ़ाकर पांच वर्ष किया है। राज्य में वीरता पुरस्कार प्राप्त सैनिकों और पूर्व सैनिकों हेतु सरकारी बसों में यात्रा की निःशुल्क व्यवस्था की गई है। पूर्व सैनिकों हेतु 25 लाख रुपए मूल्य की स्थायी सम्पत्ति की खरीद पर स्टाम्प ड्यूटी में 25 प्रतिशत की छूट भी प्रदान की जा रही है।

सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि ऑपरेशन सिन्दूर भारत की उस अटल प्रतिज्ञा का प्रतीक है कि हमारी माताओं-बहनों के सम्मान, राष्ट्र की संप्रभुता और नागरिकों की सुरक्षा के साथ कोई भी खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सिन्दूर भारतीय संस्कृति में नारी सम्मान, सौभाग्य और शक्ति का प्रतीक है। जब इस अभियान का नाम ऑपरेशन सिन्दूर रखा गया, तब यह संदेश स्पष्ट था कि भारत अपनी मातृशक्ति के सम्मान और सुरक्षा के लिए हर स्तर पर दृढ़ता से खड़ा है। कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत ने बार-बार यह सिद्ध किया है कि नया भारत अन्याय को सहन नहीं करता, बल्कि उसका मुंहतोड़ जवाब देता है। इस दौरान सचिव युगल किशोर पंत, सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी मेजर जनरल शमी सभरवाल, मेजर जनरल डी अग्निहोत्री, मेजर जनरल पीएस राणा, उपनल के एमडी ब्रिगेडियर जेएनएस बिष्ट, ब्रिगेडियर केजी बहल, सैनिक कल्याण निदेशक श्याम सिंह आदि मौजूद रहे।

स्टेट ब्रीफ

आज और कल बरतें अतिरिक्त सावधानी

देहरादून: मौसम विभाग ने आज और कल प्रदेश के विभिन्न हिस्सों, खासकर पहाड़ी इलाकों में बारिश और प्रतिकूल मौसम की आशंका को देखते हुए 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया है, जिसके मद्देनजर सरकार ने चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं तथा पर्यटकों से अतिरिक्त सावधानी बरतने की अपील की है। श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों से आग्रह किया है कि खराब मौसम के पूर्वानुमान को देखते हुए 12 और 13 मई को यात्रा कार्यक्रम बनाते समय अतिरिक्त सतर्कता बरती जाए और अगर संभव हो, तो मौसम सामान्य होने के बाद ही यात्रा करना अधिक सुविधाजनक रहेगा। उन्होंने श्रद्धालुओं से यात्रा के दौरान प्रशासन और स्थानीय अधिकारियों की ओर से जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने की भी अपील की, ताकि यात्रा सुरक्षित और सुखद बनी रहे।

सब-ऑर्डिनेट सेवा परीक्षा याचिका खारिज

नैनीताल: हाईकोर्ट ने उत्तराखंड लोअर सब-ऑर्डिनेट सेवा परीक्षा-2024 से संबंधित विभिन्न याचिकाओं को यह कहते हुए खारिज कर दिया है कि याचिकाकर्ताओं के मुख्य परीक्षा में सफल न होने के कारण अब इन याचिकाओं का औचित्य समाप्त हो गया है। न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की एकल पीठ ने इन मामलों की सुनवाई करते हुए स्पष्ट किया कि अब राहत प्रदान करने का कोई कानूनी आधार शेष नहीं बचा है।

प्रत्यावेदन पर निर्णय ले यूके परिवहन निगम

नैनीताल: हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की एकलपीठ ने काशीपुर-मुरादाबाद रूट पर यूपी उत्तर प्रदेश के बस संचालकों को हो रही संचालन संबंधी दिक्कतों के मामले में याचिका का निस्तारण कर दिया। पीठ ने उत्तराखंड परिवहन निगम को निर्देश दिया कि बस संचालकों के प्रत्यावेदन पर विधिनुसार निर्णय लेते हुए स्पष्ट किया जाए कि संबंधित संचालकों को उक्त रूट पर स्थायी परमिट दिया जाना है या नहीं।

कैदियों की रिहाई नीति पेश करे सरकार

विधि संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार: हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि वह उम्रकैद की सजा पूरी कर चुके कैदियों की रिहाई से संबंधित अपनी नीति का विवरण एक सप्ताह में अदालत में पेश करे।

न्यायमूर्ति रविन्द्र मैठाणी और न्यायमूर्ति सिद्धार्थ साह की खंडपीठ ने कैदियों द्वारा दायर कई याचिकाओं तथा स्वतः संज्ञान लेकर दर्ज जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए यह निर्देश दिया। खंडपीठ ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 18 मई की तारीख तय की है। सरकार ने अदालत को बताया कि न्यायालय के पूर्व के आदेशों के बाद जेल प्रशासन ने कई कैदियों को रिहा कर दिया है। जघन्य अपराधों में दोषी ठहराए गए कुछ कैदी अब भी हिरासत में हैं, जबकि कुछ मामलों में रिहाई से पहले राज्य सरकार की मंजूरी आवश्यक है। कैदियों की ओर से पेश वकीलों ने दलील दी कि कई कैदी अपनी सजा पूरी करने तथा सुप्रीम व हाईकोर्ट कोर्ट के आदेशों के बावजूद जेल में बंद हैं। इस तरह लगातार हिरासत में रखा जाना अदालत के आदेशों की जानबूझकर अवहेलना है और इससे कैदियों के संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन हो रहा है। यह भी बताया गया कि कैदियों ने रिहाई के लिए जेल अधिकारियों को कई बार आवेदन दिए, लेकिन उन पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। उच्चतम न्यायालय ने सभी उच्च न्यायालयों को निर्देश दिया था कि वे पात्र कैदियों की रिहाई सुनिश्चित कराने के लिए आवश्यक कदम उठाएं।

कुंभ में केंद्र से मिलेगी हरसंभव सहायता: पाटिल

- केंद्रीय मंत्री सीआर पाटिल ने मुख्यमंत्री धामी को भेजा पत्र

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार: केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल ने कुंभ मेले के दृष्टिगत गंगा की स्वच्छता एवं अविरलता हेतु नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत राज्य सरकार को हर सम्भव सहायता का आश्वासन दिया है।

केंद्रीय मंत्री पाटिल ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा इस सम्बंध में किए गए अनुरोध के क्रम में मुख्यमंत्री को प्रेषित पत्र में यह जानकरी दी है। उन्होंने प्रेषित पत्र में स्पष्ट किया है कि कुंभ मेला-2027 के दौरान गंगा नदी की स्वछता एवं निर्मलता सुनिश्चित करने हेतु राज्य सरकार के गंगा नदी स्वच्छता संबंधित प्रस्ताव, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, मल-कीचड उपचार संयंत्र, नदी की सतह एवं घाटों की सफाई तथा सार्वजनिक स्वास्थ्य (रोगवाहक नियंत्रण एवं सुरक्षा) को नमामि गंगे कार्यक्रम के अंतर्गत वित्तीय सहायता प्रदान करने हेतु विचार किया जा रहा है। इस प्रस्ताव को तृतीय पक्ष मूल्यांकन हेतु नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ अर्बन अफेयर्स, नई दिल्ली को एनएमसीजी के पत्र के क्रम में प्रेषित किया गया है।

उन्होंने कहा है कि इस संबंध में तृतीय पक्ष मूल्यांकन रिपोर्ट प्राप्त होने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। केंद्रीय मंत्री ने हरिद्वार कुम्भ मेला-2027 के व्यवस्थित, सफल आयोजन और गंगा नदी की स्वछता एवं अविरलता को सुनिश्चित करने के लिए नमामि गंगे कार्यक्रम के अंतर्गत हर संभव प्रयासों तथा प्रदेश सरकार की सहायता के लिए केंन्द्र सरकार के जल शक्ति मंत्रालय की प्रतिबद्धता के प्रति भी मुख्यमंत्री को आश्वस्त किया है।

बता दें कि, मुख्यमंत्री ने इसी वर्ष फरवरी में नई दिल्ली में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री से शिष्टाचार भेंट कर वर्ष 2027 में हरिद्वार में आयोजित होने वाले महाकुंभ की तैयारियों तथा नमामि गंगे से संबंधित परियोजनाओं पर विस्तृत चर्चा की थी। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री से कुंभ 2027 के सफल, सुव्यवस्थित एवं पर्यावरणीय दृष्टि से सतत आयोजन को सुनिश्चित करने हेतु राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के तहत 408.82 करोड़ की परियोजनाओं को शीघ्र स्वीकृति प्रदान करने का अनुरोध किया था। जनवरी से अप्रैल 2027 तक आयोजित होने वाले इस महाआयोजन में देश-विदेश से करोड़ों श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना है, जिसके दृष्टिगत गंगा की निर्मलता, स्वच्छता एवं अविरलता बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है।

लापता महिला बिहार से बरामद

देहरादून: केदारनाथ धाम यात्रा से लौटते समय लापता हुई महिला को बिहार के बेगूसराय से बरामद किया गया है। महिला पति से कहासुनी होने के बाद अलग होकर चली गई थी, जिसके बाद परिजनों ने अपहरण की आशंका जताते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। जानकारी के अनुसार, छह मई को मनीष अग्रहरि ने कोतवाली लक्सर में सूचना दी थी कि उनकी पत्नी प्रज्ञा (28) संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गयी हैं। एसएसपी नवनीत सिंह ने पुलिस और एसओजी को खोजबीन में लगाया था। पूछताछ में महिला ने बताया कि वह अपने पति के साथ केदारनाथ दर्शन के लिए गई थी। वापसी के दौरान देहरादून में दोनों के बीच कहासुनी हो गई, जिसके बाद ट्रेन यात्रा के दौरान वह पति से अलग होकर चली गयी।

जनता दरबार में 201 शिकायतों पर सुनवाई

संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार: राजधानी में सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर में संयुक्त मजिस्ट्रेट राहुल आनंद की अध्यक्षता में आयोजित जनता दरबार में भूमि विवाद, अवैध कब्जा, अतिक्रमण, उत्पीड़न, विद्युत सुरक्षा, आर्थिक सहायता, सामाजिक सुरक्षा एवं स्कूल फीस माफी सहित विभिन्न विषयों से जुड़ी 201 शिकायतें दर्ज हुईं। प्रशासन ने अधिकांश मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया, जबकि शेष प्रकरणों को संबंधित विभागों को अग्रसारित करते हुए त्वरित एवं विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इस दौरान कई बुजुर्गों ने पारिवारिक उत्पीड़न और संपत्ति विवाद से जुड़ी पीड़ा प्रशासन के समक्ष रखी। बीमार बुजुर्ग घनश्याम भंडारी ने बड़े बेटे पर दुकान पर कब्जा करने और मकान हड़पने की कोशिश का आरोप लगाया। वहीं, कैंसर से पीड़ित 80 वर्षीय किस्मत सिंह ने बेटी और दामाद पर धोखाधड़ी से जमीन और मकान अपने नाम कराने तथा मारपीट कर घर से निकालने का आरोप लगाया। दोनों मामलों में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को कानूनी कार्रवाई कर राहत उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। आमवाला निवासी विधवा मुन्नी देवी ने बहू-बेटे पर मारपीट और घर से निकालने का आरोप लगाया, जिस पर एसडीएम को भरण-पोषण अधिनियम में वाद दर्ज कराने के निर्देश दिए गए।

बधाई में अब 2100 रुपए ही लेंगे किन्नर

ऋषिकेश: नगर निगम की बोर्ड बैठक में सोमवार को एक अहम प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया, जिसके तहत अब ऋषिकेश शहर में विवाह, बच्चे के जन्म, गृह प्रवेश और अन्य शुभ अवसरों पर किन्नर समुदाय द्वारा बधाई के नाम पर अधिक धनराशि की मांग पर रोक लगाने का निर्णय लिया गया।

बोर्ड ने तय किया कि बधाई स्वरूप अधिकतम 2100 रुपये ही दिए जाएंगे। इससे अधिक धनराशि की जबरन मांग या दबाव बनाने पर संबंधित व्यक्ति प्रशासन से शिकायत कर सकेंगे। यह प्रस्ताव रखने वाले पार्षद अभिनव मलिक ने कहा कि कई बार आम नागरिकों से बधाई के नाम पर अत्यधिक रकम मांगी जाती है, जिससे लोगों को असहज परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है।

आईसीसीसीसी सिस्टम | खराब मौसम में भी हेली सेवाओं पर रियल टाइम नजर

सुरक्षित और सुगम बन रही चारधाम हेली यात्रा

मुख्य संवाददाता, देहरादून

- 19 दिनों में 21 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने हेली सेवा से किए चारधाम दर्शन

अमृत विचार: चारधाम यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और हेली सेवाओं के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण (यूकाडा) का इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल एंड कम्युनिकेशन सेंटर (आईसीसीसीसी) लगातार सक्रिय है। दून स्थित सहस्त्रधारा हेलीपोर्ट में स्थापित यह आधुनिक नियंत्रण केंद्र खराब मौसम की परिस्थितियों में भी हेली सेवाओं की हर गतिविधि पर सतत निगरानी बनाए हुए है।

आईसीसीसीसी में तैनात नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए), भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) और यूकाडा की छह सदस्यीय टीम एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) के साथ समन्वय स्थापित कर हेली संचालन को सुरक्षित और व्यवस्थित बनाए रखने में जुटी है। केंद्र से हेली रूट, ट्रैकिंग डिवाइस और प्रत्येक हेली ट्रिप एवं शटल सेवा की रियल टाइम मॉनिटरिंग की जा रही है। सभी हेली रूटों पर स्थापित पीटीजेड कैमरों के माध्यम से हेलीकॉप्टरों की लैंडिंग और टेकऑफ पर लगातार नजर रखी जा रही है, जिससे किसी भी आपात स्थिति में तत्काल कार्रवाई संभव हो सके। आईसीसीसीसी से पूरी हेली यात्रा व्यवस्था को नियंत्रित और मॉनिटर किया जा रहा है।

हेली टिकटिंग में फ्रॉड की शिकायत नहीं

यूकाडा अधिकारियों के अनुसार चारधाम यात्रा के दौरान अभी तक हेली टिकट बुकिंग से संबंधित किसी भी प्रकार की फ्रॉड शिकायत दर्ज नहीं हुई है। श्रद्धालु आधिकारिक पोर्टल heliyatra.co.in के माध्यम से ऑनलाइन टिकट बुक कर रहे हैं। आंकड़ों के अनुसार 22 अप्रैल से इस दिन तक 21 हजार से अधिक श्रद्धालु हेलीसेवा के माध्यम से चारधाम यात्रा कर चुके हैं। फाटा, गुप्तकाशी और सिरसी से संचालित शटल सेवाओं के जरिए 17,976 यात्रियों को दर्शन कराए गए हैं, जबकि 10 मई तक चार्टर्ड सेवाओं के माध्यम से 3974 श्रद्धालु चारों धामों के दर्शन कर चुके हैं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशन में चारधाम हेली यात्रा को आधुनिक तकनीक के माध्यम से अधिक सुरक्षित, सरल और सुव्यवस्थित बनाया जा रहा है। सहस्त्रधारा और सिरसी में आईसीसीसीसी स्थापित कर सभी हेली सेवाओं पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। -डॉ. आशीष चौहान, सीईओ, यूकाडा

ADMISSION OPEN (2026-27)
SURAJMAL AGARWAL GIRLS P.G. COLLEGE
Kishanpur, Kichha, U.S.Nagar-263148, Uttarakhand
(Approved by: NCTE, Govt. of India (Affiliated to Kumaun University, Nainital, UAU & HNB Uttarakhand Medical University DDN)
www.sapkam.org Email : sapkm.edu@gmail.com
COURSES OFFERED ONLY FOR GIRLS
UG COURSES
• BBA • B.Com (Hons.) • BCA • B.Sc. (PCM, ZBC, PSM)
• B.Sc. (Biotechnology) • B.Sc. Home Science
• B.Sc. (Food Technology) • B.Lib. • B.Ed.
Scholarship as per Govt. rule
PG COURSES
• M.Com • M.Sc. (Microbiology) • M.Sc. (Biotechnology)
• M.Sc. (Food Technology) • M.Lib. • M.Sc. (Physics, Botany, Zoology, Chemistry, Mathematics) • M.Sc. Home Science (Foods & Nutrition, Textile & Apparel Designing)
OTHER COURSES
• Computer Basics • Tally Complete • CCC
NO. 1 GIRLS COLLEGE IN UTTARAKHAND
SURAJMAL AGARWAL COLLEGE OF NURSING AND PARAMEDICAL SCIENCES
• GNM • Post Basic B.Sc. (Nursing) • B.Sc. Nursing • M.Sc. Nursing (Medical Surgery, Community Health Nursing, Mental Health Nursing, Child Health Nursing) • Bachelor in Medical Lab Technology (BMLT)
• B.Sc. in Optometry • B.Sc. in Medical Radiology & Imaging Technology (BMRIT)
SURAJMAL MEDICAL COLLEGE OF AYURVED & HOSPITAL
• Bachelor of Ayurvedic Medicine and Surgery (BAMS)
Mob.: 9758643374
• 100% Placement Assistant • Transport Facility Available
• Safe Hostel with air cooler • 24x7 Security
• Electricity Back up • Wifi Campus
LIMITED SEAT CONTACT SOON FOR ADMISSION.
for more information please contact
9412920331, 9837242760
7902103001, 8192801031

सिटी इंवेट्स

- हल्द्वानी स्टेडियम में उत्तराखंड स्टेट ली फुटबॉल प्रतियोगिता के मैच सुबह 7 बजे से
- कमलुवागांजा जीएनजी एरिना में क्रिकेट अंडर-15 बालिका वर्ग के ट्रायल सुबह 8 बजे से

सिटी ब्रीफ

हल्द्वानी में मौसम बदलने के आसार

हल्द्वानी : शहर में दोपहर में धूप निकलने से लोग गर्मी से परेशान रहे। हालांकि बाद में बादल छा गए। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार राज्य में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो गया है। कुमाऊं में थल और पिथौरागढ़ में बारिश हुई। नैनीताल जिले में भी सोमवार की रात से मौसम बदल सकता है। हल्द्वानी में अधिकतम तापमान 34.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 22.7 डिग्री दर्ज किया गया है।

खुशी चंद्र और समीर बॉक्सिंग के फाइनल में

हल्द्वानी : ताशकंद में चल रही एशियन बॉक्सिंग अंडर-15 व जूनियर चैंपियनशिप में पिथौरागढ़ की बॉक्सर खुशी चंद्र ने फाइनल में जगह बना ली है। सेमीफाइनल मुकाबले में खुशी ने मंगोलिया की खिलाड़ी को 5-0 से हराया। उत्तराखंड बॉक्सिंग संघ के महासचिव गोपाल खोलिया ने बताया कि बालक वर्ग में पिथौरागढ़ के मुक्केबाज समीर ने फाइनल में प्रवेश किया है।

197 होम स्टे पर छापे, 169 में मिली खामियां

44 बिना पंजीकरण, 125 मानकों के विपरीत संचालित मिले, डीएम रयाल के निर्देश पर कार्रवाई

संवाददाता, हल्द्वानी/नैनीताल

अमृत विचार: जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल के निर्देश पर सोमवार को जनपद नैनीताल के समस्त क्षेत्रों में होम स्टे और गेस्ट हाउस के विरुद्ध व्यापक छापामारी अभियान चलाया गया।

एसडीएम, तहसीलदारों एवं नायब तहसीलदारों की टीमों ने 197 होम स्टे/गेस्ट हाउस का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान 197 में से 169 होम स्टे में अनियमितताएं पाई गईं। इनमें 44 होम स्टे बिना पंजीकरण के संचालित हो रहे थे, जबकि 125 होम स्टे, होम स्टे नियमावली-2015 के निर्धारित मानकों की मंशा के विपरीत चलते पाए गए।

संयुक्त टीमों ने नैनीताल सिटी में 55, हल्द्वानी/लालकुआं में 6, कालाढूंगी में 13, धारी में 20, रामनगर में 59 और कैंचीधाम क्षेत्र में 44 होम स्टे/गेस्ट हाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टीम को विभिन्न अनियमितताएं मिली जिसमें होम स्टे का नियमानुसार पंजीकरण न होना, जिसमें 44 होम स्टे बिना पंजीकरण के संचालित पाए गए।

दमुवाढूंगा में होम स्टे का निरीक्षण करते एसडीएम प्रमोद कुमार। ● अमृत विचार

- **नैनीताल में 55, हल्द्वानी में 6 तो रामनगर में 59 होम स्टे की जांच**

विभिन्न होम स्टे में पार्किंग की कमी पाई गई जिनमें नियमानुसार निजी पार्किंग उपलब्ध नहीं थी।

इसी प्रकार अनेक होम स्टे में स्वामी का निवास न होनाः पाया गया व होम स्टे स्वामी स्वयं मौके पर निवासरत नहीं मिले। इसी प्रकार किचन की भी अनुपलब्धता रही, होम स्टे में स्वयं का किचन नहीं मिला या स्वामी के किचन से भोजन नहीं परोसा जा रहा था। निरीक्षण के दौरान टीम को होम स्टे को अन्य व्यक्तियों को लीज पर देना अथवा राज्य के बाहर के लोगों द्वारा संचालन किया जाना भी पाया गया।

नैनीताल शहर में एसडीएम नवाजिश खलिक एवं राजस्व पुलिस के नेतृत्व में शहर के 16 होम स्टे पर छापा मारा गया था। तल्लीताल बूचड़खाना, प्राणी उद्यान मार्ग एवं मल्लीताल मोहन को चौराहा क्षेत्र में एक भी होम स्टे 2015 की नियमावली के मानकों को पूरा नहीं कर रहा था। सभी 16 होम स्टे में पार्किंग, किचन व स्वामी की उपस्थिति संबंधी अनियमितताएं मिलीं।

इस संबंध में जिलाधिकारी ललित मोहन नयाल ने कहा कि होम स्टे नियमावली का मुख्य उद्देश्य स्थानीय निवासियों को रोजगार, स्थानीय संस्कृति को बढ़ावा देना एवं राज्य की आर्थिकी को मजबूत करना है। इसके विपरीत होम स्टे का संचालन बाहरी प्रदेश के लोगों द्वारा व्यवसायिक रूप से किया जा रहा है। कहा कि, घरेलू बिजली-पानी के संयोजन से संचालन कर जीएसटी का भुगतान किए बिना राज्य को भारी राजस्व क्षति पहुंचाई जा रही है।

हल्द्वानी में होम स्टे की जांच में मिलीं अनियमितता एक का पंजीयन रद्द करने की संस्तुति

हल्द्वानी : जिला प्रशासन ने सोमवार को दमुवाढूंगा क्षेत्र में होम स्टे और गेस्ट हाउसों की जांच की। एसडीएम प्रमोद कुमार के नेतृत्व में हुई कार्रवाई में कई गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। जेडी होम स्टे में पार्किंग के लिए पड़ोसी की भूमि का उपयोग बिना लिखित अनुबंध के किया जा रहा था। यहां रेट लिस्ट नहीं मिली, दो अग्निशमन यंत्र एक्सपायर पाए गए और कर्मचारियों का पुलिस सत्यापन भी नहीं कराया गया था। इसके बाद टीम कुटुंब होम स्टे पहुंची, जहां भवन स्वामी के निवास नहीं करने, किचन व रेस्टोरेंट नहीं होने, अग्निशमन उपकरण एक्सपायर मिलने और केयर टेकर का पुलिस सत्यापन नहीं होने जैसी खामियां मिलीं। एसडीएम ने कहा कि होम स्टे नियमावली का उल्लंघन मिलने पर कुटुंब होम स्टे का पंजीयन निरस्त करने की संस्तुति की गई है। इस दौरान तहसीलदार कुलदीप पांडे समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

अब नोटिस जारी कर जवाब तलब होगा

डीएम ने बताया कि सभी अनियमितताओं की विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाएगी। अवैध/मानकों के विपरीत संचालित 169 होम स्टे/गेस्ट हाउस को नोटिस जारी कर प्रत्युत्तर प्राप्त किया जाएगा। इसके बाद नियमानुसार लाइसेंस निरस्तीकरण सहित अन्य कठोर कार्रवाई की जाएगी। यह अभियान नियमों का पालन सुनिश्चित कराने एवं स्थानीय लोगों के हितों की रक्षा के लिए आगे भी जारी रहेगा।

दो नशा मुक्ति केंद्र किए बंद कई पर कार्रवाई की तलवार

वरिष्ठ संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: जिले में संचालित नशा मुक्ति केंद्रों की कार्यप्रणाली पर उठे सवालों के बाद स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। जांच में सामने आया कि जिले में चल रहे कई केंद्र बिना तय मानकों और पंजीकरण प्रक्रिया पूरी किए ही नशा छुड़ाने का दावा कर रहे थे। अनियमितताएं मिलने पर दो नशा मुक्ति केंद्रों को बंद कर दिया गया है, नौ केंद्र अब स्थाई लाइसेंस हासिल करने की प्रक्रिया में जुटे हैं। एक केंद्र को ही लाइसेंस मिला है।

करीब डेढ़ माह पहले कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने शिकायतों के आधार पर एक नशा मुक्ति केंद्र में छापा मारा था। निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाओं में गंभीर खामियां मिलने पर उन्होंने जिले के सभी नशा मुक्ति केंद्रों की जांच के निर्देश दिए। इसके बाद सीएमओ डॉ. हरीश चंद्र पंत के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन की संयुक्त टीम गठित कर व्यापक जांच अभियान चलाया गया।

जांच में यह तथ्य सामने आया कि स्मैक, चरस, शराब, डोडा, अफीम, नशे के इंजेक्शन, नशीली

- **बिना लाइसेंस चल रहे थे नशा मुक्ति केंद्र, जांच के बाद प्रशासन ने की कार्रवाई**

गोलियां, गांजा और डायलूटर जैसी लत छुड़ाने का दावा करने वाले कई केंद्रों के पास वैध पंजीकरण तक नहीं था। इन केंद्रों में मरीजों का उपचार किस पद्धति से किया जा रहा था और वहां क्या सुविधाएं उपलब्ध थीं, इसकी स्पष्ट जानकारी न तो स्वास्थ्य विभाग के पास थी और न ही प्रशासन के पास। स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट के अनुसार जिले में कुल 12 नशा मुक्ति केंद्र संचालित हो रहे थे, लेकिन रिन्यूवल न कराने के कारण उमंग फाउंडेशन और नव प्राणाधार ट्रस्ट को बंद कर दिया गया। फिलहाल जिले में 10 केंद्र संचालित हैं। इनमें गौलापार स्थित निर्मल दर्शन चैरिटेबल ट्रस्ट को ही स्थाई लाइसेंस मिला है, जबकि बाकी केंद्रों ने आवश्यक दस्तावेज अपलोड कर आवेदन किया है। बाकी केंद्रों में जो कमियां मिली हैं उनको दूर करने का समय दिया गया है। इसके अलावा मुखानी स्थित संकल्प नशा मुक्ति केंद्र को भी बंद करवा दिया गया है।

कैंची धाम मार्ग पर जाम से जनता त्रस्त यूकेडी ने दी आंदोलन की चेतावनी

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचारः उत्तराखंड क्रांति दल के केंद्रीय उपाध्यक्ष भुवन चन्द्र जोशी के नेतृत्व में सोमवार को सिटी मजिस्ट्रेट हल्द्वानी के माध्यम से शासन को ज्ञापन भेजा गया। ज्ञापन में कैंची धाम क्षेत्र में पिछले तीन वर्षों से लग रहे जाम, जंगली जानवरों के हमलों, महिलाओं पर बढ़ते अत्याचार जैसी गंभीर समस्याओं पर चिंता व्यक्त करते हुए शीघ्र समाधान की मांग की गई।

ज्ञापन में कहा गया कि कैंची धाम में लगने वाले भीषण जाम के कारण स्थानीय लोगों का जनजीवन दुरूह हो गया है। लोगों को हल्द्वानी आने-जाने से पहले कई बार सोचना पड़ता है। मरीज घंटों तक जाम में

हल्द्वानी में सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते उक्रांद कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

फंसे रहते हैं, यात्रियों की ट्रेनें छूट जाती हैं और आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही यह भी कहा गया कि प्रदेश में लगातार जंगली जानवरों के हमलों से लोगों की मौतें हो रही हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में भय है। वहीं महिलाओं पर बढ़ते अत्याचार और यौन अपराधों की घटनाओं पर भी चिंता जताई गई। चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का जल्द निराकरण नहीं हुआ तो संगठन आंदोलन करेगा। इस दौरान गंगा सिंह मेहरा, एनडी तिवारी, मोहन कांडपाल, मोहन सिंह नेगी, मदन सिंह मेर, दीपक भारती, परवीन जोशी रहे।

देवला तल्ला ग्रामदेवी मंदिर में चोरी, मूर्ति भी ले गए चोर

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : ग्राम पंचायत देवला तल्ला पजांया बागजाला गौलापार क्षेत्र में स्थित ग्रामदेवी मंदिर में चोरी की घटना सामने आने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। ग्राम प्रधान बालम सिंह नौला ने थाना काठगोदाम में शिकायती पत्र देकर जल्द कार्रवाई की मांग की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 9 मई 2026 को प्रातः 11 बजे से सायं 6 बजे के बीच अज्ञात चोर मंदिर से तांबे का कलश, तांबे के नाग देवता, अग्रकुंडी, पंचपात्र, पीतल का दीप तथा आरती में प्रयुक्त करीब 15 तांबे के पात्र चोरी कर ले गए। ग्रामीणों का कहना है कि इससे पहले भी मंदिर में चोरी की

- **मंदिर में दिनदहाड़े चोरी की वारदात से ग्रामीणों में आक्रोश**
- **ग्रामवासियों ने काठगोदाम कोतवाली पहुंचकर दी तहरीर**

घटनाएं हो चुकी हैं, जिसकी सूचना पुलिस को दी गई थी। मंदिर परिसर में सीसीटीवी फुटेज होने के बावजूद अभी तक चोरों का पता नहीं चल सका है। ग्राम प्रधान बालम सिंह नौला ने जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी की मंग की। साथ ही ग्रामसभा क्षेत्र में बाहर से आने वाले लोगों का सत्यापन करने की भी मांग की। इस दौरान क्षेत्र पंचायत सदस्य रेखा नगरकोटी, बीडीसी सदस्य प्रतिनिधि राम सिंह नगरकोटी, सांसद प्रतिनिधि त्रिलोक सिंह नौला एवं तेज सिंह रहे।

पानी पीने पर बवाल, डीजे चला रहे दो सगे भाइयों पर हुआ हमला

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: गौलापार क्षेत्र में एक शादी समारोह के दौरान पानी पीने को लेकर शुरू हुआ विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। आरोप है कि डीजे संचालन कर रहे दो सगे दलित भाइयों के साथ बारात पक्ष के कुछ लोगों ने मारपीट की और जातिसूचक टिप्पणियां कीं। घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसका उपचार एसटीएच में चल रहा है।

देवला मल्ला निवासी उमेश चंद टम्टा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 10 मई की रात गांव में आयोजित विवाह समारोह में उसका भाई शुभम टम्टा डीजे संचालित कर रहा था। उमेश का

- **शादी समारोह में जातिसूचक टिप्पणियों का आरोप, कोतवाली में प्रदर्शन**
- **एक युवक को चाकू मारने की भी बात, पुलिस ने चार को हिरासत में लिया**

साला भी उसके साथ सहयोग कर रहा था। इसी दौरान शुभम ने पास में रखे बर्तन से पानी पी लिया, जिस पर वहां मौजूद कुछ युवकों ने आपत्ति जताई।

आरोप है कि बात बढ़ने पर युवकों ने शुभम के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी और देखते ही देखते कई लोग वहां पहुंच गए। पीड़ित पक्ष का कहना है कि आरोपियों ने जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए शुभम को बेरहमी से पीटा। घटना की जानकारी मिलने पर उमेश मौके पर पहुंचा तो उसके साथ भी मारपीट की गई। आरोप है कि इस दौरान उसके सिर पर चाकू से हमला किया गया। मारपीट में घायल शुभम को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका उपचार जारी है। घटना से नाराज ग्रामीणों और महिलाओं ने काठगोदाम कोतवाली पहुंचकर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। काठगोदाम थाना प्रभारी विमल मिश्रा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। घटना में नामजद चार लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

डीएल में मोबाइल अपडेट के लिए नाम मिलान जरूरी

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : उत्तराखंड परिवहन विभाग ने ड्राइविंग लाइसेंस सेवाओं को अधिक सुरक्षित और पारदर्शी बनाने के लिए नई एसओपी लागू की है।

अब ड्राइविंग लाइसेंस में मोबाइल नंबर अपडेट कराने के लिए आधार कार्ड और डीएल में दर्ज नाम का पूरी तरह समान होना जरूरी होगा। विभाग के अनुसार यदि दोनों दस्तावेजों में नाम का एक भी अक्षर अलग पाया गया तो सिस्टम मोबाइल नंबर अपडेट करने की अनुमति नहीं देगा। ऐसे मामलों में आवेदक को पहले ड्राइविंग लाइसेंस में नाम संशोधन कराना होगा। परिवहन विभाग ने बताया कि

- **आधार कार्ड और डीएल में नाम एक समान होना जरूरी**

लाइसेंस रिन्यूअल, डुप्लीकेट डीएल और अन्य ऑनलाइन सेवाओं के लिए रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर ओटीपी आना अनिवार्य है। इसलिए मोबाइल नंबर अपडेट रखना जरूरी होगा। यदि आधार और डीएल में नाम अलग-अलग हैं तो आवेदक को शपथ पत्र जमा करना होगा। दस्तावेजों के सत्यापन के बाद ही नाम में सुधार किया जाएगा। वाहन की आरसी में भी मोबाइल नंबर अपडेट रखना अनिवार्य होगा। आरटीओ प्रशासन डॉ. गुरदेव सिंह ने बताया कि नई व्यवस्था फर्जीवाड़े पर रोक लगाने और रिकॉर्ड की सटीकता के उद्देश्य से लागू की गई है।

खनन कारोबारी ने किया महिला दरोगा पर कार चढ़ाने का प्रयास

वरिष्ठ संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : शहर में रात्रि चेकिंग के दौरान एक खनन कारोबारी की दबंगई सामने आई। तिकोनिया स्थित एक ढाबे के बाहर काली फिल्म लगी कार का चालान कर रही महिला चौकी प्रभारी पर आरोपी ने कार चढ़ाने की कोशिश कर दी। चौकी प्रभारी ने पीछे की ओर छलांग लगाकर किसी तरह अपनी जान बचाई। घटना के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया।

भोटिया पड़ाव चौकी प्रभारी आरती सचदेवा रविवार रात पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में चेकिंग अभियान चला रही थीं। इसी दौरान तिकोनिया के पास एक ढाबे के बाहर खड़ी काली

- **तिकोनिया में सनसनीखेज वारदात, देख लेने की दी धमकी**

फिल्म लगी कार में कुछ लोग बैठे मिले। पूछताछ के बाद चौकी प्रभारी ने चालक से वाहन के शीशों पर लगी काली फिल्म हटाने को कहा। आरोप है कि चालक इस बात पर भड़क गया और महिला दरोगा से बहस करने लगा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आरोपी ने खुद को प्रभावशाली बताते हुए महिला दरोगा को ट्रांसफर कराने और "देख लेने" की धमकी दी। इतना ही नहीं, वह वरिष्ठ अधिकारियों से बात कराने की भी धमकी देता रहा। इसके बावजूद चौकी प्रभारी ने कार्रवाई जारी रखते हुए कार के शीशों से काली फिल्म उतरवा दी।

पुलिस के मुताबिक, कार्रवाई पूरी होने के बाद चौकी प्रभारी चालान मशीन लेने सरकारी वाहन की ओर जा रही थीं। तभी आरोपी ने अचानक कार स्टार्ट कर उनकी ओर तेज गति से वाहन बढ़ा दिया। दरोगा ने पीछे हटकर किसी तरह खुद को बचाया। घटना के दौरान आरोपी द्वारा धमकाने का वीडियो भी सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि आरोपी लालकुआं क्षेत्र का खनन कारोबारी है। मामले में चौकी प्रभारी की ओर से कोतवाली पुलिस को तहरीर दी गई है। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

पाइप लाइन शिफ्टिंग से पेयजल आपूर्ति ठप

हल्द्वानी : काठगोदाम क्षेत्र की इंदिरा कॉलोनी और बद्रीपुरा में सड़क चौड़ीकरण कार्य के चलते पेयजल आपूर्ति प्रभावित हो गई है।

नरीमन चौराहे से गौलापुल तक चल रहे निर्माण कार्य के कारण जल संस्थान की लगभग 300 मीटर लंबी दो इंच चौड़ी पाइपलाइन को स्थानांतरित किया जा रहा है, जिससे क्षेत्र के करीब 50 परिवारों को पिछले एक सप्ताह से पानी की दिक्कत झेलनी पड़ रही है। पाइपलाइन शिफ्टिंग के कारण कई घरों में जल आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई है। स्थिति को संभालने के लिए जल संस्थान की ओर से टैंकर के माध्यम से पेयजल आपूर्ति की जा रही है, लेकिन स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्हें टैंकर से पानी लेकर ऊपर की मंजिलों तक पहुंचाने में परेशानी हो रही है।

दीपक हत्याकांड में दो और आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार: तल्लीताल थाना क्षेत्र में दीपक उपाध्याय उर्फ दिनेश की हत्या मामले में पुलिस ने कार्रवाई तेज करते हुए दो अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया है। इससे पहले मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। अब तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

जानकारी के अनुसार 23 अप्रैल को शौर्य रिसोर्ट, भुजियाघाट के जनरल मैनेजर भावेश पांडे ने थाना तल्लीताल में शिकायत दर्ज कराई थी कि होटल में कार्यरत दीपक उर्फ दिनेश उपाध्याय 22 अप्रैल को छुट्टी लेकर गया था, लेकिन वापस नहीं लौटा। परिजनों से संपर्क करने पर पता चला कि वह घर भी नहीं पहुंचा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसओ मनोज नयाल के नेतृत्व में पुलिस, एसडीआरएफ, फायर सर्विस, डॉग स्क्वॉड और ड्रोन टीम की मदद से सर्च अभियान चलाया गया। 27 अप्रैल को युवक का शव खाई में बरामद हुआ था।

जांच में पता चला कि घटना के दौरान आरोपी शराब के नशे में थे। मुख्य आरोपी कमल सिंह बिष्ट निवासी सौड़ ने पूछताछ में स्वीकार किया था कि विवाद के बाद उसने दीपक को खाई में धक्का दे दिया। आगे की जांच में पुलिस ने सौड़ निवासी रोहित सिंह बिष्ट और रोहित सिंह को भी गिरफ्तार कर लिया।

राजनीति

मिशन-2027 को लेकर भाजपा ने कसी कमर, विपक्ष की नाकामियों को भी गिनाएंगे

सरकार की उपलब्धियां लेकर जनता के बीच जाएगी भाजपा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : उत्तराखंड में विधानसभा चुनाव-2027 के लिए राजनैतिक दलों विशेषकर सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी ने अभी से कमर कस ली है। प्रदेश से बूथ स्तर तक टीम को मजबूत किया जा रहा है जो राज्य सरकार की उपलब्धियां लेकर जनता के बीच जाएंगी। वहीं, विपक्ष कांग्रेस की नाकामियों को भी जनता के सामने लाने की रणनीति बनाई गई है।

देवभूमि में वैसे तो सियासी महासंग्राम इस वर्ष के अंत में हो सकता है लेकिन तैयारियां छह माह पूर्व से ही शुरू हो गई हैं। एक ओर जहां भाजपा, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ समेत अन्य के जिताऊ चेहरों को चुनने के लिए गोपनीय सर्वे शुरू कर दिया है। दूसरी ओर पिछले 10 वर्षों से सत्ता में काबिज भाजपा ने जनता के बीच जाने के लिए भी मंथन किया जा रहा है। पदाधिकारियों का दावा है कि देश का पहला समान नागरिक संहिता, नकल अध्यादेश, बहुप्रतीक्षित जमरानी बांध, किच्छा में एम्स, सुगम व सुरक्षित चारधाम यात्रा और ऑलवेदर रोड प्रोजेक्ट, देहरादून-दिल्ली एक्सप्रेस वे समेत कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हैं जिनको बूथ से प्रदेश स्तर तक के पदाधिकारी घर-घर जाकर गिनाएंगे। इसी के साथ ही कांग्रेस का धर्म विशेष को लेकर तुष्टिकरण, तालमेल की कमी, अंदरुनी कलह, शासन के समय की नाकामियों को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा।

जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट ने कहा कि संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत किया जा रहा है। आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी जा रही हैं, जनसंपर्क अभियान तेज किया जाएगा। हम यूसीसी, जमरानी बांध, सड़क चौड़ीकरण, शहरों के सुंदरीकरण, रोजगार जैसी सैकड़ों उपलब्धियों को लेकर जनता के बीच जाएंगे और इसी दम पर मिशन-2027 को फतेह भी करेंगे। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष के पास कोई ठोस मुद्दा नहीं है, इसलिए वह जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रहा है।

हाल ही में चम्पावत में नाबालिग से बलात्कार प्रकरण में उनका पर्दाफाश हो चुका है।

गैरसैंण राजधानी, रोजगार व भ्रष्टाचार को मुद्दा बनाएगा उक्रांद

हल्द्वानी : आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर उत्तराखंड क्रांति दल राज्य आंदोलन की मूल अवधारणा के आधार पर मैदान में उतरने को तैयार है। पार्टी राज्य आंदोलन की मूल अवधारणा को बचाने के लिए संघर्ष कर रही है। पार्टी के प्रमुख मुद्दों में गैरसैंण को स्थायी राजधानी घोषित करने, सख्त भू-कानून लागू करने, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार समाप्त करना आदि शामिल हैं। यूकेडी के केंद्रीय महामंत्री सुशील उनियाल ने कहा कि उनकी पार्टी सत्ता में आने पर जल, जंगल और जमीन पर स्थानीय लोगों को अधिकार दिलाएगी। वन पंचायतों को मजबूत करने और अवैध खनन पर सख्त रोक लगाई जाएगी। पलायन को रोकने के लिए गांव आधारित विकास मॉडल तैयार किया जाएगा। पहाड़ी क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और रोजगार की बेहतर व्यवस्था की जाएगी ताकि लोग अपने गांवों में रहकर सम्मान के साथ जीवन जी सकें। मूल निवास 1950 लागू किया जाएगा ताकि सरकारी नौकरियों और संसाधनों पर पहला अधिकार मूल निवासियों का हो। उनियाल ने बताया कि पार्टी आगामी चुनावों को लेकर जमीनी स्तर पर तैयारी में जुटी है। पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की ओर से लगातार जनसंपर्क किया जा रहा है। युवाओं को पार्टी से जोड़ा जा रहा है।

नारी सुरक्षा, पेपर लीक को मुख्य मुद्दा बनाएगी कांग्रेस

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: विधानसभा चुनाव नजदीक आते ही कांग्रेस ने चुनावी तैयारियां तेज कर दी हैं। पार्टी की प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा और प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल लगातार प्रदेश दौरे कर संगठन को मजबूत करने में जुटे हैं।

इन दिनों गढ़वाल क्षेत्र में बैठकों और जनसंपर्क कार्यक्रमों पर फोकस किया जा रहा है। कांग्रेस इस बार नारी सुरक्षा, पेपर लीक, बेरोजगारी और महंगाई को प्रमुख चुनावी मुद्दा बनाने की तैयारी में है। पार्टी का कहना है कि अंकिता भंडारी हत्याकांड को लेकर जनता में अब भी आक्रोश है और मामले में यदि कोई वीआईपी शामिल था तो उसका नाम सामने आना चाहिए।

नारी सुरक्षा की बात करें तो कई भाजपा नेताओं के नाम आरोपियों के तौर पर सामने आए हैं। जनता सब सच जानती है। कुछ भी छुपाने से कुछ नहीं होगा। वहीं, पेपर लीक, बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर कांग्रेस लगातार संघर्ष कर रही है। अगले विधानसभा चुनाव में जनता भाजपा को जबाव देने के लिए तैयार बैठी है। -**राहुल छिम्वाल**, कांग्रेस जिलाध्यक्ष, नैनीताल

इसके अलावा भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक, मनरेगा योजना को कमजोर किए जाने और बढ़ती महंगाई को लेकर भी कांग्रेस भाजपा सरकार पर हमला बोल रही है। गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों को भी पार्टी चुनावी मुद्दा बनाएगी। राज्य से हो रहे पलायन को भी कांग्रेस चुनाव में बड़ा मुद्दा बनाएगी।

निगम को मिले चार नए सफाई निरीक्षक

हल्द्वानी: नगर निगम की सफाई व्यवस्था में सुधार होगा। लंबे समय से खाली पड़े सफाई निरीक्षकों के चार पदों पर नियुक्ति होने के बाद नए निरीक्षकों ने कार्यभार संभाल लिया है।

इससे शहर के 60 वार्डों में सफाई व्यवस्था की मॉनिटरिंग अब बेहतर तरीके से हो सकेगी।

अब तक पूरी सफाई व्यवस्था केवल दो मुख्य सफाई निरीक्षकों के भरोसे चल रही थी। सफाई के साथ अन्य जिम्मेदारियों के कारण नियमित निगरानी प्रभावित हो रही थी। नगर निगम प्रशासन के अनुसार नए निरीक्षकों को जल्द वार्डों की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। वे सफाई और कर्मचारियों की निगरानी करेंगे। निगम के वरिष्ठ स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. चंद्रशेखर तोलिया ने बताया कि नए निरीक्षकों की तैनाती से सफाई व्यवस्था में सुधार देखने को मिलेगा।

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana Ayushman Bharat PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more 9582831744, 9258116087 8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

रामगढ़ स्थित रिसोर्ट में हुआ भाजपा के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 का शुभारंभ

कार्यकर्ताओं को संगठन और विचारधारा का पाठ पढ़ाया

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी नैनीताल जिला इकाई के तत्वावधान में सोमवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 का शुभारंभ रामगढ़ स्थित एक रिसोर्ट में हुआ। दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन आज होगा। पहले दिन छह सत्रों में कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक विषयों, विचारधारा और कार्य विस्तार को लेकर विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया।

शिविर का शुभारंभ प्रदेश संगठन महामंत्री अजेय कुमार, कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा, जिला प्रभारी खिलेंद्र चौधरी, जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, महापौर गजराज बिष्ट और प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र बिष्ट ने दीप प्रज्वलित कर एवं वंदेमातरम गीत के साथ किया। इससे पूर्व भाजपा की विकास यात्रा, विचारधारा और केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियों को दर्शाने वाली प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया। जिलाध्यक्ष बिष्ट ने कहा कि प्रशिक्षण अभियान कार्यकर्ताओं को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करेगा और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाएगा।

प्रथम सत्र में अजेय कुमार ने भाजपा के सैद्धांतिक अधिष्ठान, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और पंच निष्ठाओं पर प्रकाश डाला। दूसरे सत्र में प्रदेश महामंत्री कुंदन परिहार ने भाजपा के ऐतिहासिक विकास की जानकारी दी। तीसरे सत्र में दर्जा राज्यमंत्री सुरेश भट्ट ने कार्यकर्ताओं के विकास और अपेक्षाओं पर विचार रखे। चौथे सत्र में विवेक सक्सेना ने भाजपा की संगठनात्मक कार्यपद्धति पर चर्चा की, जबकि पांचवें सत्र में रणदीप पोखरिया ने वर्तमान सामाजिक और राजनीतिक चुनौतियों पर कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। समापन सत्र में प्रदेश महामंत्री दीप्ति रावत भारद्वाज ने संगठन सुदृढ़ीकरण, व्यक्तित्व विकास और कार्य विस्तार पर मार्गदर्शन दिया। शिविर में जनप्रतिनिधि, प्रदेश एवं जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मोर्चा पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

प्रशिक्षण शिविर में मौजूद भाजपा पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि।

बॉक्सर सूरज पटवाल का कुमाऊं रेजीमेंट में चयन

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: चंद्रायल बॉक्सिंग क्लासेस के होनहार बॉक्सर सूरज पटवाल का स्पोर्ट्स कोटे से भारतीय सेना (कुमाऊं रेजीमेंट) में चयन हुआ है।

सूरज पटवाल पिछले 4 वर्षों से चन्द्रयाल बॉक्सिंग क्लासेस के कोच गौरव भंडारी के मार्गदर्शन में निरंतर प्रशिक्षण ले रहे हैं। उनकी मेहनत, अनुशासन और समर्पण का यह शानदार परिणाम आया है। सूरज पटवाल की यह सफलता सभी युवा खिलाड़ियों के लिए भी प्रेरणा है कि लगन, मेहनत और सही मार्गदर्शन से हर मुकाम हासिल किया जा सकता है। उत्तराखंड के खिलाड़ियों के इस शानदार प्रदर्शन पर बॉक्सिंग के जनक मुखर्जी निर्वाण, प्रदेश बॉक्सिंग एसोसिएशन के महासचिव गोपाल खोलिया, कोषाध्यक्ष नवीन टम्टा, अंतर्राष्ट्रीय कोच देवेंद्र चंद भट्ट, बॉक्सिंग कोच पुष्पा कार्की धर्मवाल, बिमला शर्मा, भूपेश भट्ट, पंकज कुमार, राष्ट्रीय रेफरी संजय अधिकारी सहित सभी खेल प्रेमियों ने बधाई दी है।

कोच गौरव भंडारी के साथ सूरज पटवाल।

- स्पोर्ट्स कोटे से हुआ चयन, लोगों ने दी बधाई

गौला व शारदा नदी में बढ़ा खनन लक्ष्य, बढ़ेगा राजस्व

गौला नदी में 7.50 लाख घनमीटर बढ़ाया गया खनन का लक्ष्य

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: शासन ने आकलन के बाद गौला और शारदा नदी में खनन का लक्ष्य बढ़ा दिया है। ऐसे में 31 मई के बाद भी दोनों नदियों में खनन कार्य जारी रहने की संभावना है। उपखनिज निकासी बढ़ने से सरकार को अतिरिक्त राजस्व मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

औद्योगिक विकास खनन विभाग के अपर सचिव लक्ष्मण सिंह ने बताया कि भारतीय मृदा एवं जल संरक्षण संस्थान, देहरादून द्वारा खनन सत्र 2025-26 के लिए आरबीएम का आकलन किया गया था। प्रारंभिक आकलन में गौला नदी से 43,65,946.59 घनमीटर उपखनिज निकासी का लक्ष्य तय किया गया था। बाद में स्थलीय निरीक्षण के बाद इसमें अतिरिक्त 7.50 लाख घनमीटर की वृद्धि की गई है। अब नदी से कुल 51,15,946.59 घनमीटर उपखनिज निकासी की जाएगी।

उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार की शर्तों के अनुसार गौला नदी से अधिकतम 54.25 लाख घनमीटर उपखनिज निकासी की अनुमति है। सामान्यतः नदी से 40 से 45 लाख घनमीटर तक खनन होता है, जिससे करीब 100 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त होता है। इस बार लक्ष्य बढ़ने से आय में और बढ़ोतरी होने की संभावना है। इसी तरह शारदा नदी में पहले 3,35,116.39 घनमीटर खनन लक्ष्य निर्धारित था। दोबारा आकलन के बाद इसमें 51,326 घनमीटर की अतिरिक्त निकासी की संस्तुति की गई है। अपर सचिव ने संबंधित जिलाधिकारियों को शासनादेश जारी कर नियमानुसार खनन कराने के निर्देश दिए हैं।

गौला नदी में 31 मई के बाद जारी रह सकता है खनन

तराई पूर्वी वन प्रभाग के डीएफओ हिमांशु बागरी ने बताया कि गौला नदी से 10 मई तक 42,48,846 .62 घनमीटर उपखनिज निकासी हो चुकी है, जबकि 8,67,099 .97 घनमीटर आरबीएम अभी शेष है। ऐसे में संभावना है कि निर्धारित लक्ष्य पूरा करने के लिए 31 मई के बाद भी खनन कार्य जारी रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि शासन की ओर से तय लक्ष्य को शत-प्रतिशत पूरा किया जाएगा।

घरों का पानी सड़क पर डालने पर होगा चालान

हल्द्वानी : घरों का गंदा पानी सड़क पर डालने वालों के खिलाफ नगर निगम ने सख्ती शुरू कर दी है। निगम की ओर से ऐसे घरों को चिन्हित कर नोटिस भेजे जा रहे हैं। साथ ही लोगों को चेतावनी दी गई है कि यदि इसके बाद भी नियमों का पालन नहीं किया गया तो चालानी कार्रवाई की जाएगी।

नगर निगम को लगातार कई वार्डों से शिकायतें मिल रही थीं कि कुछ लोग घरों का गंदा पानी सीधे सड़क पर बहा रहे हैं। सड़कों पर गंदगी जमा होने से मच्छरों के पनपने और बीमारियां फैलने का खतरा भी बढ़ रहा है। निगम की ओर से कई बार मौखिक रूप से समझाने और चेतावनी देने के बावजूद लोग गंदा पानी सड़क पर डाल कर रहे हैं। यही वजह है कि अब लिखित नोटिस भेजने की कार्रवाई शुरू की गई है। सबसे ज्यादा शिकायतें वार्ड नंबर 36 और वार्ड नंबर 10 से सामने आई हैं। दोनों वार्डों के पार्षदों ने वरिष्ठ स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. चंद्रशेखर तोलिया को लिखित शिकायत देकर ऐसे घरों को चिन्हित कर कार्रवाई करने की मांग की है। डॉ. तोलिया ने बताया कि फिलहाल लोगों को नोटिस भेजे जा रहे हैं। इसके बाद भी सड़क पर गंदा पानी डाला तो चालान काटा जाएगा।

यूयूएसडीए कार्यालय में ज्ञापन सोंपते मल्लीबमौरीवासी।

पेयजल की लाइन शिफ्ट करने का विरोध किया

संवाददाता, हल्द्वानी

- मल्ली बमौरी के लोगों ने पार्षद के नेतृत्व में सौंपा ज्ञापन

अमृत विचार: नगर निगम के वार्ड-48 के पार्षद मुकुल बल्यूटिया के नेतृत्व में मल्ली बमौरी क्षेत्र के लोगों ने सोमवार को यूयूएसडीए कार्यालय पहुंचकर अधिकारियों और कर्मचारियों का घेराव किया। इस दौरान क्षेत्रवासियों ने ज्ञापन सौंपते हुए मुख्य पेयजल लाइन को शिफ्ट करने का विरोध जताया।

लोगों का कहना था कि मल्ली बमौरी क्षेत्र की मुख्य पेयजल लाइन हटाई जा रही है। यदि लाइन को दूसरी जगह शिफ्ट किया गया तो हजारों परिवारों के सामने पेयजल संकट खड़ा हो जाएगा। क्षेत्रवासियों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि किसी भी स्थिति में पेयजल लाइन को शिफ्ट नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि क्षेत्र में पिछले डेढ़ वर्ष से पेयजल, सीवर लाइन और सड़क निर्माण कार्य अनियमित तरीके से किए जा रहे हैं, जिससे लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने संबंधित विभाग से जल्द से जल्द सभी निर्माण कार्य पूर्ण कराने की मांग की। इस दौरान विनोद दानी, आरएस जलाल, एसएन पांडेय, दीवान सिंह, ललित, दीवान अधिकारी, नीरज जोशी और हितेश सुयाल आदि मौजूद रहे।

बीडी पांडे अस्पताल में उमड़ी मरीजों की भीड़

नैनीताल: नैनीताल में बलते मौसम के बीच लोग बीमार बढ़ने लगा है। जिसके चलते बीडी पांडे अस्पताल में मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है।

अस्पताल प्रबंधन के अनुसार सोमवार को कुल 532 मरीज ओपीडी में उपचार के लिए पहुंचे। वहीं भर्ती मरीजों की संख्या में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई। सोमवार को अस्पताल में 52 मरीज भर्ती रहे। अस्पताल के पीएमएस डॉ. टीके टम्टा ने बताया कि छुट्टी के बाद सामान्य दिनों की तुलना में मरीजों की संख्या अधिक रही।

जेल में 127 कैदियों की हुई टीबी जांच

नैनीताल: भारत सरकार के टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जिला कारागार नैनीताल में विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। सोमवार को नैनीताल जेल में यह शिविर लगाया गया। जिसके तहत 127 कैदियों की एक्सरे जांच की गई। नौ की बलगम जांच भी की गई। शिविर में जिला कारागार अधीक्षक संजीव ह्यांकी, फार्मासिस्ट संजय नैनवाल, अलायंस इंडिया के प्रोग्राम ऑफिसर अनिल रावत, कोऑर्डिनेटर दीपक, एसटी भूपेंद्र सिंह दरमाल आदि रहे।

स्वास्थ्य शिविर में मौजूद पूर्व मेयर प्रत्याशी ललित जोशी व अन्य।

स्वास्थ्य शिविर में 126 लोगों का चिकित्सा परीक्षण

हल्द्वानी : फूलदई जन कल्याण समिति की ओर से राजपुरा वार्ड 13 में निशुल्क स्वास्थ्य व जनसेवा शिविर लगाया गया। जिसमें कुल 126 लोगों ने लाभ उठाया। शिविर में ज्योति नेत्रालय की ओर से आंखों की निशुल्क जांच की गई। साथ ही बीपी-शुगर की जांच भी निशुल्क की गई और जरूरतमंद लोगों को निशुल्क दवाइयां बांटी गईं। इसके अलावा राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, पेंशन और सोलर प्लांट संबंधित कार्यों में भी लोगों की सहायता की गई। इस दौरान जरूरतमंद लोगों को निशुल्क चश्मों का वितरण पूर्व मेयर प्रत्याशी ललित जोशी ने किया। आयोजकों ने कहा कहा कि भविष्य में भी इस तरह के शिविर लगाए जाएंगे।

शिविर में सामाजिक कार्यकर्ता ध्रुव कश्यप, समिति के पदाधिकारी एडवोकेट सुमित नैनवाल, दिनेश मेहरा, शुभम पाल सहित अन्य मौजूद रहे।

एकल माताओं के संघर्ष का सम्मान

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: मदर्स डे के उपलक्ष्य में सोमवार को मृदुला नारी शक्ति क्लब की ओर से "एकल मां साहस व सम्मान समारोह" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य उन महिलाओं को सम्मानित करना था, जिन्होंने एकल मां बनकर परिवार की जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन करते हुए समाज के सामने प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि तनुजा मलकानी रहीं, जो शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय हैं। विशिष्ट अतिथि के रूप में मनीषा सिंह और अरुणा टंडन मौजूद रहीं। इस अवसर पर डॉ. गरिमा ने महिलाओं को स्वास्थ्य, कैंसर जागरूकता और अन्य स्वास्थ्य संबंधी विषयों पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। समारोह में पांच प्रेरणादायक महिलाओं प्रीति बोरा (शिक्षिका), किंशुक गौर (नृत्यांगना), प्रेमा मित्तल (पीएसएन स्कूल संस्थापक), सारिका लाल (फिटनेस जोन एवं जुम्बा ट्रेनर) और हेमा जोशी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान क्लब सदस्यों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से एकल माताओं के संघर्ष, त्याग और साहस को भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया।

क्लब की अध्यक्ष नीतू अग्रवाल ने सभी अतिथियों और सदस्यों का आभार व्यक्त किया, जबकि महासचिव दिपिंका अग्रवाल ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग करने वाले सभी लोगों का धन्यवाद किया। कार्यक्रम का संचालन निधि और पारुल ने किया। इस अवसर पर अंजली अग्रवाल, प्राची अग्रवाल, अनु गोयल, पूजा अग्रवाल, निकिता अग्रवाल रहे।

मृदुला नारी शक्ति क्लब द्वारा मातृ दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद महिलाएं।

पुलिस बहुउद्देशीय भवन का एसएसपी ने किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी ने रविवार को पुलिस बहुउद्देशीय भवन का वार्षिक निरीक्षण कर विभिन्न शाखाओं की कार्यप्रणाली का जायजा लिया। उन्होंने तकनीकी संसाधनों के बेहतर उपयोग, ऑनलाइन सेवाओं को दुरुस्त रखने और जनता से जुड़े मामलों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने भवन में संचालित साइबर सेल, डीसीआरबी, शिकायत प्रकोष्ठ, फाइनेंशियल फ्रॉड यूनिट, टेक्निकल सेल, सूचना सेल, सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल, मोबाइल ऐप शाखा, सिटी कंट्रोल रूम और सीसीटीवी यूनिट का निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न शाखाओं में उपयोग हो रहे तकनीकी संसाधनों, ऑनलाइन सॉफ्टवेयर और रिकॉर्ड प्रबंधन की समीक्षा की। साइबर सेल और फाइनेंशियल फ्रॉड यूनिट में ऑनलाइन ठगी से संबंधित शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई और रिकवरी दर बढ़ाने के निर्देश दिए गए। शिकायत प्रकोष्ठ और मोबाइल ऐप शाखा में आम जनता से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की स्थिति का निरीक्षण किया गया। डीसीआरबी में अपराध अभिलेख, गुमशुदगी रजिस्टर और अन्य रिकॉर्ड का निरीक्षण किया गया। इस दौरान एसपी नैनीताल डॉ. जगदीश चंद्र, एसपी मनोज कुमार कत्याल, एसपी संचार रेवाधर मठपाल, सीओ अमित कुमार रहे।

चेकिंग बिना सीसीटीवी, महिला अटेंडेंट व सुरक्षा उपकरणों के दौड़ते मिले वाहन, 150 चालान, 4 सीज

सड़क सुरक्षा में फिसड्डी निकले निजी स्कूल

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर परिवहन विभाग ने सोमवार को शहर में विशेष चेकिंग अभियान चलाकर नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन संचालकों पर सख्त कार्रवाई की। अभियान के दौरान 150 वाहनों के चालान किए गए, जबकि गंभीर अनियमितताएं पाए जाने पर चार वाहनों को सीज किया गया।

आरटीओ प्रवर्तन एवं सड़क सुरक्षा अरविंद पांडे के निर्देश पर चलाए गए इस अभियान में परिवहन विभाग की प्रवर्तन टीम ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में स्कूली वाहनों की फिटनेस, परमिट, दस्तावेज, सुरक्षा उपकरणों और यातायात नियमों की चेकिंग की। चेकिंग के दौरान कई वाहनों में सुरक्षा मानकों की अनदेखी सामने आई। कुछ वाहनों में वीएलटीडी सही हालत में नहीं मिला, जबकि कई वाहनों में अग्निशमन यंत्र या तो खराब थे या नहीं थे।

कई वाहनों में सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे थे और चालक निर्धारित वर्दी में नहीं मिले। जिन वाहनों में छात्राएं सफर कर रही थीं, उनमें महिला अटेंडेंट मौजूद नहीं थी। इसके अलावा कई वाहनों की नंबर प्लेट मानकों के अनुरूप नहीं मिली।

वाहनों की सीटों की हालत खराब पाई गई और "बच्चे चढ़-उतर रहे हैं" जैसे जरूरी स्लोगन भी नहीं लिखे गए थे। वैध डॉक्यूमेंट न होने, स्पीड लिमिट डिवाइस सही तरीके से काम न करने व अन्य सुरक्षा नियमों के उल्लंघन पर भी चालान हुए। टीम में एआरटीओ (प्रवर्तन) जितेंद्र सांगवान, परिवहन कर अधिकारी पवन कुमार और अनुभा आर्य, परिवहन उपनिरीक्षक आरसी पंवार, गिरीश कांडपाल, नंदन सिंह समेत विभागीय टीम मौजूद रही।

स्कूल बस की चेकिंग करते एआरटीओ प्रवर्तन जितेंद्र सिंगवान व बीईओ तारा सिंह।

आज से काला मास्क पहनकर काम करेंगे एसबीआई के कर्मी

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : अखिल भारतीय स्टेट बैंक ऑफ इंडिया कर्मचारी संघ के आह्वान पर कुसुमखेड़ा स्थित एसबीआई प्रशासनिक कार्यालय में प्रदर्शन किया गया।

सोमवार को प्रशासनिक कार्यालय में हुए प्रदर्शन में एसबीआई स्टाफ एसोसिएशन दिल्ली सर्किल के अध्यक्ष कुलदीप सिंह बवेजा ने कहा कि यह प्रदर्शन पूरे भारतवर्ष में चल रहा है, अगर एसोसिएशन मांगों को नहीं माना गया तो भारत में 25-26 मई को सभी बैंक कर्मी लिपिक और अधीनस्थ वर्ग हड़ताल पर जाएंगे। मंगलवार दोपहर दो बजे से देशभर में बैंक कर्मी काला मास्क पहनकर प्रदर्शन करेंगे। कहा कि स्टाफ एसोसिएशन की मांगें संदेशवाहकों की भर्ती, सशस्त्र गार्डों की भर्ती, एनपीएस कर्मचारियों के लिए पेंशन, प्रबंधक बदलने का विकल्प, स्थाई नौकरियों में आउटसोर्सिंग पर रोक, पर्याप्त कर्मचारी की भर्ती, करियर प्रगति योजना की समीक्षा जैसे अहम मुद्दे हैं। इस दौरान क्षेत्रीय सचिव चन्दन रावत, लोकेश गुरुरानी, राकेश तिवारी, सचिन बल्दिया, गणेश मर्तोलिया, आशीष प्रेमी रहे।

कुसुमखेड़ा में एसबीआई शाखा के बाहर प्रदर्शन करते कर्मचारी।

सिटी ब्रीफ

डॉ. सरस्वती को मिलेगा मठपाल स्मृति पुरस्कार

रामनगर : इस वर्ष का मथुरादत्त मठपाल स्मृति पुरस्कार पिथौरागढ़ निवासी एवं कुमाउनी मासिक पत्रिका आदलि कुशलि की संपादक डॉ. सरस्वती कोहली को प्रदान किया जाएगा। प्रो. गिरीश चंद्र पंत ने बताया कि डॉ. सरस्वती कोहली ने कुमाउनी साहित्य में लोक संस्कृति विषय पर शोध किया है। पुरस्कार 29 जून को स्व. मठपाल की जयंती पर प्रदान किया जाएगा। बैठक में चारु तिवारी, व्यवस्थापक सुरेंद्र हाल्सी, नवेंदु मठपाल, निखिलेश उपाध्याय, नवीन तिवारी, नंदराम आर्य तथा भुवन पपनै रहे।

विमलेश बनीं उपभोक्ता भंडार की अध्यक्ष

रामनगर : उपभोक्ता सहकारी भंडार रामनगर के चुनाव जसवीर सिंह, चुनाव अधिकारी की देखरेख में संपन्न कराए गए। चुनाव में अध्यक्ष पद पर विमलेश अग्रवाल और उपाध्यक्ष पद पर सपना गोयल को निर्वाचित किया गया। नैनीताल जिला सहकारी बैंक के प्रतिनिधि पद पर राकेश अग्रवाल बिसाती एवं अनिल अग्रवाल खुलासा चुने गए, जबकि केंद्रीय उपभोक्ता भंडार प्रतिनिधि के रूप में शशिकांत अग्रवाल चुने गए। नवनियुक्त अध्यक्ष विमलेश अग्रवाल ने कहा कि वह उपभोक्ता भंडार के उत्थान के लिए सभी सहयोगियों के साथ मिलकर कार्य करेंगी। सचिव भुवन रिखाड़ी एवं सहायक सतीश शर्मा का विशेष सहयोग रहा।

कामरेड आनंदी जोशी का निधन, शोक जताया

लालकुआं : बिंदुखत्ता के जनसंघर्षों में सक्रिय भूमिका निभाने वाली कामरेड आनंदी जोशी ने मातृत्व दिवस पर अंतिम सांस ली। उन्हें लाल झंडा ओढ़ाकर अंतिम विदाई दी। वरिष्ठ माले नेता बहादुर सिंह जंगी, आनंद सिंह नेगी, डॉ. कैलाश पांडेय, केके बोरा, विमला रौथाण, किशन बघरी, एड. कैलाश जोशी, प्रकाश फुलोरिया, भुवन जोशी, पुष्कर दुबड़िया रहे।

मासिक परीक्षा तिथि में बदलाव करने की मांग

रामनगर : उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ ने मासिक परीक्षा समय-सारणी में बदलाव की मांग की है। नैनीताल जिलाध्यक्ष मनोज तिवारी ने कहा कि वर्तमान में अभी तक सभी विद्यालयों को सभी विषयों की पाठ्यपुस्तकें प्राप्त नहीं हुई हैं। जनगणना के चलते अधिकांश विद्यालय एकल शिक्षक अथवा कामचलाऊ व्यवस्था के सहारे संचालित हो रहे हैं। ऐसे में मई माह में परीक्षा का संचालन कौन करेगा। इस माह की परीक्षा स्थगित कर बदलाव करने की मांग की है।

सारा की समीक्षा बैठक लेते मुख्य विकास अधिकारी अरविंद पांडे। ● अमृत विचार

मुख्य विकास अधिकारी ने सारा की समीक्षा की

भीमताल, अमृत विचार : विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी अरविंद पांडे की अध्यक्षता में सारा (स्प्रिंग एंड रिवर रीजूवनेशन अथॉरिटी) नैनीताल की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सदस्य सचिव द्वारा जनपद में सारा अंतर्गत संचालित योजनाओं की प्रगति प्रस्तुत की गई तथा 15 योजनाओं की स्थिति से अवगत कराया गया। सीडीओ ने सूखे गधेरों एवं जल स्रोतों का सर्वे कर उन्हें पुनर्जीवित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योजनाओं में किसी प्रकार की डुप्लीकेसी न हो, इसके लिए सभी विभागों से एनओसी ली जाए तथा कार्यों की पूर्व एवं उपरांत फोटोग्राफ अनिवार्य रूप से रखी जाएं। सीडीओ ने गौला नदी के समग्र क्षेत्र का चिन्हांकन कर विस्तृत परियोजना रिपोर्ट 20 मई 2026 तक प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि लघु सिंचाई विभाग को रिचार्ज पिट निर्माण हेतु 62.4 लाख रुपये, वन विभाग को शिप्रा नदी कैचमेंट में गधेरों के उपचार हेतु 66.15 लाख रुपये तथा भालूगाड़ जलप्रपात के पुनर्जीवन हेतु 50.34 लाख रुपये अवमुक्त किए गए हैं। उन्होंने सभी विभागों को जल स्रोत संरक्षण, ताल निर्माण, मॉडल नौला पुनर्जीवन एवं चेक डैम निर्माण को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। बैठक में विभिन्न विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

ऑनलाइन गेमिंग में पैसों के लेन-देन में आत्महत्या करने वाले युवक के पिता को झांसे में लेने का किया प्रयास

कोतवाल बोल रहा हूं, 20 हजार मैनेज करो, काम हो जाएगा

- साइबर ठग ने पीड़ित पिता को फोन कर मांगा पैसा
- फोन करने वाले साइबर ठग ने खुद को बताया कोतवाल

संवाददाता, कालाढूंगी

अमृत विचार: साइबर ठग अब इतने एक्टिव हो चुके हैं कि लोगों को लूटने के लिए हर दिन नए तरीके अपना रहे हैं। साइबर अपराधियों के नए तरीकों से बचने के लिए सतर्क रहना बहुत जरूरी है। ठग सीबीआई, ईडी या पुलिस बनकर सारी डिटेल लेकर लोगों को कॉल कर गुमराह कर फंसाते हैं।

ऐसा ही ताजा मामला कोटाबाग में आया है जिसमें साइबर ठग मृतक के पिता को फोन कर कह रहा है कि कोतवाल बोल रहा हूं 15-28 हजार मैनेंज कर कॉल करो, काम हो जाएगा, लेकिन सूझबूझ व पैसा न होने ग्रामीण ठगी का शिकार होने से बच गया। विगत 6 मई को सरपंच धन सिंह निवासी थपलियागाजा कोटाबाग के बेटे जगदीश (17) ने ऑनलाइन गेमिंग में पैसों के लेन-देन में जहर खाकर आत्महत्या कर ली थी। धन सिंह ने नामजद लिखित तहरीर देकर रुपयों को लेकर बेटे का उत्पीड़न का आरोप लगाया था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

इसी का फायदा उठाते हुए बीते दिन धन सिंह को बयान के लिए

पुलिस चौकी जाते समय एक अज्ञात नंबर से फोन आता है। जिसमें साइबर ठग ने कहा कि अभय गुप्ता के नाम पर शिकायत दर्ज कराई है। क्या मैटर हुआ था, जहर किसने खाया था, लड़का एक्सपायर हो गया क्या। धन सिंह ने सारी जानकारी बताई। तो साइबर ठग कहता है कि अभय गुप्ता जेल पहुंच गया या नहीं, उसे जेल पहुंचाना है या नहीं पहुंचाना, बच्चा तो एक्सपायर हो गया उसे लौटाया तो नहीं जा सकता है। बच्चे का 15 लाख का क्लेम बन रहा है। अभय गुप्ता को एक-दो धाराएं बढ़ाकर गिरफ्तार कर रिमांड पर लेकर जेल ले जा रहे हैं। थोड़ा परमिशन नहीं मिल पा रही है महिला पुलिस तो नहीं ले जा पायेगी। टैपों बुलाना पड़ेगा जिसमें 15-20 हजार का खर्चा आयेगा आपको देना पड़ेगा। फिर सारा दिलाएंगे आपको। धन सिंह ने कहा में तो अभी चौकी जा रहा हूं। साइबर ठग कहता मैं कह रहा हूं ना कि चौकी नहीं जाना है आपको। शाम को जाना आपके बयान होंगे। अरे मैंने मना कर दिया न थाना इंचार्ज तो मैं हूं। ऐसे में धन सिंह कहते हैं राणा जी का फोन आया था। साइबर ठग कहता देवेन्द्र सिंह राणा चौकी इंचार्ज जांच अधिकारी है। मैं उनका सीनियर अरुण कुमार सैनी बात कर रहा हूं। इनको गिरफ्तार करवा रहा हूं। इसके बाद में आना है आपको। अभी 17-20 हजार मैनेंज कर पांच दस मिनट में कॉल करो। पैसे नहीं होने पर आंधे घंटे में इंतजाम कर फोन करने को कहा गया। जिसके बाद धन सिंह चौकी पहुंचकर सारी बात एसआई देवेन्द्र राणा को बताई। वहां से फोन करने पर नंबर स्विच ऑफ आने लगा।

मंडल आयुक्त के निरीक्षण में मिलीं खामियां

वर्षों पुराने लंबित वादों पर जताई नाराजगी, मंडल आयुक्त ने लापरवाह कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई के दिए निर्देश

- तहसील और एसडीएम कार्यालय का किया निरीक्षण
- सब-रजिस्ट्रार से स्पष्टीकरण किया तलब

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार: कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने सोमवार को नैनीताल स्थित उपजिलाधिकारी कार्यालय, तहसील कार्यालय और सब-रजिस्ट्रार कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान राजस्व मामलों के निस्तारण में भारी लापरवाही, वर्षों से लंबित वाद, अभिलेखों के रखरखाव में अनियमितताएं और कार्यों की धीमी प्रगति सामने आने पर आयुक्त ने अधिकारियों और कर्मचारियों को कड़ी फटकार लगाई। साथ ही लापरवाही बरतने वाले कार्मिकों के खिलाफ कारण बताओ नोटिस, प्रतिकूल प्रविष्टि और अनुशासनात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने उपजिला मजिस्ट्रेट न्यायालय में लंबित राजस्व वादों की समीक्षा की। इस दौरान धारा 229-बी के तहत कई ऐसे मामले सामने आए जो पिछले 15 से 20 वर्षों से लंबित

तहसील और रजिस्ट्रार कार्यालय का निरीक्षण करते आयुक्त दीपक रावत। ● अमृत विचार

चल रहे हैं। इस पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने उपजिलाधिकारी को निर्देश दिए कि पुराने मामलों में अनावश्यक लंबी तिथियां देने की प्रवृत्ति बंद की जाए और हर सप्ताह नियमित सुनवाई कर मामलों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जनता को न्याय के लिए वर्षों तक कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने पड़ने चाहिए। आयुक्त ने धारा 176 से संबंधित संपत्ति बंटवारे के मामलों की समीक्षा भी की।

जांच में पाया गया कि कई मामलों में उपजिलाधिकारी द्वारा आदेश जारी किए जाने के बावजूद संबंधित पटवारियों ने कुर्रे दाखिल नहीं किए। इस पर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए ऐसे कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने तथा आवश्यकतानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

धारा 143 के अंतर्गत कृषि भूमि को अकृषक घोषित किए जाने से जुड़े लंबित आवेदनों की समीक्षा के दौरान भी कई खामियां सामने आईं। राजस्व अहलमद रोहित पालीवाल द्वारा 143 से संबंधित आवेदनों की समुचित जानकारी न रखे जाने, पत्रावलियों और अभिलेखों का सही ढंग से रखरखाव न करने तथा कार्यों में लापरवाही बरतने पर आयुक्त ने नाराजगी जताई। उन्होंने उपजिलाधिकारी नैनीताल को संबंधित कर्मचारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने और प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए। निरीक्षण में यह भी सामने आया कि कई राजस्व निरीक्षक और उप निरीक्षक समय पर कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। आयुक्त ने ऐसे अधिकारियों और कर्मचारियों की सूची तैयार कर उनके खिलाफ भी प्रतिकूल प्रविष्टि दर्ज करने को कहा। उन्होंने सम्मन तामिली पंजिका, इश्तहार पंजिका और अन्य अभिलेखों का भी निरीक्षण किया, जिसमें कई अनियमितताएं पाई गईं। दीपक रावत ने उपजिलाधिकारी और तहसीलदार को फटकार लगाते हुए निर्देश दिए कि तहसील क्षेत्र के सभी राजस्व निरीक्षकों और उप निरीक्षकों के साथ बैठक कर धारा 143 से जुड़े लंबित मामलों का तत्काल निस्तारण किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जब तक कार्रवाई पूरी नहीं हो जाती, कार्यालय खुला रखा जाए और अद्यतन रिपोर्ट उन्हें उपलब्ध कराई जाए। आयुक्त ने कहा कि जनहित से जुड़े मामलों में अनावश्यक विलंब किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने सभी लंबित वादों को आरसीएमएस पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश भी दिए, ताकि मामलों की ऑनलाइन मॉनिटरिंग हो सके। निरीक्षण के दौरान उन्होंने धारा 210, 209, 166, 167 सहित विभिन्न राजस्व वादों की पत्रावलियों और पंजिकाओं का अवलोकन कर लंबित मामलों की स्थिति जानी। इसके बाद आयुक्त ने सब-रजिस्ट्रार कार्यालय का निरीक्षण किया। यहां रजिस्ट्री दस्तावेजों और अभिलेखों के रखरखाव में गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। जांच में पाया गया कि जमीन की रजिस्ट्री के बाद संबंधित क्रेताओं को दस्तावेज देने के लिए रिसिविंग पंजिका तक उपलब्ध नहीं थी। कई रजिस्ट्रियों का विवरण मौके पर उपलब्ध न होने पर आयुक्त ने कड़ी नाराजगी जताई और अभिलेखों के अद्यतन रखरखाव के निर्देश दिए। साथ ही सब-रजिस्ट्रार से स्पष्टीकरण भी तलब किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी सौरभ असवाल, प्रशिक्षु आईएएस दिव्यांशु मीणा, तहसीलदार अक्षत कुमार भट्ट समेत संबंधित अधिकारी- कर्मचारी मौजूद रहे।

नैनीताल बैंक कर्मियों का मांगों को लेकर प्रदर्शन

नैनीताल बैंक के हेड ऑफिस परिसर में प्रदर्शन करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार: नैनीताल बैंक स्टाफ एसोसिएशन ने सोमवार को बैंक प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए बैंक के हेड ऑफिस परिसर में प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने प्रबंधन पर कर्मचारियों के हितों की अनदेखी करने और एकतरफा निर्णय लेने का आरोप लगाते हुए लंबित मांगों के शीघ्र समाधान की मांग उठाई। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने नारेबाजी कर अपनी नाराजगी जताई।

एसोसिएशन के पदाधिकारियों का कहना था कि बैंक प्रबंधन द्वारा हाल ही में किए गए स्थानांतरण आदेशों से कर्मचारियों में भारी असंतोष व्याप्त है। आरोप लगाया गया कि वरिष्ठ एवं ईमानदार कर्मचारियों का कार्यस्थल के नाम पर मनमाने ढंग से स्थानांतरण किया गया है, जिससे कर्मचारियों की कार्यक्षमता और पारिवारिक जीवन दोनों प्रभावित हो रहे हैं। एसोसिएशन के महामंत्री प्रवीण साह ने कहा कि पूर्व में बैंक प्रबंधन और कर्मचारी संगठन के बीच हुई बैठकों में यह सहमति बनी थी कि बैंक के आकार एवं व्यवसाय को देखते हुए बीपीएस (बाइपार्टाइट सेटलमेंट) की भावना और पवित्रता को बनाए रखा जाएगा। इसके तहत कर्मचारियों की गतिशीलता को यथासंभव शहर के भीतर सीमित रखने पर सहमति बनी थी। कहा कि जहां शहर के भीतर स्थानांतरण संभव नहीं हो, वहां बीपीएस का पालन होना चाहिए। संगठन अध्यक्ष अभय गुप्ता, राजेश, रोहन, विवेक, रजत साह, अजय बिष्ट, संदीप, संतोष, विजय, अमित, भगवत, रमेश, संजय रहे।

पम्पापुरी में स्मार्ट मीटर का विरोध करते क्षेत्र के लोग। ● अमृत विचार

पम्पापुरी में स्मार्ट मीटर लगाने का किया विरोध

रामनगर, अमृत विचार : बिजली विभाग की टीम द्वारा मोहल्ला पम्पापुरी, रामनगर क्षेत्र में स्मार्ट मीटर लगाए जाने के दौरान स्थानीय लोगों ने सभासद नवीन सुनेजा के नेतृत्व में इसका विरोध किया। इस दौरान मोहल्लेवासियों और विभागीय टीम के बीच नोकझोंक भी हुई। स्थानीय लोगों ने स्मार्ट मीटर लगाने का विरोध करते हुए विभाग और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। उनका कहना था कि जब उपभोक्ताओं के पुराने मीटर सही तरीके से काम कर रहे हैं तो नए स्मार्ट मीटर जबरन क्यों लगाए जा रहे हैं। मोहल्लेवासियों ने चेतावनी दी कि यदि भविष्य में बिना सहमति के मीटर लगाने की कोशिश की गई तो वे धरना-प्रदर्शन करेंगे। विरोध के चलते बिजली विभाग की टीम को कई घंटे बाद बिना स्मार्ट मीटर लगाए वापस लौटना पड़ा। एसडीओ दर्पण सिंह ने बताया कि कुछ स्थानों पर मीटर लगाने की कार्रवाई की गई थी, लेकिन विरोध के कारण टीम को काम रोककर लौटना पड़ा। इस दौरान सभासद नवीन सुनेजा, जसवंत सिंह बिष्ट, राम सिंह डंगवाल, सावित्री देवी, राधावल्लभ पांडे, मनवर सिंह रावत, हरीश रावत, अमर सिंह बोरा, सुनीता मनराल, बेबी डंगवाल, पूजा देवी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

नए पदाधिकारियों का किया स्वागत

संवाददाता, कालाढूंगी

अमृत विचार: नगर के निजी बैंकट हाल में आयोजित कांग्रेस नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष संतोष पांडे व महिला नगर अध्यक्ष रंजीत कौर का कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। मुख्य अतिथि पूर्व सांसद महेन्द्र पाल ने कहा कि जो निष्ठा से संगठन की मजबूती से के लिए कार्य करता है, उसे सम्मान मिलता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आगामी चुनाव के लिए कमर कसने की अपील करते हुए कहा आगामी विधानसभा में कांग्रेस पूर्ण बहुमत की सरकार बनायेगी।

सोमवार को निजी रिजार्ट में नवनियुक्त पदाधिकारियों का भव्य स्वागत किया गया। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने मोबाइल के माध्यम से कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा आने

नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत करते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

वाला समय कांग्रेस का है। सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर कांग्रेस पार्टी की मजबूती के लिए कार्य करें। वहीं उन्होंने कहा शीघ्र ही क्षेत्र की समस्याओं को लेकर बड़े स्तर पर एक धरना प्रदर्शन करेंगे और जिसमें वह खुद भी मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में पहुंचे सभी कार्यकर्ताओं का नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष संतोष ने सभी का आभार जता स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ कांग्रेसी नेता पीयूष बिष्ट ने किया गया। इस दौरान पूर्व ब्लाक प्रमुख भोला दत्त भट्ट, महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष खष्टी बिष्ट, जिपंस अर्णव कंबोज, संजय बिष्ट, मनोहर आर्या, कमल अधिकारी, राजकुमार पांडे, रोहित बुधलाकोटी, सोहेल सिद्दीकी, प्रताप बिष्ट, फूल सिंह कुमटिया, केशर सिंह बिष्ट, गणेश रावल, टीका सिंह, राजेंद्र सिंह जोहल, गंगन सिंह, जय शंकर रखौलीता, गोविंद सिंह सहित दर्जनों कार्यकर्ता रहे।

कार ने मारी टक्कर, तीन बच्चे व होमगार्ड घायल

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार: सोमवार सुबह एक तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी जिसमें बाइक सवार होमगार्ड और उसके तीन मासूम बच्चे घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब होमगार्ड अपने बच्चों को स्कूल छोड़ने जा रहा था। टक्कर मारने के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

जानकारी के अनुसार रामनगर कोतवाली में तैनात होमगार्ड प्रमोद कुमार सोमवार सुबह अपने गांव कामदेवपुर पीरुमदारा से बच्चों को स्कूल छोड़ने बाइक से निकले थे। जैसे ही वह ग्राम ललितपुर स्थित स्कूल के पास पहुंचे, तभी मोड़ पर सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार चारों लोग सड़क पर गिरकर घायल हो गए। मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से सभी घायलों को 108 एंबुलेंस के माध्यम से रामनगर सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है।

घायल होमगार्ड प्रमोद कुमार ने बताया कि उनकी बेटी महक (12), इशिका (14) और पुत्र हिमांश (5) भी हादसे में घायल हुए हैं। उन्होंने आरोपी चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस के अनुसार आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से फरार वाहन और चालक की तलाश की जा रही है।

एसबीआई कर्मियों ने किया विरोध-प्रदर्शन

रामनगर: अखिल भारतीय स्टेट बैंक ऑफ इंडिया कर्मचारी संघ के बैनर तले प्रस्तावित 25 और 26 मई की देशव्यापी हड़ताल के समर्थन में सोमवार को कोसी रोड स्थित बैंक शाखा में कर्मचारियों ने भोजन अवकाश के दौरान प्रदर्शन किया। भारतीय स्टेट बैंक स्टाफ एसोसिएशन, हल्द्वानी मॉड्यूल के सहायक महासचिव चंदन सिंह बिष्ट ने बताया कि दोनों दिनों में लिपिक एवं अधीनस्थ कर्मचारी हड़ताल पर रहेंगे। संगठन की प्रमुख मांगों में संदेशवाहकों और सशस्त्र गार्डों की भर्ती, एनपीएस कर्मचारियों को प्रबंधक बदलने का विकल्प, अंतर-सर्किल स्थानांतरण सुविधा आदि शामिल है। प्रदर्शन में हेम चंद्र आर्या, यश अग्रवाल, महेंद्र सिंह भंडारी, मान सिंह, विजय जोशी, हेमंत जोशी, प्रेरणा बिष्ट समेत अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

कार्यक्रम | भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अंतर्गत भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, मुक्तेश्वर का कार्यक्रम

सुनकिया के किसानों को दिया मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन का प्रशिक्षण

संवाददाता, धानाचूली

अमृत विचार: भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अंतर्गत भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, मुक्तेश्वर द्वारा ग्राम सुनकिया में किसानों के लिए संतुलित उर्वरक उपयोग एवं मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन संस्थान के संयुक्त निदेशक डॉ. यशपाल सिंह मलिक के निर्देशन में किया गया।

प्रशिक्षण का उद्देश्य किसानों को मिट्टी परीक्षण, संतुलित उर्वरक उपयोग, जैविक खेती तथा मृदा उर्वरता संरक्षण के प्रति जागरूक

प्रशिक्षण के दौरान सुनकिया के ग्रामीणों के साथ वैज्ञानिक। ● अमृत विचार

करना था। प्रशिक्षण कार्यक्रम में डॉ. मनीष तोमर एवं उनकी टीम ने किसानों को मृदा स्वास्थ्य और संतुलित उर्वरक उपयोग के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रासायनिक उर्वरकों के असंतुलित उपयोग से मिट्टी की उर्वरता लगातार घट रही है, जिससे उत्पादन लागत बढ़ने के साथ-साथ फसलों की गुणवत्ता भी प्रभावित हो रही है। ऐसे में मिट्टी परीक्षण आधारित खेती अपनाना समय की आवश्यकता है। विशेषज्ञों ने किसानों को मिट्टी का नमूना लेने की वैज्ञानिक विधि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। किसानों को बताया गया कि खेत के विभिन्न स्थानों से उचित गहराई पर नमूना लेना चाहिए तथा नमूना संग्रहण के दौरान आवश्यक सावधानियों का पालन करना जरूरी है। साथ ही यह भी समझाया गया कि मृदा परीक्षण रिपोर्ट के आधार पर संतुलित मात्रा में उर्वरकों का प्रयोग कर बेहतर उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है। डॉ. मनीष तोमर ने कहा कि संतुलित उर्वरक उपयोग से उत्पादन लागत कम होने के साथ-साथ मिट्टी की उर्वरता लंबे समय तक बनी रहती है और गुणवत्तायुक्त उत्पादन प्राप्त होता है। उन्होंने बताया कि अत्यधिक रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग भूमि की उत्पादक क्षमता को धीरे-धीरे कम कर देता है। संस्थान के निदेशक डॉ. राघवेंद्र भट्टा ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम किसानों को वैज्ञानिक एवं टिकाऊ खेती अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं।

मातृ दिवस पर हुए विभिन्न कार्यक्रम

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार: लक्ष्मी विहार स्थित किडज़ी प्ले स्कूल एवं माउंट लिट्रा जी स्कूल में मातृ दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर विद्यालय परिसर को आकर्षक सजावट से सुसज्जित किया गया तथा सभी माताओं का गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्या रितु पंत ने दीप जलाकर किया। इसके पश्चात माताओं के लिए मनोरंजक एवं रोमांचक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण माउंट लिट्रा के कक्षा चार के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत भावपूर्ण नाटक रहा। विद्यार्थियों ने मनमोहक नृत्य एवं

मदर्स डे के अवसर पर हुए कार्यक्रम में मौजूद बच्चे एवं अभिभावक। ● अमृत विचार

रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से माताओं के प्रति प्रेम, सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त की। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन से महक अग्रवाल एवं सौम्या अग्रवाल उपस्थित रहीं।

विद्यालय के प्रबंधक स्पर्श अग्रवाल ने सभी माताओं को उनके बच्चों के साथ एक सुंदर स्मृति-चिह्न स्वरूप मां और बच्चे की विशेष फोटो भेंट की। प्रधानाचार्या रितु पंत ने मातृ दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा, मां केवल एक शब्द नहीं, बल्कि प्रेम, त्याग और ममता की संपूर्ण भावना है। संचालन रक्षांधा एवं गुंजन ने किया। रश्मि गैरोला, प्रियंका यादव, सलोनी अग्रवाल, उमा तिवारी, दिव्या, दीपांजलि थापा, प्रभजोत साहनी, अनीशा, किरण आर्य, रितु शर्मा, नीलू खेतवाल एवं पूजा मौलेखी रहे।

सिटी ब्रीफ

खूनी संघर्ष में 26 लोगों पर मुकदमा दर्ज

बाजपुर : ग्राम रामजीवनपुर में सात मई की शाम घर में घुसकर मारपीट और पथराव का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़ित गौतम कुमार के अनुसार, गांव के ही 26 लोगों ने एकजुट होकर उनके और उनके परिजनों के घरों पर हमला बोल दिया। इस हिंसक झड़प में एक ही परिवार के चार लोग घायल हुए हैं। गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग महिला प्रेमवती और प्रेम सिंह को बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया है, जबकि एक युवती का हाथ फ्रैक्चर हो गया है। हमलावरों पर जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर 26 नामजद आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्लाट को लेकर मारपीट में 16 पर मुकदमा

बाजपुर : केशवनगर में प्लाट पर जबरन कब्जे का विरोध करने पर मारपीट और धमकी देने के आरोप में पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर मामला दर्ज किया है। रेलवे कॉलोनी निवासी तरुण खन्ना का आरोप है कि पड़ोसी महकराज और जसविंदर सिंह ने साथियों के साथ मिलकर उनके प्लाट की बुनियाद तोड़ दी और कब्जा करने का प्रयास किया। विरोध करने पर आरोपियों ने तरुण और उनके भाई के साथ गाली-गलौज और मारपीट की। पीड़ित ने पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाते हुए न्यायालय की शरण ली थी। अब पुलिस ने 6 नामजद और 10 अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

यूएस नगर में धर्मांतरण के तीन मामले, जांच को एसआईटी

दो खटीमा तो एक नानकमत्ता का, अभियोग दर्ज, एसएसपी बोले- लालच अथवा झूठे प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन कराने के प्रयास बर्दाश्त नहीं

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: ऊधमसिंह नगर जनपद में सामने आए धर्मांतरण से जुड़े तीन मामलों की जांच के लिए पुलिस उपाधीक्षक (सीओ) के पर्यवेक्षण में विशेष अनुसंधान दल (एसआईटी) का गठन किया गया है।

अजय गणपति, एसएसपी

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अजय गणपति ने सोमवार को जानकारी दी कि, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशन में जनपद ऊधमसिंह नगर पुलिस धर्मांतरण जैसे संवेदनशील मामलों पर पूरी गंभीरता एवं सख्ती के साथ कार्यवाही कर रही है। ऊधमसिंह नगर जिले में धर्मांतरण के तीन गंभीर मामले सामने आए हैं। इनमें से दो मामले खटीमा थाना क्षेत्र से जुड़े हैं जबकि एक नानकमत्ता थाना क्षेत्र से जुड़ा हुआ है। एसएसपी के अनुसार पुलिस उपाधीक्षक विभव सैनी की अगुवाई में गठित एसआईटी टीम में संबंधित मामलों के विवेचक, थाना प्रभारियों तथा स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) की सर्विलांस टीम को शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि, भय, दबाव, लालच अथवा झूठे प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन कराने के प्रयासों को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। एसएसपी ने आमजन से भी अपील की है कि यदि कहीं इस प्रकार की गतिविधि की जानकारी मिले तो तत्काल पुलिस को सूचित करें।



एआई जनरेटेड फोटो।

खटीमा में ईसाई धर्म अपनाने का दबाव

प्रथम प्रकरण में वादी रामपाल द्वारा कोतवाली खटीमा में तहरीर देकर आरोप लगाया गया कि जय सिंह राणा, द्रोपती राणा एवं पास्टर सुनील जार्ज द्वारा प्रार्थना सभाओं के माध्यम से हिंदू धर्म के विरुद्ध दुष्प्रचार करते हुए बीमारी ठीक करने का झांसा तथा आर्थिक सहायता का लालच देकर परिवार पर ईसाई धर्म अपनाने का दबाव बनाया गया। इस मामले में कोतवाली खटीमा में अभियोग पंजीकृत दर्ज कराया गया है।

नानकमत्ता में चर्चनुमा ढांचा बनाकर मसीह धर्म का प्रचार

द्वितीय प्रकरण में वादी सोहन सिंह द्वारा थाना नानकमत्ता में तहरीर देकर बताया गया कि गौरी सिंह एवं उसके अन्य साथियों द्वारा गांव में चर्चनुमा ढांचा बनाकर मसीह धर्म का प्रचार किया जा रहा है तथा धर्म परिवर्तन के बदले पांच लाख रुपये का प्रलोभन देकर परिवार को डराने-धमकाने का प्रयास किया गया। इस संबंध में उत्तराखंड धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम सहित अन्य धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया है।

थारू समाज के लोगों को किया प्रताड़ित

तृतीय प्रकरण में वादी अंकित सिंह राणा द्वारा आरोप लगाया गया कि पास्टर दान सिंह राणा द्वारा थारू समाज के लोगों को गुमराह करते हुए हिंदू धर्म के प्रति नफरत फैलाने तथा सामाजिक भेदभाव समाप्त करने के नाम पर झूठे प्रलोभन देकर लोगों को ईसाई धर्म अपनाने हेतु प्रताड़ित किया जा रहा है। इस संबंध में भी कोतवाली खटीमा में अभियोग पंजीकृत कर वैधानिक कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है।

पास्टर को दिया नोटिस, तीन अन्य संस्थाएं चिह्नित

सितारगंज : नानकमत्ता के दीननगर में धर्मांतरण विवाद के बाद प्रशासन ने कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है। एडीएम पंकज उपाध्याय के निर्देश पर राजस्व विभाग ने संदिग्ध संस्थाओं की जांच शुरू कर दी है। इसी क्रम में तहसीलदार हिमांशु जोशी ने बताया कि सुनखरीकला क्षेत्र में प्रार्थना सभाएं आयोजित करने और धर्मांतरण कराने के आरोप में सितारगंज निवासी एक पास्टर को नोटिस जारी किया गया है। आरोप है कि यह प्रार्थना सभा एसटी वर्ग की भूमि पर बने भवन में चल रही थी, जो ''उत्तराखण्ड धर्म स्वतंत्रता अधिनियम'' का उल्लंघन है। प्रशासन ने पास्टर को सात दिनों के भीतर स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए हैं। संतोषजनक जवाब न मिलने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा नानकमत्ता क्षेत्र की तीन अन्य संस्थाओं को भी चिह्नित कर नोटिस भेजने की तैयारी है।

मिशनरी सभा का बहाना या फिर बुक्सा-थारु को निशाना बनाना

- तो क्या गरीबी या भोलेपन का उठा रहे हैं फायदा
- प्रारंभिक तफ्तीश में मिले सुराग, तफ्तीश शुरू

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: खटीमा-नानकमत्ता थाने में दर्ज मुकदमे में यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि मिशनरी सभा के बहाने मिशनरी धर्म प्रचारक गरीबी और बुक्सा-थारू समुदाय के भोलेपन का फायदा उठाकर निशाना बना रहे हैं। दर्ज मुकदमे में यह भी सामने आया है कि मिशनरी से जुड़े प्रचारक उन्ही समुदाय के लोगों को पैसों का लालच देकर लोगों को मिशनरी सभा में लाने का न्योता देते हैं और लोगों की भावनाओं से खिलवाड़ कर धर्मांतरण करते होंगे। पुलिस की प्रारंभिक पड़ताल में कई अहम सुराग भी मिले हैं। जिसको लेकर एसआईटी ने संभावित बिंदुओं पर अपनी जांच को शुरू कर दिया है।

यहां बता दें कि खटीमा और नानकमत्ता थारू-बुक्सा जनजाति बाहुल्य इलाका है। जहां की ज्यादातर आबादी दिहाड़ी मजदूरी या फिर खेती बाड़ी पर निर्भर करती है। अक्सर देखा गया है कि बुक्सा-थारू जनजाति की आर्थिक स्थिति और दुख बीमारी से जूझते रहते हैं और यही मिशनरी प्रचारक चाहता भी है। खटीमा के रामपाल ने जय सिंह राणा, द्रोपती राणा और पास्टर सुनील जार्ज, नानकमत्ता के सोहन सिंह ने गौरी सिंह व उसके साथियों को नामजद किया है।

वहीं तीसरे मामले में अंकित सिंह राणा ने पास्टर दान सिंह राणा पर धर्मांतरण कराने का आरोप मढ़ा है। दर्ज मुकदमे में खास तथ्य यह है कि ज्यादातर मिशनरी सभाएं बुक्सा-थारु बाहुल्य गांवों में हुई है। यहां भी बीमारी ठीक करने, आर्थिक सहायता का लालच देने, धर्मांतरण कर मिशनरी धर्म अपनाने का दबाव बनाया गया। प्रारंभिक पूछताछ में यह भी सामने आया है कि धर्मांतरण हुए परिवार को पैसा या फिर बीमारी ठीक करने का प्रचार किया है। जिसके आधार पर यह कहने में गुरेज नहीं होगा कि मिशनरी प्रचारक धर्म-जाति के मुखिया को जोड़कर भोले-भाले और आर्थिक तंगी से जूझ रहे लोगों को ही निशाना बनाते हैं। इन बिंदुओं व बयानों के आधार पर एसआईटी भी अपनी तफ्तीश करेगी।

कौन करता है मिशनरी सभा को फंडिंग

रुद्रपुर : धर्मांतरण के दर्ज तीनों मामलों में शिकायतकर्ता का यही कहना है कि मिशनरी सभाओं में हिंदू धर्म के खिलाफ दुष्प्रचार किया जाता है और मिशनरी के फायदे गिनाए जाते हैं। यहां तक की नानकमत्ता में गौरी सिंह नाम के व्यक्ति द्वारा गांव में ही चर्च नुमा ढांचा बनाकर मसीह धर्म का प्रचार किया जाता है। बुक्सा या फिर थारू परिवारों को सप्ताह में दो बार चर्च नुमा ढांचा स्थल पर बुलाकर हर परिवार की आपबीती सुनी जाती है और परिवार को धर्मांतरण करने पर पांच लाख रुपये देने की भी तथ्य सामने आए हैं। पुलिस यह भी जानने की कोशिश करेगी कि धर्मांतरण करने के बदले दी जाने वाली रकम की फंडिंग कौन व्यक्ति कर रहा है। जिसके बाद फंडिंग करने वाले पर भी शिकंजा कसा जाएगा।

भाजपा नेता के बेटे ने फांसी लगाई

संवाददाता, रुद्रपुर

- कमरे में लटका मिला शव, मचा कोहराम, पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा

अमृत विचार: वार्ड-29 के रहने वाले भाजपा नेता एवं पार्षद पुत्र के बड़े बेटे ने सुसाइड किए जाने का मामला सामने आया है। सूचना मिलते ही पुलिस ने घटना की जानकारी ली और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौत की खबर मिलते ही विधायक सहित भाजपा के कई नेता घर पहुंचे और परिवार को ढांढस बंधाया।

कपिल (फाइल फोटो)।

जानकारी के अनुसार वार्ड-29 निवासी भाजपा नेता सतनाम सिंह अपने परिवार के साथ आदर्श कॉलोनी में रहते हैं, जबकि उनकी पत्नी कंचन कौर पूर्व पार्षद भी रह चुकी हैं। बड़े बेटे कपिल उर्फ शेरू भी वैवाहिक जीवन में बंध चुका था और परिवार में सब कुछ ठीक ठाक चल रहा था। बताया जा रहा है कि कपिल की पत्नी अपने मायके गई हुई थी और वह घर पर अकेला था, जबकि माता-पिता नीचे वाले पटल पर रहते हैं।

रविवार की शाम को अचानक जब भाजपा नेता अपने बेटे को बुलाने ऊपर कमरे में गया तो देखा कि युवक फांसी के फंदे पर लटका हुआ है। जिसे देखकर भाजपा नेता पिता गश खाकर नीचे गिर गए और चीख पुकार की आवाज सुनकर परिवार और पड़ोसी भी दौड़ पड़े। आनन फानन में युवक को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

सूचना मिलने पर आदर्श कॉलोनी चौकी प्रभारी सुरेंद्र बिष्ट घटनास्थल पहुंचे और मौका मुआयना किया। घटनास्थल पर किसी भी प्रकार का सुसाइड नोट प्राप्त नहीं हुआ। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। भाजपा नेता के बड़े बेटे की मौत की खबर मिलते ही विधायक शिव अरोरा, महापौर विकास शर्मा, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल सहित कई बड़े नेता व लोगों का जमावड़ा लग गया और परिवार को ढांढस बंधाया। चौकी प्रभारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद सुसाइड की असल वजह जानने का प्रयास किया जाएगा।

ट्रैक्टर के नीचे दबा ड्राइवर, हालत गंभीर

पंतनगर: विवि परिसर के एस-ब्लॉक में सोमवार सुबह गश्त ड्यूटी के दौरान एक ट्रैक्टर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। राजकुमार (35) पुत्र सोहनलाल विवि फार्म के अधीन रात की गश्त ड्यूटी में दो सुरक्षा कर्मियों के साथ एस ब्लॉक में मोटर चेक करने गया था। मोटर चेक करने के बाद उसने ट्रैक्टर बंद कर दिया और खेत की ओर लघुशंका के लिए चला गया। लौटने के बाद जब उसने ट्रैक्टर स्टार्ट करने का प्रयास किया, तो वह स्टार्ट नहीं हो रहा था। इस दौरान वह सेल्फ स्टार्ट करने लगा, बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर में पहले से गियर लगा हुआ था, जिससे ट्रैक्टर अचानक आगे बढ़ गया और राजकुमार उसके नीचे आकर दब गया।

शराबियों को माला पहनाकर दिखाई गांधीगिरी

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: पिछले कुछ दिनों से रम्पुरा बस्ती में कच्ची शराब बिक्री को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। जहां भाजपा नेता लगातार पुलिस और आबकारी विभाग की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर रहे हैं। वहीं भाजपा नेता अजय मौर्य ने विरोध करने का अनोखा अंदाज भी निकाल डाला। भाजपा नेता कच्ची शराब पीने वालों को माला पहनाकर स्वागत कर रहे हैं और जेब से कच्ची शराब की थैली निकालकर शराब छोड़ने के लिए प्रेरित भी कर रहे हैं।

यहां बता दें कि रम्पुरा चौकी इलाके के वार्ड में पिछले कुछ दिनों से कच्ची शराब बिक्री को लेकर बवाल मचा हुआ है। एक ओर जहां भाजपा नेताओं ने स्थानीय लोगों के साथ धरना प्रदर्शन कर पुलिस और आबकारी विभाग की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर रहे हैं। वहीं उनका कहना था कि जब वार्डों के हर व्यक्ति को आदतन एवं पेशेवर शराब बेचने वालों के नाम पता हैं तो पुलिस क्यों कार्रवाई नहीं कर रही है। हंगामे के बाद आबकारी विभाग और रम्पुरा चौकी पुलिस ने काली मंदिर मुख्य मार्ग किनारे रहने वाली एक महिला के अलावा केदारनी चौक पर शराब बेचने वाली महिला के घर दबिश देकर ताबड़तोड़ कार्रवाई की। बावजूद भाजपा नेता अजय मौर्य ने मुहिम चलाई और पुनः कच्ची शराब की थैली लेकर आने वाले शराबियों को रोक कर माला पहनाकर स्वागत किया और जेब से कच्ची शराब की थैली भी छीन ली।

शराबियों को रोककर माला पहनाते भाजपा नेता। ● अमृत विचार

भाजपा नेता ने शराबियों से आह्वान किया कि कच्ची शराब घर बर्बाद करने के साथ-साथ शरीर का भी सत्यानाश कर रही है। ऐसे में शराब के स्थान पर स्वास्थ्यवर्धक खाद्य पदार्थ खाएं और परिवार की जिम्मेदारी का निर्वहन करे। साथ ही ऐलान किया कि जब तक इलाके में कच्ची शराब की बिक्री और माफियाओं पर अंकुश नहीं लगेगा। तब तक अभियान जारी रहेगा और विरोध कर आबकारी और पुलिस प्रशासन के खिलाफ भी मोर्चा खोला जाता रहेगा।

वाहन चलाने के विवाद में दो भाइयों पर हमला

बाजपुर : बाजार से लौट रहे मरियमपुर निवासी गुरदास सिंह और उनके भाई पर छह-सात युवकों ने जानलेवा हमला कर दिया। विवाद की शुरुआत रामराज रोड पर बाइक सही ढंग से चलाने को लेकर हुई कहासुनी से हुई। बाद में आरोपियों ने रास्ते में घेराबंदी कर दोनों भाइयों को पीटा और बीच-बचाव करने आए एक राहगीर के साथ भी मारपीट की। हमले में गुरदास सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया है। शोर मचने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस फिलहाल मामले की जांच कर रही है।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9532374039 8077909468

सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरे पासपोर्ट सं. V2700317 में भूलवश मेरा नाम JASANDEEP SINGH अंकित हो गया है, जबकि सभी दस्तावेजों में वास्तविक नाम JASHANDEEP SINGH अंकित है। भविष्य में मुझे JASHANDEEP SINGH नाम से जाना व पहचाना जाए। - **जशनदीप सिंह पुत्र साहब सिंह, ग्राम पटेरी, तहसील किच्छा (ऊधमसिंह नगर)**

सूचना

मेरा पुत्र तुषार मंडल ने सत्र 2024 में सीबीएसई बोर्ड से, कक्षा 10 उत्तीर्ण किया है। जिसका रोल नंबर 25153279 है। जिसमें पिता का नाम प्रान मंडल दर्ज हो गया है। जबकि मेरे पुत्र के सभी दस्तावेजों में सही नाम परान मंडल दर्ज है। अतः मुझ प्रार्थी को परान मंडल के नाम से ही जाना व पहचाना जाए। - **परान मंडल पुत्र स्व. हरिपद मंडल, निवासी जयनगर कुशमौठ, शक्तिफार्म (उधम सिंह नगर)**

मृत दुल्हन की शिनाख्त पर मिलेंगे 50 हजार

- वर्ष 2024 में बैग में मिला था दुल्हन की तरह सजी महिला का शव
- गला दबाकर हुई थी हत्या, इनाम हुआ घोषित

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: थाना दिनेशपुर क्षेत्र में दो साल पहले हुई एक सनसनीखेज हत्या की गुत्थी सुलझाने के लिए पुलिस ने अब अपना आखिरी दांव चला है। जिले के कप्तान एसएसपी अजय गणपति कुंभार ने अज्ञात महिला के शव की शिनाख्त करने वाले व्यक्ति को 50 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की है।

यह खौफनाक वारदात 23 अक्टूबर 2024 को सामने आई थी, जब दिनेशपुर के ग्राम मोहनपुर नंबर-1 की झाड़ियों में एक लावारिस बैग मिला। जब पुलिस ने बैग खोला तो अंदर का दृश्य देख सभी के होश उड़ गए। बैग में एक महिला का अर्द्धनग्न शव भरा हुआ था। चौंकाने वाली बात यह थी कि महिला बिल्कुल किसी ''दुल्हन'' की तरह सजी हुई थी। उसके हाथों में लाल चूड़ियां, रची हुई मेहंदी और माथे पर सिंदूर था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि महिला को पहले बेहोश करने की दवा दी गई और फिर बड़ी ही बेरहमी से गला दबाकर उसकी हत्या कर दी गई। आखिरी कोशिश में जुटी पुलिस पिछले दो साल से थाना दिनेशपुर पुलिस ने शिनाख्त की हर मुमकिन कोशिश की, लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी। अंदेशा जताया जा रहा है कि हत्या कहीं और की गई और साक्ष्य मिटाने के लिए शव को यहां फेंका गया।

पहचान रहेगी पूरी तरह गुप्त

एसएसपी ने स्पष्ट किया है कि सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम और पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुरक्षा न हो। कोई भी व्यक्ति थाना प्रभारी दिनेशपुर या सीधे एसएसपी कार्यालय को जानकारी दे सकता है। पुलिस का यह प्रयास न केवल एक बेगुनाह महिला को इंसाफ दिलाने की दिशा में है, बल्कि उन हत्यारों को दबोचने के लिए भी है जो दो साल से खुलेआम कानून की धज्जियां उड़ा रहे हैं।

मां के भोग कार्यक्रम में मारपीट, 9 पर मुकदमा

बाजपुर: संजयनगर में मां के शांति भोज में शामिल होने पहुंचे महेश कुमार साहू के साथ उनकी बहन और जीजा समेत नौ लोगों ने मारपीट की। पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों ने उन्हें ''अपवित्र'' होने का ताना दिया और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देकर धक्का मारते हुए कार्यक्रम से बाहर निकाल दिया। मारपीट में घायल महेश को इलाज के लिए हायर सेंटर भेजा गया था। पुलिस द्वारा सुनवाई न होने पर पीड़ित ने कोर्ट की शरण ली। अब न्यायालय के आदेश पर बहन सरस्वती और जीजा शिवप्रसाद सहित नौ नामजद लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है।

नवनिर्मित भवन में किया हवन

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: श्री अग्रवाल सभा के नवनिर्मित भवन में भव्य हवन पूजन कार्यक्रम का आयोजन विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ। यह धार्मिक आयोजन सभा अध्यक्ष अर्जुन गुप्ता, महामंत्री अमित जैन, कोषाध्यक्ष रणवीर गुप्ता एवं सभी कार्यकारिणी सदस्यों की ओर से आयोजित हुआ।

सोमवार को कार्यक्रम में वैदिक रीति से हवन पूजन का कार्य पंडित सुनील शास्त्री एवं पंडित कुलदीप भारद्वाज ने संयुक्त रूप से संपन्न कराया। मंत्रोच्चार और आहुतियों के बीच पूरा वातावरण भक्तिमय एवं आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण रहा। इस दौरान भाजपा नेता एवं प्रमोद मित्तल ने हवन में आहुति देकर समाज की सुख-समृद्धि, शांति एवं उन्नति की मंगलकामना की। इस अवसर पर उद्योगपति विजय कुमार गर्ग, अमित जैन, रणवीर गुप्ता, वरिष्ठ अग्रबंधु गोपाल कृष्ण रूंगटा, श्याम लाल बंसल, देवी शंकर अग्रवाल, पवन अग्रवाल, कैलाश अग्रवाल, अजीत जैन, राजेंद्र गुप्ता, अशोक मित्तल, मोहन अग्रवाल, ऊषा अग्रवाल, शालिनी गोयल, सपना मित्तल, दीपिका मित्तल आदि मौजूद रहे।

नवनिर्मित भवन में हवन पूजन करते अग्रवाल सभा के पदाधिकारी।

पहल अभियान का हुआ शुभारंभ, महापौर बोले-प्रत्येक सोमवार को अलग-अलग वार्डों में लगाए जाएंगे शिविर

महापौर जनता के द्वार कार्यक्रम में समस्याओं का समाधान

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: अपने चुनावी वायदों को धरातल पर उतारते हुए महापौर विकास शर्मा ने महापौर जनता के द्वार अभियान का शुभारंभ किया। लोगों ने बिजली, पेयजल, राशन कार्ड, पेंशन, सफाई व्यवस्था और अन्य जनसुविधाओं से जुड़ी समस्याएं प्रमुखता से उठाईं। इसमें कई शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। महापौर ने घोषणा की है कि अब प्रत्येक सोमवार को अलग-अलग वार्डों में इसी प्रकार के शिविर आयोजित किए जाएंगे।

सोमवार को वार्ड 11 संजय नगर खेड़ा बस्ती में स्थित बसंती पूजा मैदान में आयोजित शिविर में नगर निगम, बिजली विभाग, जल संस्थान, श्रम विभाग, समाज कल्याण विभाग, जन्म प्रमाण पत्र शाखा और आयुष्मान योजना समेत विभिन्न विभागों के अलग-अलग स्टॉल लगाए गए थे। इन स्टॉलों पर लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही मौके पर ही सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गईं। इस दौरान महापौर शर्मा, नगर आयुक्त शिप्रा जोशी पांडे एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने स्वयं मौजूद रहकर लोगों की समस्याएं सुनीं। शिविर में एक शिकायतकर्ता ने बिजली का बिल अत्यधिक आने की शिकायत महापौर के समक्ष रखी। इस पर महापौर शर्मा ने मौके पर मौजूद विद्युत विभाग की टीम को तत्काल शिकायतकर्ता के घर पहुंचकर मीटर की जांच करने और समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए। महापौर ने कहा कि जनता को छोटी-छोटी समस्याओं के लिए कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। नगर निगम स्वयं जनता के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं का समाधान करेगा। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान जनता से वादा किया था कि नगर निगम आम लोगों के द्वार तक पहुंचेगा और उनकी समस्याओं का समाधान करेगा। उसी संकल्प के तहत इस अभियान की शुरुआत की गई है। अब प्रत्येक सोमवार को अलग-अलग वार्डों में बहुद्देशीय शिविर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य केवल शिकायतों का निस्तारण करना नहीं, बल्कि केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाना भी है।

शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते महापौर विकास शर्मा। ● अमृत विचार

शिविर में बुजुर्ग और जरूरतमंदों को मिलेगी मदद

रुद्रपुर : नगर आयुक्त शिप्रा जोशी पांडे ने कहा कि महापौर जनता के द्वार कार्यक्रम जनभावनाओं का सम्मान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। कई बुजुर्ग, महिलाएं और जरूरतमंद लोग विभिन्न कारणों से सरकारी कार्यालयों तक नहीं पहुंच पाते हैं। ऐसे में वार्ड स्तर पर लगाए जा रहे शिविरों से उन्हें बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि नगर निगम का प्रयास है कि अधिक से अधिक लोगों तक सरकारी सुविधाएं सरल और सुगम तरीके से पहुंचाई जाएं।

हरिराम चौहान स्मृति द्वार का शिलान्यास

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: महापौर विकास शर्मा ने वार्ड 33 सिंह कॉलोनी में पार्षद सुशील चौहान के साथ लगभग 26 लाख रुपए की लागत से बनने जा रही सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य एवं स्व. हरिराज सिंह चौहान स्मृति द्वार का विधिवत नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। इस दौरान वार्डवासियों ने महापौर शर्मा का फूलमाला पहनाकर और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

सोमवार को शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान महापौर शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कुशल नेतृत्व में विकास की जो गति है, वह अभूतपूर्व है। राज्य सरकार के सहयोग से ही नगर निगम रुद्रपुर आज हर वार्ड के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने में सक्षम हो पा रहा है। हमारी सरकार का विजन केवल घोषणाएं करना नहीं, बल्कि धरातल पर काम उतारना है। इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौहान, पार्षद सुशील चौहान, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील ठुकराल, मंडल महामंत्री जितेंद्र संधू भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विजय तोमर, भाजयुमो जिला अध्यक्ष बिट्टू चौहान राजू चौहान पार्षद इंद्रजीत सिंह, कमल पाल, राजेंद्र सिंह रावत, दलीप सिंह, हुकुम सिंह, अमन पाठक बंटी पवार, अजय चौहान आदि मौजूद रहे।

ब्रीफ न्यूज

मां बाल सुंदरी देवी मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान

काशीपुर : हिंदू वाहिनी संगठन के साथ मिलकर मां बाल सुंदरी देवी मंदिर परिसर में स्वच्छता एवं सफाई अभियान चलाया गया। धार्मिक आस्था, सेवा भावना और सामाजिक जिम्मेदारी के उद्देश्य से आयोजित इस अभियान में महिला मोर्चा की पदाधिकारियों एवं मातृशक्ति ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और मंदिर परिसर की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा की जिला महामंत्री चंद्रिका फोगाट ने श्रद्धालुओं एवं आमजन को ठंडा शरबत वितरित किया। यहां राधा चौहान, पूजा अरोड़ा, रसिका सक्सेना, प्रतिभा मिश्रा, बबिता वर्मा, करुणा बिश्नोई, रानी यादव, प्रियंका पाल, सरिता कश्यप आदि मौजूद रहीं।

रामपुरम कॉलोनी में गुलदार की दस्तक

काशीपुर : रामपुरम कॉलोनी में गुलदार की दस्तक से लोगों में दहशत का माहौल है। रामपुरम कॉलोनी में गुलदार की चहलकदमी सीसीटीवी में कैद हुई है। बता दें कि शुक्रवार की रात लगभग आठ बजे रामपुरम कॉलोनी में गुलदार की चहलकदमी सीसीटीवी में कैद हुई है। जिसमें गुलदार एक खाली पड़े प्लाट में चहलकदमी कर रहा है। जिसके चलते अब कॉलोनी के लोगों में दहशत का माहौल है। कॉलोनी के लोग अब गुलदार को पकड़ने के लिए वन विभाग से पिंजरा लगाने की मांग कर रहे हैं। वन क्षेत्राधिकारी देवेंद्र रजवार ने बताया कि आठ अलग-अलग स्थान पर पिंजरे लगाए गए हैं। इसके अलावा वन विभाग की टीम भी अलग-अलग स्थान पर रोजाना गश्त कर रही है। गुलदार को जल्द पकड़कर जंगल में छोड़ा जाएगा।

सचिव जनगणना ने ली समीक्षा बैठक

काशीपुर : सचिव जनगणना एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन दीपक कुमार गैरोला ने काशीपुर, बाजपुर और जसपुर तहसील के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। आईजीएल गेस्ट हाउस पहुंचे सचिव ने जनगणना के तहत जारी भवन गणना की प्रगति जानी और कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में तहसीलदार काशीपुर पंकज चंदोला, तहसीलदार बाजपुर प्रताप सिंह चौहान, तहसीलदार जसपुर दिलीप सिंह, ईओ महुआखेड़ा गंज सतीश कुमार, ईओ गढ़ीनेगी संजय कुमार, नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त शालिनी नेगी और विनोद लाल मौजूद रहे।

तमंचे और कारतूस के साथ यूपी का युवक गिरफ्तार

बाजपुर : दोराहा चौकी पुलिस ने गश्त के दौरान एक युवक को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार, पुलिस टीम जब जेसी ब्रोसन फैक्ट्री के पास गश्त कर रही थी, तभी स्वार मार्ग पर एक संदिग्ध युवक पुलिस को देखकर भागने लगा। घेराबंदी कर पकड़े गए युवक की पहचान सागर सिंह (निवासी रामपुर, उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई है। तलाशी लेने पर उसके पास से एक 315 बोर का तमंचा और कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि पुराने विवाद के चलते वह सुरक्षा के लिए हथियार रखता था। पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

सात वारंटी गिरफ्तार

काशीपुर : पुलिस ने अलग-अलग मामलों में वांछित चल रहे सात वारंटियों को गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के ऑपरेशन प्रहार के तहत काशीपुर कोतवाली पुलिस ने कोर्ट से जारी वारंट के आधार पर ग्राम रम्पुरा निवासी मंगल सिंह, शिव कुमार, बुटा सिंह, भट्टा कॉलोनी निवासी गुरमीत सिंह व ग्राम प्रतापपुर निवासी बाबू को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। वहीं आईटीआई पुलिस ने भी दो वारंटियों को गिरफ्तार किया है।

खुले में कूड़ा फेंकने पर डोमिनोज पर जुर्माना

स्वच्छता पर नगर निगम सख्त, गेट पर वापस रखवाया कचरा

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के दावों के बीच गंदगी फैलाने वाले व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के खिलाफ नगर निगम ने अब 'जीरो टॉलरेंस' की नीति अपना ली है। सोमवार को नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमरजीत सिंह साहनी के नेतृत्व में की गई एक अनोखी और सख्त कार्रवाई ने शहर के व्यापारियों के बीच हड़कंप मचा दिया है। निगम ने न केवल प्रसिद्ध फूड चेन 'डोमिनोज पिज्जा' पर पांच हजार का जुर्माना लगाया, बल्कि उनके द्वारा फैलाए गए कचरे को उनके ही प्रतिष्ठान के मुख्य द्वार पर वापस रखवा दिया।

मामला सोमवार सुबह का है, जब नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमरजीत सिंह साहनी सरकारी अस्पताल के सामने चल रहे स्वच्छता अभियान का जायजा ले रहे थे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने देखा कि सड़क किनारे नगर निगम द्वारा स्थापित तीनों डस्टबिन खाली पड़े हैं, लेकिन उनके ठीक नीचे भारी मात्रा में कूड़ा फैला हुआ है। जब इस कचरे की बारीकी से जांच की गई, तो उसमें डोमिनोज पिज्जा की पैकिंग और संबंधित सामग्री पाई गई। डॉ. साहनी ने तत्काल डोमिनोज के कर्मचारियों को मौके पर बुलाया और उन्हें अपना कूड़ा खुद उठाकर सफाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने साफ तौर पर चेतावनी दी थी कि यदि कूड़ा नहीं हटाया गया, तो उसे उनके प्रतिष्ठान के गेट पर डाल दिया जाएगा। इसके बावजूद, घंटों बीत जाने पर भी संबंधित कर्मचारियों ने कोई सक्रियता नहीं दिखाई और गंदगी जस की तस बनी रही।

काशीपुर में डस्टबिन के पास फैले कूड़े को देखते नगर स्वास्थ्य अधिकारी।

नगर निगम के सफाई कर्मचारियों को दिए निर्देश

लापरवाही का कड़ा संज्ञान लेते हुए डॉ. साहनी ने नगर निगम के सफाई कर्मचारियों को आदेश दिया कि कूड़े को एकत्रित कर डिब्बों में भरा जाए। इसके बाद निगम की टीम ने वह सारा कचरा ले जाकर डोमिनोज के गेट पर रख दिया। इसके साथ ही स्वच्छता नियमों के उल्लंघन और सार्वजनिक स्थान पर गंदगी फैलाने के आरोप में पांच हजार रुपये का चालान काटा गया।

भविष्य के लिए दी सख्त चेतावनी

नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने स्पष्ट किया कि यह कार्रवाई एक मिसाल के तौर पर की गई है। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि यदि भविष्य में कोई भी प्रतिष्ठान सड़क पर कूड़ा फेंकते हुए पाया गया, तो जुर्माना लगाने के साथ-साथ उनके व्यावसायिक गेट पर ही कूड़ा वापस किया जाएगा। महापौर दीपक बाली ने भी इस कार्रवाई का समर्थन करते हुए जनता और व्यापारियों से अपील की है कि काशीपुर को स्वच्छ रखने के लिए केवल डस्टबिन का ही उपयोग करें।

तेज रफ्तार बाइक चालक ने बच्ची को मारी टक्कर, गंभीर

काशीपुर : कुंडेश्वरी क्षेत्र में एक तेज रफ्तार बाइक चालक की लापरवाही ने 6 वर्षीय मासूम बच्ची को गंभीर रूप से घायल कर दिया। बच्ची के सिर का ऑपरेशन किया गया है। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। बहल्ला कॉलोनी, गंगापुर गौसाई निवासी बंटी की 6 वर्षीय पुत्री पूनम बीती 19 अप्रैल की सुबह करीब 9 :00 बजे अपनी मां अनीता और मौसी रेनू के साथ खेत की ओर जा रही थी। जैसे ही वे मित्तल टेंट के पास पहुंचे, भीम नगर खरमासा निवासी संजय बाइक को बेहद तेजी और लापरवाही से चलाते हुए लाया और मासूम पूनम को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बच्ची के सिर में गंभीर चोटें आईं और उसके दाएं पैर की हड्डी टूट गई।

घर के बंटवारे को लेकर भाई पर हमला

संवाददाता, जसपुर

- आरोपी के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा, पाटल से किया वार

अमृत विचार: घर के आपसी बंटवारे को लेकर सगा भाई ही दूसरे भाई के खून का प्यासा बन गया। जुनून ऐसा कि आरोपी ने पाटल से हमला कर भाई को गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस दौरान बीच बचाव को आये एक अन्य युवक का भी हाथ जख्मी हो गया। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर ली है।

मोहल्ला नई बस्ती निवासी कलसूम जहां पत्नी मो. अनवर ने कोतवाली में तहरीर देकर कहा कि उसके पति के चार भाई हैं। काफी समय से भाइयों के बीच बंटवारे का विवाद चल रहा है। वह अपने पति और बच्ची के साथ अलग मकान में रहती है। उसके पति के दो भाई मनव्वर और नदीम अपने परिवार के साथ रहते हैं। जबकि दो अन्य भाई मुजफ्फर और शेर अली चांद मस्जिद के पास रहते हैं। कहा कि भाइयों के बीच बंटवारे को लेकर कहासुनी होती रहती है। शेर अली उसके मकान में हिस्सा चाहता है। इसी बात को लेकर आए दिन परेशान करता रहता है। उसके पति अनवर की लकड़ी मंडी में फर्नीचर की दुकान है। आरोप है कि बीती नो मई की रात को उसके पति अपनी दुकान के पास खड़े थे। तभी शेर अली हाथ में पाटल लेकर वहां आ गया और गाली-गलौज कर जान से मारने की नियत से पाटल से हमला कर दिया। अनवर ने हाथ से वार रोकने की कोशिश की तो पाटल से उसके बाएं हाथ की कलाई कट गई। आरोपी द्वारा फिर से हमला करने पर बीच बचाव को आये शराफत निवासी मोहल्ला दिल्ला सिंह का हाथ पाटल लगने से जख्मी हो गया। घटना के बाद शेर अली गाली-गलौज करता हुआ मौके से भाग गया। कोतवाल राजेश पांडे ने बताया कि अनवर की पत्नी कलसूम जहां की तहरीर पर केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

बेटे-बहुओं पर मारपीट का आरोप

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: एक 70 वर्षीय बीमार वृद्ध महिला ने अपने ही बेटों और बहुओं पर मारपीट, प्रताड़ना और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाते हुए तहरीर सौंपी है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

ग्राम पचपेड़ा भट्टा थाना नानकमत्ता निवासी शीला कौर पत्नी रनजीत सिंह ने एसएसपी को दी तहरीर में बताया कि उनका पुत्र इंद्रजीत सिंह उर्फ जीता, पुत्रवधु सोमा कौर और बड़ी बहू बिन्द्रा कौर लंबे समय से उन्हें प्रताड़ित कर रहे हैं। आरोप है कि ये लोग महिला के पति रनजीत सिंह को भी उसके विरुद्ध भड़काते हैं और उनसे भी मारपीट करवाते हैं। आरोपियों का मुख्य मकसद महिला को डरा-धमकाकर मकान अपने नाम करवाना है। बताया कि बीती 27 जनवरी को जब वृद्ध महिला ने अपनी बहुओं से बीमारी के चलते दवाई लाने को कहा, तो आरोपियों ने उसे दवाई देने के बजाय उसके साथ बुरी तरह मारपीट की। जब महिला के बड़े बेटे रविन्द्र सिंह ने अपनी मां को बचाने का प्रयास किया, तो आरोपियों ने उसे कमरे में बंद कर दिया और दोनों की जान लेने की कोशिश की। बताया कि वह किसी तरह जान बचाकर अपने पड़ोसी कांता कौर के घर पहुंची। पड़ोसी की सूचना पर महिला के मायके वाले उसे अपने साथ ग्राम जगतपुर, काशीपुर ले आए। आरोप है कि घर का सारा सामान भी आरोपियों ने बेच दिया है और अब भी उन्हें जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। आरोप लगाया कि उन्होंने पूर्व में थाना नानकमत्ता में तहरीर दी थी, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं की गई।

युवक ने ली नींद की गोलियों की ओवरडोज

काशीपुर : शादी का दबाव बनाने पर एक युवक ने नींद की गोलियों की ओवरडोज ले ली। जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई। परिजनों ने उसे सरकारी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया है। नगर क्षेत्र निवासी एक 24 वर्षीय युवक लंबे समय से एक महिला व दो बच्चों के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहा है। जिसका युवक का परिजन विरोध करते हैं। बताया जा रहा है युवक के पिता का स्वर्गवास हो गया। मां व उसकी बहन युवक की कहीं अन्य जगह शादी कराने का दबाव बना रहे हैं। जानकारी के मुताबिक इससे परेशान होकर युवक ने सोमवार की सुबह नींद की गोलियों की ओवरडोज ले ली।

काशीपुर में आयोजित कार्यशाला में प्रशिक्षण लेने वाली छात्राएं। ● अमृत विचार

छोटे-छोटे उद्यम खोलकर छात्राएं बनें आत्मनिर्भर

काशीपुर : चंद्रावती तिवारी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग द्वारा फल एवं सब्जियों के प्रसंस्करण पर तीन दिवसीय कार्यशाला प्रशिक्षण राजकीय सामुदायिक फल संरक्षण एवं प्रशिक्षण केन्द्र पर किया गया। फल संरक्षण केन्द्र प्रभारी हीरा सिंह लटवाल द्वारा छात्राओं को फल व सब्जियों को संरक्षित करने, पैकेजिंग संबंधित सैद्धांतिक व वैज्ञानिक तरीकों के बारे में अवगत कराया। उत्पादन सहायक सुनीता सिंह ने छात्राओं को जैम, सॉस, आम पन्ना, गुलाब शरबत, मिर्च व आम के अचार आदि उत्पादों को बनाने की प्रक्रिया व बारीकियों की जानकारी दी। प्रशिक्षण कार्यशाला का उद्देश्य कम लागत में छात्राओं को छोटे-छोटे उद्यम खोलकर आत्मनिर्भर बनाना हैं। केन्द्र प्रभारी हीरा सिंह लटवाल द्वारा उद्योग की शुरुआत करने के लिये सरकारी योजनाओं व सब्सिडी मिलने की जानकारी दी गई। फल संरक्षण में योगदान देने वाली छात्राओं को पूर्ण प्रोत्साहन व सहयोग का आश्वासन दिया गया। कार्यशाला आयोजित करने के लिए महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ.कीर्ति पंत, उप प्राचार्या डॉ. दीपिका गुड़िया आत्रेय ने सहयोग व प्रोत्साहन दिया। इस मौके पर डॉ. अंजली गोस्वामी व शीतल अरोरा मौजूद रहीं।

सीनियर विद्यार्थियों को दी गई विदाई

काशीपुर: श्रीराम इंस्टीट्यूट के बहुउद्देशीय सभागार में एमबीए प्रथम वर्ष, बीबीए और बीकॉम द्वितीय वर्ष के छात्र- छात्राओं ने अंतिम वर्ष के छात्र- छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने रैंप पर चहलकदमी कर अपना जलवा बिखेरा।

कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के अध्यक्ष रवीन्द्र कुमार, निदेशक प्रो. (डॉ.) योग राज सिंह, प्राचार्य डॉ. एसएस कुशवाहा ने किया। कार्यक्रम में एमबीए के हर्ष को मिस्टर फेयरवेल, शिवानी को मिस फेयरवेल, बीबीए की निशा कुमारी को मिस फेयरवेल और बीकॉम ऑनर्स के प्रियांशु को मिस्टर फेयरवेल व शुभनीत कौर को मिस फेयरवेल से सम्मानित किया गया।

स्टेडियम के निरीक्षण में मिलीं खामियां

- समस्याओं के शीघ्र निस्तारण का दिया आश्वासन

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: उत्तराखंड राज्य स्तरीय खेल परिषद के अध्यक्ष ने स्टेडियम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें स्टेडियम में खामियां मिली। उन्होंने कहा कि समस्याओं का शीघ्र निस्तारण किया जाएगा।

सोमवार की शाम करीब सवा चार बजे उत्तराखंड राज्य स्तरीय खेल परिषद के अध्यक्ष कुलदीप बुटोला स्टेडियम में बहुउद्देशीय हॉल पहुंचे। उन्होंने पावर लिफ्टिंग, बॉक्सिंग, वेटलिफ्टिंग की व्यवस्थाओं को देखा। वेटलिफ्टिंग में खेल सामग्री कम होना बताया गया। इसके बाद वह खेल मैदान पहुंचे। यहां उन्होंने प्रशिक्षकों और खिलाड़ियों से बात की। खिलाड़ियों ने ट्रैक पर पानी का नियमित छिड़काव कराने, पुराना जर्जर पवेलियन ध्वस्त कराकर नया बनवाने समेत स्टेडियम का कायाकल्प कराने की मांग की।

अध्यक्ष कुलदीप ने कहा कि स्टेडियम में कुछ खामियां पाई गई है। समस्याओं के समाधान के लिए प्रयास किया जाएगा। इस मौके पर स्टेडियम प्रभारी महेश्वर नेगी, कोच सरफराज चौधरी, ऋचा शर्मा, नावेद, जसविंदर कौर जस्सी आदि लोग मौजूद रहे।

काशीपुर में स्टेडियम का निरीक्षण करते खेल परिषद के अध्यक्ष कुलदीप बुटोला।

खटीमा में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों को जानकारी देते वैज्ञानिक। ● अमृत विचार

साइंस आउटरीच कार्यक्रम में सिखाए गुर

खटीमा : विज्ञान शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए आयोजित तीन दिवसीय ''साइंस आउटरीच'' कार्यक्रम का समापन हो गया। इस दौरान देश के प्रतिष्ठित संस्थानों से आए वैज्ञानिकों ने छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को विज्ञान की विभिन्न विधाओं की बारीकियों से रूबरू कराया। कार्यक्रम में आईआईटी बॉम्बे के प्रो. कंचन पांडेय ने एस्ट्रोनॉमी, जबकि पंतनगर विश्वविद्यालय के प्रो. बीडी लखचौरा व प्रो. एएस जीना ने जैव विविधता एवं आनुवंशिकी पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। जवाहरलाल नेहरू सेंटर (बंगलौर) के प्रो. एनएस विद्याधिराज ने सुपर कंडक्टिविटी और मोहाली के प्रो. राजीव कापड़ी ने गुरुत्वाकर्षण के रहस्यों को प्रयोगों के माध्यम से समझाया। इसके अलावा न्यूरोसाइंस, व्यवहार विज्ञान, पृथ्वी विज्ञान और रसायन विज्ञान के मौलिक सिद्धांतों पर भी गतिविधि आधारित चर्चा की गई।

2027 के चुनाव के लिए हो जाएं तैयार

संवाददाता, जसपुर

- जसपुर में कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित
- विधायक एवं राष्ट्रीय सचिव काजी निजामुद्दीन ने किया संबोधित

अमृत विचार: कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन में नगर एवं ब्लॉक की नई कार्यकारिणी ने अपना परिचय कराया। साथ ही कई लोगों ने कांग्रेस की सदस्यता भी ली। इस दौरान मंगलौर विधायक एवं कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव काजी निजामुद्दीन ने संकल्प दिलाया कि कार्यकर्ता कांग्रेस की नीति एवं उपलब्धि को जन-जन तक पहुंचाएं।

सोमवार को हीरा गार्डन में आयोजित कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन में कार्यकर्ताओं की भीड़ उमड़ पड़ी। विधायक आदेश चौहान ने कार्यकर्ताओं का स्वागत किया। नव नियुक्त नगर अध्यक्ष मो. नाजिम, ब्लॉक अध्यक्ष शैलेंद्र गहलोत ने अपना एवं कार्यकारिणी का परिचय कराया। साथ ही सभी को साथ लेकर चलने का भरोसा दिलाया। इस दौरान गुलफाम एवं गुरप्रीत को उनके साथियों समेत कांग्रेस की सदस्यता दिलाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक काजी निजामुद्दीन एवं विधायक आदेश चौहान ने उनका स्वागत किया। सम्मेलन में विधायक आदेश चौहान ने अपने कार्यकाल के बारे में जानकारी देकर 2027 के चुनाव के लिए अभी से ही कार्यकर्ताओं से कमर कसने के लिए कहा। काजी निजामुद्दीन ने प्रधानमंत्री मोदी के डीजल, पेट्रोल, सोने का प्रयोग कम करने के ब्यान पर कहा कि मोदी चाहते हैं कि सारी जिम्मेदारी जनता ही निभाये। वह अपनी पार्टी और मित्रों के साथ देश को लूटते रहे। राज्य में 1700 स्कूल बंद हो गए, तीन चीनी मिल बंद हो गए। दस साल में भाजपा केवल धर्म की राजनीति करती रही। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि वह कांग्रेस की नीति एवं उपलब्धि को जनजन तक पहुंचाये। उनकी सरकारों के किए कार्यों के बारे में जानकारी दें।

इस मौके पर देवकीनंदन, अतीकुर्रहमान, सुभाष शर्मा, अनीस सदर, शेख हाशिम, राहुल बंटी, सर्वेश सिंह, सुखदेव सिंह, सुरजीत ढिल्लो, जमील अहमद आदि मौजूद रहे।

काशीपुर में आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

डमरू वाले बाबा की 30वीं पुण्यतिथि मनाई

काशीपुर : श्री डमरू वाले बाबा की 30वीं पुण्यतिथि कार्यक्रम का आयोजन डमरू वाले बाबा ट्रस्ट कमेटी की ओर से किया गया। सोमवार को मंदिर परिसर में सुबह मंदिर के पुजारी पंडित भास्करानंद जोशी व विष्णु गोस्वामी ने धार्मिक अनुष्ठान के साथ श्री डमरू वाले बाबा की पूजा-अर्चना की। कार्यक्रम के मुख्य यजमान भास्कर बधानी रहे। इस दौरान रामायण पाठ कर भंडारे का आयोजन किया। इस दौरान भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर मुख्य सेवक अजय चौहान, अक्षय नायक, विजेंद्र सिंह चौहान, विशाल गुप्ता, गगन विनायक, हितेंद्र गोस्वामी, रजत चौहान, भगवती गिरी, विजय चौहान, गंगा देवी आदि मौजूद रहे।

प्रधानाचार्य सम्मेलन में नवाचार पर दिया जोर

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित तीन दिवसीय प्रधानाचार्य सम्मेलन का सोमवार को 'वंदे मातरम्' के गायन के साथ विधिवत समापन हो गया। इस सम्मेलन में विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्यों ने शिक्षा की गुणवत्ता, विद्यालय प्रबंधन और नवीन शिक्षण पद्धतियों पर गहन विचार-विमर्श किया।

मुख्य अतिथि जन शिक्षा समिति उत्तराखंड के मंत्री शत्रुघन सिंह राठौर और अध्यक्ष गौरी दत्त मठपाल ने शिक्षा में अनुशासन और संस्कारों के महत्व को रेखांकित किया। सम्मेलन के अंतिम दिन आगामी शैक्षिक सत्र की योजनाओं की रूपरेखा भी साझा की गई। वंदना सत्र में मुख्य वक्ता अमरदीप सिंह का स्वागत प्रकाश परगाई ने पटका पहनाकर किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेंद्र सिंह बिष्ट ने सभी अतिथियों, निरीक्षकों और स्टाफ का आभार व्यक्त किया।

मुख्य वक्ता अमरदीप सिंह का स्वागत करते प्रधानाचार्य प्रकाश परगाई।

मानसून के बाद बिछेगी डामर की अंतिम परत

काशीपुर: कुंडेश्वरी से जैतपुर जाने वाली सड़क के सुदृढ़ीकरण का कार्य तेजी से चल रहा है। लोक निर्माण विभाग ने फिलहाल सड़क पर डामर की पहली लेयर बिछाकर इसे वाहनों के आवागमन के लिए खोल दिया है। विभाग अब मानसून खत्म होने का इंतजार कर रहा है, जिसके बाद सड़क पर दूसरी और अंतिम परत बिछाई जाएगी।

आरटीओ ऑफिस के उद्घाटन के दौरान ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से जर्जर सड़क की शिकायत की थी, जिस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री ने दो घंटे के भीतर सड़क का जीओ जारी करवा दिया था। लोनिवि के एई परवेज आलम ने बताया कि चार महीने तक वाहनों के दबाव से सड़क एकसार हो जाएगी।

एसडीएम डॉ.अमृता शर्मा से कार्रवाई की मांग करते ग्राम प्रधान हरमीत सिंह बड़ैच।

मुड़िया पिस्तौर देहात में जलभराव से आक्रोश

बाजपुर : ग्राम पंचायत मुड़िया पिस्तौर देहात के ग्रामीणों ने घरों और रास्तों में सीवर का गंदा पानी भरने की समस्या को लेकर उपजिलाधिकारी का घेराव किया। ग्रामीणों का आरोप है कि ताहिर मारुति के पीछे स्थित मोहल्ले में शहर की गंदगी और नालियों का पानी जमा होने से दुर्गंध और बीमारियां फैल रही हैं। गंदे पानी के कारण बच्चों की स्कूल यूनिफार्म खराब हो रही है और रास्ते क्षतिग्रस्त हो गए हैं। ग्राम प्रधान हरमीत सिंह बड़ैच के नेतृत्व में ग्रामीणों ने प्रशासन से स्थायी समाधान की मांग की। एसडीएम डॉ. अमृता शर्मा ने नगर पालिका ईओ को जांच और कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

बाजपुर में यातायात व्यवस्था बेपटरी

- जाम में फंसे स्कूली बच्चे, अभिभावक रहे परेशान

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: नगर की यातायात व्यवस्था एक बार फिर पूरी तरह चरमरा गई है। मुख्य मार्ग, रामराज रोड और रेलवे क्रॉसिंग पर प्रतिदिन लगने वाले घंटों लंबे जाम ने आमजन का जीना मुहाल कर दिया है। सोमवार दोपहर भगत सिंह चौक के पास लगे भीषण जाम में कई स्कूली वाहन फंस गए, जिससे चिलचिलाती धूप में छात्र-छात्राओं और अभिभावकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि ई-रिक्शाओं का अनियंत्रित संचालन और सड़क किनारे आड़े-तिरछे खड़े वाहन इस समस्या की मुख्य जड़ हैं। बाजार आने वाले लोग अपने वाहन सड़कों पर ही पार्क कर देते हैं, जिससे मार्ग संकरा हो जाता है। हालांकि, पूर्व में ई-रिक्शाओं के लिए रूट निर्धारित किए गए थे, लेकिन अब चालक नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए प्रतिबंधित क्षेत्रों में प्रवेश कर रहे हैं। टोकने पर चालक दुकानदारों से अभद्रता पर उतारू हो जाते हैं। नगरवासियों ने प्रशासन से केवल चालान काटने के बजाय यातायात प्रबंधन का कोई स्थायी समाधान निकालने की मांग की है।

बाजपुर के भगत सिंह चौक के निकट मुख्य मार्ग पर लगे जाम में फंसे वाहन सवार।

सिटी ब्रीफ

सिटी कान्वेंट की आकांक्षा और प्रिंस ने जीते स्वर्ण

खटीमा : देहरादून में आयोजित 23वीं राज्य कराटे प्रतियोगिता में सिटी कॉन्वेंट स्कूल के आकांक्षा मुरारी और प्रिंस खोलिया ने स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए प्रतिभागियों के बीच दोनों विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं प्रतिभा राणा ने कांस्य पदक जीता। प्रबंधक प्रवीण उपाध्याय, एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर तिलक उपाध्याय, प्राचार्य शुभ्रा सक्सेना, एडमिन ऑफिसर राजेश जोशी ने विद्यार्थियों का स्वागत किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

लिटिल किंगडम प्रीपेटरी स्कूल ने मनाया समर्पण-द टैलेंट शो

- मदर्स डे पर मां हंसेश्वरी को समर्पित था कार्यक्रम
- प्रेरणा से ओतप्रोत रहा सांस्कृतिक कार्यक्रम

संवाददाता, रुद्रपुर

विजेता प्रतिभागियों के साथ अतिथि। ● अमृत विचार

अमृत विचार: मदर्स डे के मौके पर लिटिल किंगडम प्रीपेटरी स्कूल में वैष्णवी शक्ति पीठाधीश्वरी मां हंसेश्वरी भारती को समर्पित कार्यक्रम समर्पण द टैलेंट शो का आयोजन हुआ। जिसमें कई विद्यालयों से आए 80 से अधिक प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। जिसका आयोजन लवी अकादमी के लक्ष्य शर्मा और विकास शर्मा द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की निदेशिका हरेंद्रपुरी, प्रशासिका परविंदरपुरी और वैष्णव भजन मंडल ने दीप जलाकर किया। गायन प्रतिस्पर्धा में चिन्मय अनेजा आरएएन ने पहला, मानव बबली लिटिल किंगडम ने दूसरा, आरिश खान ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग में आयुष्मान चौबे, निखिल पाल, शिवांश सारस्वत विजेता रहे।

नृत्य प्रतिस्पर्धा में सब जूनियर वर्ग में वृंदा, गुंगुन, मायशा, जूनियर वर्ग में अक्षिता, आद्रिका, आराध्या और सीनियर वर्ग में संस्कृति में माउट लिट्रा प्रथम, शिविका (कोलंबस) द्वितीय एवं वरेन्या (माउंट लिट्रा) तृतीय स्थान पर रहीं। इस दौरान अतिथियों ने विजेताओं को ट्रॉफी और पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

गौरांग इंटरनेशनल में मदर्स डे समारोह की धूम, रांग कलर गेम में दिव्या मेहता विजेता

मधु ने जीती माताओं की रैंप वॉक प्रतियोगिता

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार: अलक्ष्या पब्लिक स्कूल स्थित गौरांग इंटरनेशनल प्री स्कूल में मातृत्व के सम्मान एवं अभिभावकों के उत्साह को समर्पित भव्य समारोह आयोजित किया गया। जिसमें नर्सरी, एलकेजी एवं यूकेजी कक्षाओं के अभिभावकों के लिए अलग-अलग प्रतियोगिताएं एवं मनोरंजक गतिविधियां आयोजित की गईं। जिनमें माताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा, आत्मविश्वास एवं उत्साह का शानदार प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ रैम्प वॉक से हुआ, जिसमें माताओं ने पूरे आत्मविश्वास एवं आकर्षक अंदाज के साथ मंच पर प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। इसके पश्चात स्विच अप सर्कल गेम, डांस प्रतियोगिता, मेमोरी ट्रे गेम तथा चूज़ द रॉन्ग कलर गेम जैसी रोचक एवं ज्ञानवर्धक प्रतियोगिताएं हुईं। नर्सरी वर्ग से रैम्प वॉक में मधु भंडारी, स्विच अप सर्कल गेम में भावना बिष्ट एवं रीमा, डांस प्रतियोगिता में इंदु पुनैठा, मेमोरी ट्रे गेम में रोली अरोड़ा और चूज़ द रॉन्ग कलर गेम में दिव्या मेहता विजेता रही।

गौरांग इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित मदर्स डे कार्यक्रम में शिरकत करतीं माताएं।

एलकेजी वर्ग से रैम्प वॉक में प्रतिभा चंद, स्विच अप सर्कल गेम में सीमा नगरकोटी, डांस में मनीषा कन्याल, मेमोरी ट्रे गेम में सीमा धामी और चूज़ द रॉन्ग कलर गेम में श्रुति जैन विजेता रही। वहीं यूकेजी वर्ग से रैम्प वॉक में सुनीता ऐरी, स्विच अप सर्कल गेम में सपना धामी, डांस में प्रिंसी सिंह, मेमोरी ट्रे गेम में सुनीता ऐरी और चूज़ द रॉन्ग कलर गेम में दीक्षा देओपा विजेता रही। विजेताओं को विद्यालय की उपाध्यक्षा जया चुफाल गोस्वामी द्वारा उपहार एवं अभिनंदन पत्रक प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सहायक प्रबंध निदेशक प्राजेश गोस्वामी, प्रबंधक विनोद बोहरा, प्रधानाचार्य अजय बोहरा, हेड मिस्ट्रेस प्रभा ज्याला, कोऑर्डिनेटर अंजलि चंद आदि मौजूद रहे।

जिपं बोर्ड बैठक में उठी राशन कार्ड की समस्या

सीडीओ बोले- प्राथमिकता के अनुसार होगा समस्याओं का समाधान, जिला पंचायत सभागार में हुई बैठक

जिला पंचायत अध्यक्ष और सीडीओ को ज्ञापन सौंपते जिला पंचायत सदस्य। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: जिला पंचायत की सामान्य बैठक में सदस्यों ने राशन कार्ड, बिजली, पानी, भूकटाव, सिंचाई, यूपीसीएल समेत कई समस्याएं उठाई गयी। वहीं जिला पंचायत के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 में आय पक्ष के लिए 103 करोड़ 7 लाख 8 हजार 139 और व्यय पक्ष के लिए 102 करोड़ 15 लाख 58 हजार 139 का प्राविधान रखा गया है।

सोमवार को जिला पंचायत की सामान्य बैठक पहले सत्र की बैठक सुबह 10 बजे से और दूसरे सत्र की बैठक 12 बजे से जिला पंचायत सभागार में शुरू हुई। बैठक का प्रारंभ करते हुए अपर मुख्य अधिकारी गणेश कुमार भट्ट ने जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मोर्या की अनुमति से सदन के सम्मुख पिछली बैठक की कार्यवाही की पुष्टि एवं बजट संबंधी जानकारी दी। इसके बाद जिला पंचायत सदस्यों ने सदन के समक्ष अपनी-अपने क्षेत्रों की समस्या रखी।

इस दौरान जिला पंचायत सदस्य चरनजीत सिंह, सूरज नारायण, भाष्कर संभल, नईम अहमद, रीता कफल्टिया ने अपने क्षेत्रों में शिक्षा, जल आपूर्ति, सिंचाई, चिकित्सा, सिंचाई, बिजली के पोल नहीं लगने समेत कई समस्याएं सदन के सक्षम रखी। मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी ने कहा कि जनप्रतिनिधियों ने जो समस्याएं रखी हैं उसे प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए जनप्रतिनिधियों ने जो भी समस्याएं उठायी गयी है उन समस्याओं के समाधान के लिए स्थानीय स्तर पर भ्रमण कर समाधान किया जाए। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य हीरा देवी, रीता कफलिया, संगीता राणा, अनिमा सिंह, मधु राणा, आशा देवी, सूरज नारायन, सदफ मलिक, भाष्कर संभल, गुरदास कालड़ा, प्रेम प्रकाश, रेनु गंगवार, दीपा, भावना कोरंगा, शिल्की खेड़ा, रेखारानी, सुषमा हलदार, मो.फुरकान, जितेंद्र शर्मा, सीमा कौर, योगेंद्र सिंह डोबाल, कैलाश रानी शर्मा, बीनू, रूकमणी, सुरेंद्र कौर, रजनी, नईम अहमद, कामिनी सिंह, मौ.हसन, चरनजीत सिंह समेत मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.केके अग्रवाल, डीएफओ यूसी तिवारी, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत जीसी भट्ट समेत जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

प्रदेश जिला पंचायत सदस्य संगठन की ओर से रखी गई मांग

रुद्रपुर : प्रदेश जिला पंचायत सदस्य संगठन के प्रदेश अध्यक्ष भाष्कर संभल के नेतृत्व में जिला पंचायत सदस्यों ने जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मोर्या, मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया। इसमें पदाधिकारियों ने यह मांग रखी-

- उत्तराखंड में जिला योजना समिति के चुनाव शीघ्र कराए जाएं।
- विभिन्न जनपदों में वित्त वर्ष 2026-27 में जिला नियोजन समिति में पास हुए प्रस्तावों का जिला योजना समिति में गठित करने के बाद योजना को पुनरीक्षित किया जाए।
- पंचायत में आरक्षण का परिवर्तन हर 5 वर्ष की बजाए 10 वर्ष में किया जाए।
- 73वीं संविधान संशोधन के 29 विषय पंचायतों को स्थानांतरित करने की प्रक्रिया प्रारंभ की जाए।
- उत्तराखंड में पंचायत कल्याण कोष की स्थापना की जाए। ताकि किसी भी सम्मानित सदस्य के साथ अप्रिय घटना की स्थिति में संबंधित जिला पंचायत सदस्य के परिजनों को 10 लाख रुपये की धनराशि देने का प्रावधान हो सके।
- जिला योजना में कोटेशन के माध्यम से होने वाले रुपये ढाई लाख तक के कार्यों की सीमा को बढ़ाकर 5 लाख तक किया जाए।
- जिला पंचायत सदस्यों का मानदेय कम से कम तीस हजार रुपये प्रतिमाह किया जाए। ताकि सदस्य अपने क्षेत्र में जिम्मेदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सकें।
- विधायक निधि की तर्ज पर प्रत्येक जिला पंचायत सदस्य के लिए जिला पंचायत निधि का भी प्रावधान किया जाए।

सड़क चौड़ीकरण में बाधा बनीं तीन दुकानों पर चला बुलडोजर

- मीना बाजार रोडवेज मार्ग पर प्रशासन ने की कार्रवाई
- राजस्व विभाग, लोक निर्माण विभाग, पुलिस की टीम रही मौजूद

संवाददाता सितारगंज

अमृत विचार : सरकारी भूमि पर किए गए अतिक्रमण के खिलाफ सोमवार को राजस्व विभाग, लोक निर्माण विभाग और पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन निर्माणों को जेसीबी से ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के दौरान अतिक्रमणकारियों और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई, लेकिन भारी पुलिस बल की मौजूदगी में टीम ने चिह्नित अतिक्रमण हटाकर सरकारी भूमि कब्जामुक्त करा ली।

मीना बाजार रोडवेज स्टेशन मार्ग पर सड़क चौड़ीकरण कार्य लंबे समय से तीन दुकानों के अतिक्रमण के कारण बाधित था। सोमवार को नायब तहसीलदार नरेंद्र गहतोड़ी और लोक निर्माण विभाग के अपर सहायक अभियंता सत्यपाल सिंह के नेतृत्व में संयुक्त टीम मौके पर पहुंची। टीम ने जेसीबी मशीनों की मदद से तीन दुकानों के निर्माण ध्वस्त कर दिए। कार्रवाई के दौरान कुछ लोगों ने विरोध जताया। जिससे मौके पर कुछ देर तनाव की स्थिति बन गई। हालांकि प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए अभियान जारी रखा।

सितारगंज स्थित मीना बाजार में अतिक्रमण ध्वस्त करती जेसीबी। ● अमृत विचार

अधिकारियों ने बताया कि संबंधित कब्जाधारकों को पूर्व में नोटिस जारी कर स्वयं अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए थे। लेकिन समय सीमा बीतने के बाद भी निर्माण नहीं हटाए गए। लोक निर्माण विभाग के अपर सहायक अभियंता सत्यपाल सिंह ने बताया कि क्षेत्र में नाली निर्माण और सड़क चौड़ीकरण का कार्य प्रस्तावित है। अतिक्रमण हटने के बाद अब शेष निर्माण कार्य जल्द पूरा कराया जाएगा।

अभियान के दौरान अमित सक्सेना, अनंत शर्मा, एसएसआई राजेंद्र मुनियाल, एसआई कैलाश देव, बबीता समेत राजस्व, पुलिस और लोक निर्माण विभाग की टीम मौजूद रही।

बच्चों के दांतों का परीक्षण करते चिकित्सक। ● अमृत विचार

बच्चों के दांतों का परीक्षण किया

सितारगंज : भारत विकास परिषद की महिला विंग की ओर से आयोजित तीन दिवसीय बाल संस्कार शिविर के अंतर्गत विशेषज्ञ दंत चिकित्सकों ने बच्चों के दांतों का परीक्षण किया। सोमवार को सितारगंज के एक निजी विद्यालय में आयोजित शिविर में चिकित्सकों ने कहा कि कैल्शियम युक्त आहार से लेने से दांत सदैव सुरक्षित रहते हैं। उन्होंने नियमित दांतों की सही सफाई और टाइम से ब्रश करने, फ्लोराइड युक्त टूथपेस्ट का उपयोग सुबह एवं रात में सोने से पहले ब्रश करने, मीठे खाद्य पदार्थों से बचने, ब्रश के बाद फ्लॉसिंग करने, जीभ साफ रखने की सलाह दी। कहा कि भरपूर पानी पीने और कैल्शियम युक्त भोजन लेने से दांत स्वस्थ रहेंगे। इस मौके पर अध्यक्ष अमित गोयल, प्रांतीय संयोजक महेश मित्तल, सचिव मनीष मित्तल, अनंत प्रकाश शुक्ला, अविनाश जिंदल, महिला अध्यक्षा सीमा सिंघल, गीता पंत, कंचन मंडल, कीर्ति अग्रवाल, सौम्या सिंघल, ममता गोयल आदि मौजूद रहे।

विधिक शिविरों में ग्रामीणों को किया जागरूक

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार: नगरपालिका के मुड़ेली वार्ड सभासद मुखरजीत सिंह राणा की अध्यक्षता में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ममता पंत के आदेशानुसार असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए कानूनी सेवा योजना के तहत विधिक शिविर आयोजित किया गया।

शिविर में आरबी सिंह राणा ने श्रमिकों को निशुल्क कानूनी सहायता और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बनाई गई योजना की जानकारी दी। इस दौरान कन्या विवाह सहायता योजना, प्रसूति सहायता योजना, मृत्यु प्रांत सहायता योजना, शिक्षा सहायता, वृद्धा पेंशन सहायता, चिकित्सा सहायता योजना और टूल किट वितरण संबंधी जानकारी दी। इस अवसर पर पिंकी राणा, माया देवी, संजु देवी, बीना, किरण, मधु, विनीता आदि मौजूद रहे।

खटीमा में आयोजित विधिक शिविर में मरीजों की जांच करते चिकित्सक।

इधर ग्राम चटिया फार्म में ग्राम प्रधान चंद्रकला रौतेला की अध्यक्षता में शिविर आयोजित किया गया। जिसमें फ्री मेडिकल चेकअप करवाया गया। जिसमें 60 लोगों की खून जांच एवं दवा वितरण की गई। संचालन कर रहे पीएलवी विमल कुमार ने राष्ट्रीय लोक अदालत संबंधी जानकारी दी। डॉक्टर शैलजा पांडे और डॉ संदीप मिश्रा ने हेल्थ चैकअप किया। इस दौरान सीएचओ शिवांगी बिष्ट, अनु राणा, गंगा जोशी, नीम पांडे, कमला अधिकारी, आशा शकुंतला, सुनीता, मीरा देवी आदि मौजूद रहे।

नालंदा में लगा स्वास्थ्य जागरूकता शिविर

किच्छा : नगर स्थित नालंदा सीनियर सेकेंडरी स्कूल में स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर चिकित्सकों की टीम द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें निशुल्क परामर्श देकर दवाएं वितरित की गई। जागरूकता शिविर में सर्वाइकल, कैंसर, वैक्सीनेशन आदि के बारे में जानकारी देते हुए बच्चों के नेत्रों की निशुल्क जांच की गई। विद्यालय की निदेशक डॉ. मृदुला किशोर एवं डॉ. राहुल किशोर सहित वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. वंदना ठाकुर, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. रेणुका मिश्रा ने बच्चों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें जागरूक किया। डॉ. मृदुला किशोर ने सर्वाइकल, कैंसर, एचपीवी वैक्सीनेशन के बारे में जानकारी दी।

जिला स्तरीय ताइक्वांडो में नोजगे पब्लिक स्कूल के पदक जीतने वाले बच्चे।

ताइक्वांडो में नोजगे ने जीते 18 स्वर्ण और एक रजत

खटीमा : नोजगे पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों ने जिला स्तरीय इंटर स्कूल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले में प्रथम स्थान हासिल किया है। दिनेशपुर (रुद्रपुर) के किंग्स हाइट इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित इस प्रतियोगिता में जिले के 20 से अधिक स्कूलों के लगभग 350 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। नोजगे पब्लिक स्कूल के 18 खिलाड़ियों ने स्वर्ण और एक खिलाड़ी ने रजत पदक जीतकर स्कूल का मान बढ़ाया। स्वर्ण पदक विजेताओं में अदिति फर्त्याल, मानसी जोशी, धीरज गुप्ता, यशमीत राणा, सौरभ भण्डारी, आराध्या सिंह, देवांशी राणा, रूहानी चन्द, मानवी गोस्वामी, लक्षिता सक्सेना, ऋषभ चन्द, अर्षित कापड़ी, शशांक रावत, शुभांशी राणा, अनुष्का कापड़ी, लावण्या अग्रवाल, हर्षिता बिष्ट और आकृति सिंह शामिल रहे, जबकि खुशी ने रजत पदक जीता। इस उपलब्धि पर प्रबंधिका सुरेंद्र कौर और प्रधानाचार्य हेम चंद्र पंत ने विजयी प्रतिभागियों को बधाई दी है।

सीएम की छवि धूमिल कर रही कांग्रेस

खटीमा में पत्रकार वार्ता करतीं भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष रुचि भट्ट।

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार: भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष रुचि भट्ट ने कहा कि कांग्रेस लगातार जनता को गुमराह कर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की छवि को धूमिल करने का प्रयास कर रही है।

भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष रुचि भट्ट भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष डॉ. विनीता सक्सेना द्वारा आयोजित प्रेस वार्ता में बोल रही थीं। उन्होंने कहा कि चंपावत मामले में एजेंसियों की जांच के बाद कांग्रेस की राजनीति बेनकाब हो गई है। प्रदेश महामंत्री रश्मि रस्तोगी ने कहा कि महिला मोर्चा ऐसे किसी भी साजिश को नाकाम करेगी और आने वाली चुनाव में कांग्रेस को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। जिलाध्यक्ष डॉ. विनीता सक्सेना ने कहा कि भाजपा महिला मोर्चा हमेशा महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और अधिकारों के लिए मजबूती से खड़ी है। प्रदेश सरकार महिलाओं के उत्थान और विकास के लिए लगातार ऐतिहासिक कार्य कर रही है। नीता सक्सेना ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष केवल झूठी राजनीति और भ्रम फैलाने का कार्य कर रहा है। इस अवसर पर महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यालय प्रभारी बबली चौहान, जिला महामंत्री प्रीति धीर, जिला उपाध्यक्ष नीलू गुप्ता, चंपावत सह प्रभारी विमला मंडेला, हेमा जोशी शकुंतला, मंजू नेगी मौजूद रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता। ● अमृत विचार

छात्र-छात्राओं को दिलाई नशा विरोधी शपथ

रुद्रपुर : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रुद्रपुर में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसका उद्घाटन प्राचार्य प्रो .एएन सिंह ने दीप जलाकर किया। कार्यक्रम के अंत में छात्र-छात्राओं को नशा विरोधी शपथ दिलाई गई। सोमवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि गायत्री चेतना केंद्र के वरिष्ठ परिजन मस्त राम शर्मा ने छात्र-छात्राओं का आह्वान किया। साथ ही नशे की कुरीति से दूर रहते हुए इसे समूल नष्ट करने का संकल्प लेने को कहा। प्राचार्य प्रो . सिंह ने राष्ट्र निर्माण और राष्ट्र चिंतन के प्रति अपने दायित्व का बोध कराते हुए सकारात्मक दिशा की ओर अग्रसर होने का आह्वान किया। कार्यक्रम संयोजिका प्रो .आशा राणा ने मानव जीवन की महत्ता बताते हुए अपने विचार और व्यवहार को शुद्ध रखने पर बल दिया। गायत्री चेतना केंद्र रुद्रपुर से श्रद्धा छाबड़ा और सुमन शर्मा ने युवा छात्र-छात्राओं को भारत के सुनहरे भविष्य में योगदान करने के प्रति प्रेरित करते हुए देशगीत प्रस्तुत किया। इस अवसर पर डॉ .निमिता कन्याल मौजूद रहीं।

संकीर्तन से मिलती है सकारात्मक ऊर्जा

संवाददाता शक्तिफार्म

अमृत विचार : ग्राम सभा रुदपुर के महेंद्र नगर में आयोजित महानाम संकीर्तन में कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा शामिल हुए और प्रभु भक्ति के दिव्य रस में सराबोर हुए। संकीर्तन स्थल पर पहुंचने पर श्रद्धालुओं एवं आयोजकों ने अंग वस्त्र पहनाकर मंत्री का स्वागत किया।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन हमारी सनातन संस्कृति, आस्था और सामूहिक भक्ति भावना के सशक्त प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि संकीर्तन और भजन-कीर्तन से समाज में सकारात्मक ऊर्जा एवं भाईचारे की भावना मजबूत होती है। कार्यक्रम के दौरान आयोजित भंडारे में मंत्री सौरभ बहुगुणा ने स्वयं श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया तथा सभी के सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि क्षेत्रवासियों का प्रेम, सम्मान और अपनापन उन्हें सदैव समाजसेवा एवं धर्म सेवा के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। इस मौके पर चेयरमैन सुमित मंडल, ब्लॉक प्रमुख उपकार सिंह बल, सुकुमार वैद्य, संजय बाछाड़, मनोज सरकार, गोविंद तालुकदार, आशु सरकार, विष्णु वैध, सदानंद मंडल, सन्याशी मंडल आदि मौजूद रहे।

संकीर्तन में आयोजित भंडारे में प्रसाद वितरण करते कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा।

ब्रीफ न्यूज

तमंचे व जिंदा कारतूस के साथ एक दबोचा

रामनगर : आपरेशन प्रहार के तहत पुलिस ने अवैध हथियारों के खिलाफ अभियान चलाते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 315 बोर का अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। जानकारी के अनुसार रविवार शाम कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक युवक अवैध हथियार के साथ घूम रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने मंगलार चौराहा क्षेत्र के पास आदर्श कॉलोनी निवासी शमी को घेराबंदी कर पकड़ लिया। तलाशी में उसके पास से तमंचा और कारतूस मिला। क्षेत्राधिकारी सुमित पांडे ने बताया कि आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि अवैध हथियारों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

अल्मोड़ा लोअर मालरोड में रविवार को बेस अस्पताल के पास लगा लंबा जाम।

लोअर मालरोड में जाम से हलकान रहे लोग

अल्मोड़ा, अमृत विचार : सांस्कृतिक नगरी अल्मोड़ा में जाम की समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है। सोमवार को लोअर मालरोड स्थित बेस अस्पताल के पास लंबा जाम लगने से स्थानीय लोगों और पर्यटकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। करीब एक घंटे तक वाहन सड़क पर रेंगते रहे। बाद में पुलिस ने बमुश्किल यातायात व्यवस्था सुचारु कराई। वहीं, सड़क किनारे आड़े-तिरछे खड़े किए जा रहे वाहनों के कारण जाम की स्थिति पैदा हो रही है। रविवार को बेस अस्पताल के समीप अव्यवस्थित पार्किंग के चलते यातायात पूरी तरह प्रभावित हो गया। देखते ही देखते दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। जाम के कारण पर्यटकों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद यातायात बहाल कराया, तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली। इधर, शिखर तिराहे से एनटीडी तक सड़क किनारे दोनों ओर दोपहिया वाहन खड़े रहने से यहां भी आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है।

रानीखेत टेनिस टीम चैम्पियनशिपः 60 प्लस डबल्स में हरीश प्रसाद व अजय एलहेंस की जोड़ी ने जीता खिताब

फ्लडलाइट में हुए टेनिस मैच, रामनगर बना चैम्पियन

संवाददाता, रानीखेत

अमृत विचारः रानीखेत टेनिस टीम चैम्पियनशिप-2026 के तीसरे दिन फ्लडलाइट में खेले गए मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। अंतिम टाई में बड़ा उलटफेर देखने को मिला, जब रानीखेत गुलदार वन टीम के महिराज मेहरा और अशोक साह (राजा) ने हल्द्वानी चैलेंजर्स के देवेन्द्र सिंह बिष्ट और विकास पांडेय को कांटे के मुकाबले में 6-5 से हराया।

व्यक्तिगत युगल 60 प्लस आयुवर्ग के मुकाबले में हरीश प्रसाद (हल्द्वानी) और अजय एलहेंस (नैनीताल) की जोड़ी ने देवेन्द्र सिंह रावत और राघवेन्द्र साह को 6-5 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरे सेमीफाइनल में राजेंद्र सिंह मेहता और शंकर दत्त सती ने प्रभात मेहरा और बीएमएस बिष्ट की जोड़ी को 6-5 से मात दी।

रानीखेत में टेनिस चैंपियनशिप के विजेताओं को ट्रॉफी प्रदान करते अतिथि।

टीम चैम्पियनशिप की निर्णायक टाई में हल्द्वानी के हेम कुमार पांडेय और रजत कुमार सती ने अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सुमित गोयल और विनोद खुल्वे को 6-2 से पराजित किया। वहीं सहर्ष पांडेय और हिमांशु तिवारी ने गौरव पांडेय और अक्षय बिष्ट को 6-0 से हराकर हल्द्वानी को फाइनल में पहुंचाया।

60 प्लस डबल्स फाइनल में हरीश प्रसाद और अजय एलहेंस ने राजेंद्र सिंह मेहता और शंकर दत्त सती को 6-0 से हराकर खिताब अपने नाम किया। टीम चैम्पियनशिप के फाइनल में रामनगर ने हल्द्वानी चैलेंजर्स को 2-1 से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। पहले मैच में मोहित सिंह राठौर और मानस तिवारी ने हेम कुमार पांडेय और ललित जोशी को 6-0 से हराया। दूसरे मैच में नमित तिवारी और प्रखर तिवारी ने रजत कुमार सती और हिमांशु तिवारी को 6-4 से पराजित किया। तीसरे मैच में हल्द्वानी के सहर्ष पांडेय और देवेन्द्र सिंह बिष्ट ने रामनगर को 6-1 से हराया, लेकिन कुल स्कोर 2-1 रहने से रामनगर विजेता बना।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल मोहन चंद्र भंडारी और विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त प्रोफेसर अनिल जोशी ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम का संचालन टूर्नामेंट डायरेक्टर सुमित गोयल ने किया।

ग्रामीणों ने डीएम को बताईं समस्याएं

जनता मिलन कार्यक्रम में आईं 49 शिकायतें, डीएम ने समयबद्ध निस्तारण के दिए निर्देश

संवाददाता, चम्पावत

अमृत विचारः सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मनीष कुमार की अध्यक्षता में साप्ताहिक जनता मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनपद के दूरस्थ क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने अपनी व्यक्तिगत, सामाजिक और विकास संबंधी कुल 49 शिकायतें जिलाधिकारी के समक्ष रखीं।

जिलाधिकारी ने पिछले सप्ताह प्राप्त शिकायतों की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने कहा कि शिकायतों का संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए।

कार्यक्रम में ग्राम बिलौन निवासी सोबन सिंह ने वृद्धावस्था पेंशन और किसान सम्मान निधि नहीं मिलने की शिकायत दर्ज कराई। ग्राम बिलोटासेन निवासी दिवान सिंह मेहता ने सीसी मार्ग निर्माण, ग्राम राई खकोड़ा निवासी नारायण सिंह ने बीपीएल राशन कार्ड बनाए जाने तथा ग्राम बडोली निवासी लक्ष्मी दत्त ने घर के समीप से गुजर रही विद्युत लाइन से संबंधित समस्या उठाई। इसके अलावा ग्राम कोट अमोड़ी निवासी गोबिंद बल्लभ ने साइबर अपराध, ग्राम दयारतोली निवासी जगदीश सिंह मेहता ने आधार कार्ड में जन्मतिथि संशोधन तथा ग्राम ककनई निवासी मान सिंह ने पेयजल समस्या से जुड़ी शिकायत दर्ज कराई। वहीं, कृष्णानंद पाठक, पवन सिंह भंडारी, अनिल सिंह तड़ागी और जानकी देवी समेत अन्य लोगों ने भी अपने क्षेत्रों की समस्याएं प्रमुखता से उठाईं। इस अवसर पर सीडीओ डॉ. जीएस खाती, एडीएम कृष्णनाथ गोस्वामी, एसडीएम विपिन पंत, सहायक परियोजना निदेशक विम्मी जोशी और मुख्य शिक्षा अधिकारी मान सिंह रहे।

चम्पावत में जनता मिलन कार्यक्रम में समस्याएं सुनते डीएम मनीष कुमार। ● अमृत विचार

लंबित शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश

अल्मोड़ा : एडीएम युक्ता मिश्रा ने सोमवार को मुख्यमंत्री हेल्पलाइन से संबंधित विभागीय अधिकारियों की वर्चुअल बैठक ली। बैठक में उन्होंने लंबित शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। एडीएम ने विभिन्न विभागों की समीक्षा करते हुए कहा कि शिकायतों के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी विभागों को अपनी प्रगति प्रदर्शित करने के लिए तीन दिन का समय दिया। बैठक के दौरान उत्तराखंड पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीसीएल) की ओर से कोई अधिकारी या प्रतिनिधि शामिल नहीं हुआ। इस पर एडीएम ने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित विभाग से स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिए। युक्ता मिश्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री हेल्पलाइन शासन की प्राथमिकता से जुड़ी व्यवस्था है। जनता की समस्याओं के समाधान के लिए सभी विभागों को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ कार्य करना होगा।

युक्ता मिश्र, एडीएम।

पेयजल योजना का निरीक्षण, दिए निर्देश

नैनीतालः मुख्य विकास अधिकारी अरविन्द कुमार पाण्डे ने सोमवार को जनपद नैनीताल के चोपड़ा क्षेत्र स्थित बसगांव में खनन न्यास मद से लगभग 59 लाख रुपये की लागत से निर्माणाधीन पेयजल योजना का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यों की प्रगति का जायजा लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान महिला नर्सरी (महिला समूह) चोपड़ा, बसगांव द्वारा जल स्रोत को लेकर दर्ज कराई गई आपत्ति पर भी मुख्य विकास अधिकारी ने मौके पर स्थिति का निरीक्षण किया। उन्होंने महिला समूह, ग्रामीणों और विभागीय अधिकारियों से वार्ता कर उनकी समस्याएं और सुझाव सुने। सीडीओ अरविन्द कुमार पाण्डे ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी पक्षों की सहमति और जनहित को प्राथमिकता देते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को बेहतर और सुचारु पेयजल सुविधा उपलब्ध हो सके।

क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने सारा परियोजना के अंतर्गत निर्मित चेक डैम का भी निरीक्षण किया। साथ ही कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए। इस दौरान अधीक्षण अभियंता जल संस्थान, विभागीय अधिकारी और क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

नदियों का चैनलाइजेशन कर छह लाख घन मीटर मलबा हटाया गया

- टनकपुर-बनबसा क्षेत्र में चला विशेष अभियान
- बाढ़ और भू-कटाव रोकने पर विशेष जोर

संवाददाता, टनकपुर

अमृत विचारः मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मार्गदर्शन तथा स्व. सूबेदार शेर सिंह धामी की स्मृति में जनपद चम्पावत में मानसून पूर्व व्यापक स्तर पर नदी चैनलाइजेशन एवं ड्रेजिंग अभियान चलाया गया। अभियान का उद्देश्य जनभागीदारी, पर्यावरण संरक्षण और आपदा न्यूनीकरण रहा।

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बैठक में लिए गए निर्णयों के तहत छह अप्रैल से टनकपुर, बनबसा और आसपास के संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष अभियान संचालित किया गया। सिंचाई विभाग द्वारा छीनीगोठ, आनंदपुर, चंदनी, बमनपुरी, पचपकरियां, खेतखेड़ा, अमोड़ी और देवीपुरा समेत कई क्षेत्रों में नदियों का चैनलाइजेशन और ड्रेजिंग कार्य युद्धस्तर पर कराया गया। टनकपुर और बनबसा क्षेत्र की हुड्डी, शारदा, किरोड़ा और लधिया नदियों में बढ़ते भू-कटाव, संभावित बाढ़ और जलभराव के खतरे को देखते हुए वन क्षेत्रों में सिल्टेशन रोकने तथा जल निकासी को सुचारु बनाए रखने के लिए विशेष कार्यवाही की गई। अभियान के दौरान मशीनों और श्रमिकों की मदद से नदियों के बहाव को मध्य भाग में केंद्रित किया गया, जिससे नदी किनारों पर दबाव कम होने के साथ आबादी और कृषि भूमि को कटाव से बचाने में सहायता मिलेगी।

करीब एक माह तक चले अभियान में विभिन्न नदियों से लगभग छह लाख 15 हजार घन मीटर मलवा हटाया गया। इससे मानसून के दौरान संभावित बाढ़ के खतरे में कमी आने, जल निकासी व्यवस्था बेहतर होने और कृषि भूमि को सुरक्षित रखने में मदद मिलेगी। जिलाधिकारी मनीष कुमार ने कहा कि वर्षा ऋतु से पहले यह कार्य पूरा कर लिया गया है, जिससे हुड्डी नदी समेत अन्य नदियों के बढ़ते जलस्तर और संभावित आपदा जोखिम को नियंत्रित करने में सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह पहल केवल आपदा न्यूनीकरण तक सीमित नहीं है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम है।

शारदा में चैनलाइजेशन कार्य में जुटी मशीनें। ● अमृत विचार

शहीद दिनेश बिष्ट को किया नमन

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचारः हवालबाग ब्लॉक के फलसीमा में सोमवार को अमर शहीद सैनिक दिनेश बिष्ट की स्मृति में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान शहीद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर वीर सपूत को नमन किया गया और उनके देश सेवा में दिए गए योगदान को याद किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ उत्तराखंड सरकार में दर्जा राज्य मंत्री गोविंद सिंह पिलख्वाल ने किया। उन्होंने शहीद की माता बिशनी देवी को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर पिलख्वाल ने कहा कि आजादी से पहले और बाद में उत्तराखंड के वीर सपूतों ने देश की रक्षा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि आज ही के दिन मणिपुर में आतंकी हमले में वीर सैनिक दिनेश बिष्ट शहीद हुए थे और राष्ट्र उनके बलिदान को सदैव याद रखेगा। कार्यक्रम में अन्य वक्ताओं ने भी शहीद दिनेश बिष्ट के अदम्य साहस और शौर्य को नमन किया। इस मौके पर पूर्व विधायक कैलाश शर्मा, जिला पंचायत सदस्य प्रेम सिंह लटवाल, ग्राम प्रधान चम्पा बिष्ट, क्षेत्र पंचायत सदस्य दीपा देवी, राजेंद्र सिंह बिष्ट, भगवत बिष्ट, बिशन सिंह बिष्ट, मनोज बिष्ट, वीरेंद्र सिंह, बलवंत बिष्ट, किशन बिष्ट, दीपक सिंह, गोलू बिष्ट, लक्ष्मण सिंह बिष्ट, त्रिलोक सिंह, भुवन सिंह, भूपाल सिंह, माया देवी, किरन बिष्ट, महिमा बिष्ट, अनिता देवी, सावित्री देवी और नंदी देवी रहे।

शहीद की माता को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित करते दर्जा मंत्री गोविंद पिलखवाल।

मथुरादत्त स्मृति भवन का हुआ शिलान्यास

रामनगरः साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित साहित्यकार मथुरादत्त मठपाल की स्मृति में बनने जा रहे मथुरादत्त मठपाल स्मृति भवन का सांवल्दे, पश्चिम में विधिवत शिलान्यास किया गया।

इस अवसर पर वरिष्ठ संस्कृतिकर्मी जहूर आलम, जनकवि बल्ली सिंह चीमा, दुदबोली पत्रिका के संपादक चारु तिवारी, वरिष्ठ पत्रकार विनोद पपनै, आर्किटेक्ट एमएस नेगी, मथुरादत्त मठपाल की सहधर्मिणी नंदिनी मठपाल, प्रो. गिरीश चंद्र पंत तथा प्रधानाचार्य विशन सिंह मेहता सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने भवन के शिलान्यास में सहभागिता की। कार्यक्रम संयोजक नवेंदु मठपाल ने बताया कि जनसहयोग से यह भवन लगभग दो वर्षों में बनकर तैयार होगा।

कांग्रेस के मंसूबे नहीं होंगे कामयाब: रुचि

- चम्पावत दुष्कर्म मामले को लेकर कांग्रेस पर साधा निशाना

संवाददाता, टनकपुर

अमृत विचारः भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष रुचि भट्ट ने कांग्रेस पर निम्न स्तर की राजनीति करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास राज्य की जनता के लिए कोई विजन नहीं है और वह सरकार पर निराधार आरोप लगाकर राजनीति कर रही है।

टनकपुर दौरे पर पहुंचीं रुचि भट्ट ने महिला कार्यकर्ताओं की बैठक ली और केंद्र व राज्य सरकार की ओर से महिलाओं के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। इसके बाद मीडिया से बातचीत में उन्होंने चम्पावत के कथित फर्जी सामूहिक दुष्कर्म प्रकरण को लेकर कांग्रेस की भूमिका की आलोचना की। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस प्रदेश सचिव आनंद सिंह मेहरा ने इस मामले में ओछी राजनीति की और इंटरनेट मीडिया पर नाबालिग को लेकर आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जनता की नजरों में पूरी तरह गिर चुकी है और उसका उद्देश्य केवल धामी सरकार को बदनाम कर सत्ता हासिल करना है।

रुचि भट्ट ने कहा कि प्रदेश की जनता कांग्रेस के मंसूबों को कभी सफल नहीं होने देगी। इस दौरान दर्जा राज्य मंत्री हेमा जोशी, प्रदेश महामंत्री रश्मि रस्तोगी, प्रदेश कार्यालय प्रभारी बबली चौहान, प्रदेश सोशल मीडिया सह संयोजक सुनीता मुरारी, कुमाऊं सह संयोजक विनीता फर्त्याल, जिलाध्यक्ष दीपा जोशी, मंडल अध्यक्ष तुलसी कुंवर, जिला महामंत्री सरोज चंद, जिला उपाध्यक्ष अनीता यादव, जिला उपाध्यक्ष रुचि धस्माना और महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष बबीता गोस्वामी समेत कई कार्यकर्ता रहे।

टनकपुर में पत्रकारों से वार्ता करतीं भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष रुचि भट्ट, साथ में कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

कार्यक्रम शारदा पब्लिक स्कूल में उस्ताद आफाक हुसैन खां की स्मृति में सजी सुरों की शाम, कलाकारों ने मोहा मन

शास्त्रीय संगीत की महफिल ने बांधा समां, श्रोता गदगद

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचारः नगर के शारदा पब्लिक स्कूल में लखनऊ घराना तबला के खलीफा उस्ताद आफाक हुसैन खां की स्मृति में शास्त्रीय संगीत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लखनऊ, दिल्ली और मुंबई से पहुंचे कलाकारों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विशिष्ट अतिथि उस्ताद इल्मास हुसैन खां ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके बाद राजेंद्र नयाल और सुनील कुमार के शिष्य ऋतु जोशी एवं राजकुमार की जुगलबंदी ने समां बांध दिया। लखनऊ की शास्त्रीय गायिका रश्मि चौधरी ने अपने मधुर गायन से श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। उनके साथ तबले पर उस्ताद इल्मास हुसैन खां, हारमोनियम पर दिनकर द्विवेदी तथा तानपुरे पर ऋतु जोशी और नेहा मुनगली ने संगत की।

कार्यक्रम के समापन पर मुंबई से आए पंडित योगेश समसी ने एकल तबला वादन से दर्शकों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। इस दौरान विद्यालय के प्रबंधक अधिवक्ता शेखर लखचौरा, प्रधानाचार्या विनीता शेखर लखचौरा, नवीन बिष्ट, राघव पंत, अशोक पांडे, राजेंद्र सिंह नयाल, सुनील कुमार, माधुरी कैड़ा, भास्कर साह, कल्याण मनकोटी, प्रकाश बिष्ट, बीएस मनकोटी, डॉ. जेसी दुर्गापाल, पीसी तिवारी, कृतिका भट्ट, दीप वर्मा, राजेंद्र तिवारी, नीरज भट्ट, मोनू पांडे, धनीधर पांडे, निवेदिता बर्थवाल, नीरज बिष्ट और जंग बहादुर थापा आदि संगीत प्रेमी मौजूद रहे।

अल्मोड़ा में उस्ताद आफक हुसैन खां साहब की स्मृति में शास्त्रीय संगीत कार्यक्रम हुआ।

रंगकर्मी हुए सम्मानित

शारदा पब्लिक स्कूल की ओर से संगीत एवं रंगमंच के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए वरिष्ठ रंगकर्मी लता पांडे, पंडित चंद्रशेखर तिवारी, प्रभात लाल साह और निर्मल पंत समेत अन्य कलाकारों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया।

चिकित्सा बिलों में कटौती पर रोष

- पेंशनर्स गोल्डन कार्ड योजना के तहत भुगतान में कटौती पर भड़के

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचारः पेंशनर्स वेलफेयर आर्गेनाइजेशन की मासिक बैठक सोमवार को आयोजित हुई। बैठक में पेंशनर्स से जुड़ी समस्याओं के साथ नगर की विभिन्न जनसमस्याओं पर चर्चा की गई। इस दौरान गोल्डन कार्ड योजना के तहत चिकित्सा प्रतिपूर्ति बिलों में कटौती किए जाने पर सदस्यों ने नाराजगी जताई।

बैठक में बताया गया कि लक्ष्मण ऐठानी की पत्नी का उपचार दिल्ली में हुआ था। उपचार से संबंधित सत्यापित बिल निदेशक चिकित्सा, देहरादून को भेजे गए, लेकिन सात लाख रुपये के बिल में से लगभग आधी धनराशि काट ली गई। सदस्यों ने कहा कि ढाई लाख रुपये से अधिक की राशि केवल दवाओं में खर्च हुई थी, बावजूद इसके पूरी प्रतिपूर्ति नहीं की गई। साथ ही उनकी पेंशन से भी नियमित कटौती की जा रही है। इस मामले पर संगठन के सदस्यों ने रोष व्यक्त करते हुए चिकित्सा प्रतिपूर्ति देयकों का बिना कटौती भुगतान किए जाने की मांग उठाई। जिलाध्यक्ष हेम जोशी ने कहा कि पेंशनर्स को अनावश्यक परेशान किया जा रहा है। उन्होंने पेंशन में वृद्धि की मांग भी उठाई। बैठक में चंद्रमणि भट्ट, आनंद बगडवाल, डॉ. गोकुल रावत, पीएस सत्याल, पुष्पा कैड़ा, रमेश पांडेय, सुनयना मेहरा, किशोर जोशी, गिरीश जोशी, मोहन विरोडिया, विपिन जोशी, मदन मेरे, भगीरथ पांडेय, सतीनाथ साह, केपी जोशी, अनुजा साह, रमा भट्ट, बसंत बल्लभ पंत और नंदन बोरा समेत कई सदस्य मौजूद रहे।

अल्मोड़ा में पेंशनर्स वेलफेयर आर्गेनाइजेशन की बैठक में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

जब हौसले बुलंद हों, तो पहाड़ भी एक मिट्टी का ढेर लगता है।
–छत्रपति शिवाजी

विस्तार के संदेश

उत्तर प्रदेश में लंबे इंतजार के बाद हुआ मंत्रिमंडल विस्तार आगामी विधानसभा चुनावों से पहले भाजपा की व्यापक राजनीतिक रणनीति का हिस्सा है। मुख्यमंत्री की टीम में छह नए चेहरों को शामिल करना और दो मंत्रियों को पदोन्नति देना इस बात का संकेत है कि भाजपा चुनाव से पहले संगठन, सरकार और सामाजिक समीकरणों के बीच नया संतुलन स्थापित करना चाहती है। यह विस्तार ऐसे समय हुआ है जब राज्य में चुनावी तैयारियां तेज हो चुकी हैं और हर राजनीतिक दल अपने सामाजिक आधार को मजबूत करने में जुटा है।

2017 से ही योगी सरकार स्थिर और प्रभावी काम कर रही है फिर भी विस्तार की आवश्यकता इसलिए थी, क्योंकि कोई भी सरकार चुनाव से पहले उपलब्धियों के भरोसे रहने के साथ सामाजिक प्रतिनिधित्व, क्षेत्रीय असंतोष और संगठनात्मक संदेशों को भी संतुलित करने का प्रयास करती है। भाजपा समझती है कि उत्तर प्रदेश जैसा विशाल और विविध राज्य केवल प्रशासनिक प्रदर्शन से नहीं, बल्कि जातीय, क्षेत्रीय और राजनीतिक सहभागिता के संतुलन से भी संचालित होता है। विस्तार का सबसे बड़ा सकारात्मक पहलू यह है कि इसमें विभिन्न सामाजिक समूहों और क्षेत्रों को प्रतिनिधित्व देने का प्रयास है। गैर-यादव पिछड़ा वर्ग, गैर-जाटव दलित समुदायों और क्षेत्रीय जातीय समूहों के बीच आधार मजबूत करती जा रही, भाजपा ने मंत्रिमंडल विस्तार के जरिए इन वर्गों को यह संदेश दिया गया कि सरकार में उनकी भागीदारी बनी हुई है। यह केवल सत्ता-साझेदारी नहीं, बल्कि चुनावी मनोविज्ञान का भी हिस्सा है। नए मंत्री अगले नौ महीनों में नई नीतियां बनाने, लागू करने, उनके परिणाम जमीन पर दिखाने का विकासात्मक चमत्कार संभवतः नहीं कर पाएंगे। ऐसे में इस विस्तार का उद्देश्य तत्काल प्रशासनिक बदलाव से अधिक राजनीतिक और मनोवैज्ञानिक प्रभाव पैदा करना लगता है।

नए मंत्री अपने विभागों के जरिए स्थानीय स्तर पर सक्रियता बढ़ाएंगे, संगठन और सरकार के बीच संपर्क मजबूत करेंगे और चुनाव से पहले सरकार के पक्ष में वातावरण बनाएंगे, हालांकि इस प्रक्रिया का एक दूसरा पक्ष भी है। जिन मंत्रियों के विभागों का कार्यभार कम किया जाएगा, उनके बारे में यह संदेश जा सकता है कि वे अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए, लेकिन राजनीति में यह केवल 'असफलता' का संकेत नहीं होता; कई बार यह चुनावी संतुलन साधने की अनिवार्यता भी होती है। भाजपा नेतृत्व संभवतः यह संदेश देना चाहता है कि सरकार गतिशील है और समय-समय पर बदलाव करने को तैयार है। मंत्रियों की संख्या और गुड गवर्नेंस में कोई सीधा संबंध नहीं है। अधिक मंत्री बना देने से शासन बेहतर नहीं हो जाता। प्रशासनिक दक्षता अंततः निर्णय क्षमता, नौकरशाही के साथ समन्वय और नीतियों के क्रियान्वयन पर निर्भर करती है। फिर भी बड़े मंत्रिमंडल कई बार बेहतर राजनीतिक प्रतिनिधित्व तो देते हैं, हालांकि समन्वय की जटिलताएं भी बढ़ाते हैं। मंत्रिमंडल विस्तार से सरकारी खर्च बढ़ता है। नए मंत्रियों के कार्यालय, स्टाफ, सुरक्षा और सुविधाओं पर अतिरिक्त बोझ पड़ता है, लेकिन भारतीय राजनीति में इसे अक्सर 'राजनीतिक निवेश' के रूप में देखा जाता है, खासकर चुनावी वर्ष में।

प्रसंगवश

गंभीर चेतावनी हैं खुदकुशी के बढ़ते हुए आंकड़े

भारत जैसे युवा और संभावनाओं से भरे देश में आत्महत्या के बढ़ते मामले केवल आंकड़े नहीं हैं, बल्कि वे समाज, अर्थव्यवस्था और व्यवस्था के सामने खड़े गहरे संकट का संकेत हैं। जब कोई व्यक्ति जीवन से हार मानकर इतना कठोर कदम उठाता है, तो यह केवल एक व्यक्तिगत त्रासदी नहीं होती, बल्कि परिवार, समाज और पूरे देश के लिए चिंतन का विषय बन जाती है।

नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो की रिपोर्टें लगातार यह संकेत दे रही है कि देश में आत्महत्या के मामलों में कमी आने के बजाय कई वर्षों से बढ़ोतरी देखी जा रही है। सबसे अधिक चिंता की बात यह है कि इन मामलों में युवाओं, छात्रों, किसानों, मजदूरों, छोटे कारोबारियों और नौकरीपेशा और गृहणियों की संख्या भी उल्लेखनीय है। यह स्थिति बताती है कि समस्या किसी एक वर्ग तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के लगभग हर हिस्से को प्रभावित कर रही है।

संजीव मेहरोत्रा
रिटायर्ड बैंककर्मी

आत्महत्या के पीछे कारण अनेक हैं। आर्थिक असुरक्षा, बेरोज़गारी, बढ़ती महंगाई, कर्ज़ का बोझ, नौकरी का तनाव, पारिवारिक विवाद, सामाजिक दबाव और भविष्य को लेकर अनिश्चितता— ये सभी मिलकर व्यक्ति को मानसिक रूप से कमजोर कर सकते हैं। इसके साथ ही अकेलापन और डिप्रेशन जैसी मानसिक स्वास्थ्य चुनौतियां भी बड़ी भूमिका निभाती हैं। दुखद यह है कि आज भी मानसिक स्वास्थ्य को लेकर समाज में खुलकर बात करने की संस्कृति पूरी तरह विकसित नहीं हो सकी है।

विशेष रूप से युवाओं और छात्रों के बीच बढ़ती प्रतिस्पर्धा, परीक्षा और करियर का दबाव, सामाजिक तुलना और डिजिटल दुनिया में सफलता की कृत्रिम छवि कई बार मनोवैज्ञानिक दबाव को और बढ़ा देती है। दूसरी ओर किसानों और मजदूरों के सामने आय की अस्थिरता, बढ़ती लागत और सामाजिक सुरक्षा की कमी जैसी समस्याएं हैं। यह स्पष्ट है कि आत्महत्या केवल मानसिक स्वास्थ्य का विषय नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक न्याय से जुड़ा प्रश्न भी है।

सरकार ने मेंटल हेल्थ एक्ट 2017 जैसे कदमों के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य को अधिकार के रूप में स्वीकार किया है, लेकिन ज़मीनी स्तर पर अभी बहुत काम बाकी है। जिला स्तर तक काउंसलिंग सेवाएं, हेल्पलाइन, स्कूल-कॉलेजों में मनोवैज्ञानिक सहायता, कार्यस्थलों पर तनाव प्रबंधन और संकटग्रस्त परिवारों के लिए सामाजिक सुरक्षा तंत्र को मजबूत करना समय की मांग है।

समाज को भी अपनी भूमिका समझनी होगी। परिवारों में संवाद, मित्रों के बीच संवेदनशीलता, कार्यस्थलों पर मानवीय माहौल और समुदाय स्तर पर सहयोग की संस्कृति कई जिंदगियां बचा सकती हैं। किसी व्यक्ति की चुप्पी, उदासी या व्यवहार में बदलाव को नजरअंदाज करना कभी-कभी भारी पड़ सकता है।

आत्महत्या के बढ़ते आंकड़े हमें यह याद दिलाते हैं कि विकास केवल आर्थिक वृद्धि से नहीं मापा जा सकता। वास्तविक विकास वही है, जिसमें हर नागरिक को सम्मान, सुरक्षा, अवसर और उम्मीद मिले। यह समय आंकड़ों पर हैरान होने का नहीं, बल्कि उन कारणों को दूर करने का है, जो लोगों को जीवन से निराश कर रहे हैं। तभी एक स्वस्थ, संवेदनशील और आत्मविश्वासी समाज का निर्माण संभव होगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

भारत-रूस व्यापार में अवसर और अवरोध

विवेक शुक्ला
पूर्व प्रधान सूचना अधिकारी यूएई एंबेसी

भारत निकट भविष्य में रूस के साथ अपने आपसी व्यापार को सालाना 100 अरब डॉलर तक बढ़ाने का लक्ष्य रखता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर दोनों ही इस लक्ष्य के प्रति भारत की मजबूत प्रतिबद्धता स्पष्ट कर चुके हैं। इस बीच, दुनिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और युद्धों के कारण वैश्विक व्यापार के रिश्ते तेजी से बदल रहे हैं। इन्हीं बदलावों के बीच रूस, भारतीय निर्यातकों के लिए एक साथ बड़ा अवसर और बड़ी चुनौती बनकर सामने आया है।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने 23 मार्च 2026 को कहा, 'दोनों पक्ष वर्तमान वार्षिक व्यापार को 68.7 अरब डॉलर से बढ़ाकर 2030 तक 100 अरब डॉलर तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, लेकिन संतुलित तरीके से।' उन्होंने गैर-टैरिफ बाधाओं को दूर करने, नियामक अड़चनों को समाप्त करने, भारत की कुशल कार्यशक्ति का लाभ उठाने और भारत-यूरेशियन इकोनॉमिक यूनियन मुक्त व्यापार समझौते की प्रगति पर जोर दिया।

यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद पश्चिमी कंपनियां रूस से लगभग पूरी तरह दूर हो गई हैं। इसके परिणामस्वरूप वहां मशीनरी, इलेक्ट्रॉनिक्स, दवाइयां, रसायन, कपड़ा, खाद्य उत्पाद, इंजीनियरिंग सामान और औद्योगिक उपकरणों की भारी कमी पैदा हो गई है। रूसी खरीदार अब भारतीय आपूर्तिकर्ताओं को सक्रिय रूप से बुला रहे हैं। कम प्रतिस्पर्धा, अच्छी मांग और ज्यादा मुनाफे की संभावना साफ नजर आ रही है।

वाणिज्य मंत्रालय के जानकारों के अनुसार, इस आकर्षण के पीछे एक गंभीर मसला भी छिपा हुआ है। अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबंधों का जाल, भुगतान व्यवस्था में आने वाली जटिलताएं, छिपे हुए अंतिम उपयोगकर्ता और कंपनी की प्रतिष्ठा को लगने वाला लंबा नुकसान किसी भी निर्यातक के लिए भारी पड़ सकता है।

वित्त वर्ष 2024-25 में भारत-रूस के बीच द्विपक्षीय व्यापार रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचकर 68.7 अरब डॉलर तक पहुंच गया। इसमें भारतीय निर्यात करीब 4.9 अरब डॉलर रहा, जबकि आयात- जो मुख्य रूप से कच्चे तेल, पेट्रोलियम उत्पाद, खाद और अन्य वस्तुओं से बना है- 63.8 अरब डॉलर रहा। दोनों देशों ने 2030 तक 100 अरब डॉलर का द्विपक्षीय व्यापार लक्ष्य तय किया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पांच दिसंबर 2025 को आशावादी स्वर में कहा कि भारत और रूस को 2030 तक इंतजार नहीं करना पड़ेगा। वे इससे पहले ही 100 अरब डॉलर के लक्ष्य को पार कर सकते हैं। उन्होंने रूस से ज्यादा निवेश आमंत्रित किया और दोनों देशों के आर्थिक संबंधों में चल रही तेज रफ्तार को रेखांकित किया।

भारत के रूस राजदूत विनय कुमार ने भरोसा जताते हुए कहा, 'भारत और रूस 2030 तक 100 अरब डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहे हैं। यह लक्ष्य पूरी तरह संभव है।' उन्होंने उर्वरक, कृषि, इंजीनियरिंग क्षेत्र में नई वस्तुओं के निर्यात और दोनों देशों की अपनी मुद्राओं के ज्यादा उपयोग पर विशेष जोर दिया। यह बढ़ता व्यापार भारतीय निर्यातकों को स्वाभाविक रूप से आकर्षित कर रहा है। जब हम रूस से इतना ज्यादा सामान खरीद रहे हैं, तो निर्यात बढ़ाकर संतुलन क्यों न बनाया जाए? यहां एक महत्वपूर्ण अंतर समझना बहुत जरूरी है।

2022 के बाद रूस एक सामान्य बाजार नहीं रहा है। सामान अक्सर सिविलियन उपयोग के नाम पर भेजा जाता है, लेकिन मध्यस्थों के जरिए उसे दूसरी दिशा दी जा सकती है। भुगतान घुमावदार रास्तों से होता है और अंतिम उपयोगकर्ता अक्सर छिपे रहते हैं। अमेरिकी प्रतिबंधों का असर भी भारतीय कंपनियों पर पड़ चुका है। 30 अक्टूबर 2024 को अमेरिकी ट्रेजरी विभाग के विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय (OFAC) ने रूस-यूक्रेन युद्ध से जुड़े प्रतिबंधों के उल्लंघन के आरोप में 21 भारतीय संस्थाओं (19 कंपनियां और 2 व्यक्ति) पर प्रतिबंध लगा दिए। भारत सरकार ने इन घटनाओं पर गंभीरता से संज्ञान लिया। संसद में इस पर चर्चा हुई।

28 नवंबर 2024 को राज्यसभा में अनस्टार्ड प्रश्न संख्या 412 के जवाब में विदेश मंत्रालय के राज्य मंत्री श्री कीर्ति वर्धन सिंह ने इसकी पुष्टि की। 20 दिसंबर 2024 को लोकसभा में भी इस संबंध में जानकारी दी गई। सितंबर 2025 में अमेरिकी उद्योग और सुरक्षा ब्यूरो ने एक भारतीय कंपनी को काली सूची में डाल दिया, क्योंकि वह अमेरिकी मूल की वस्तुएं रूस भेज रही थी। ये उदाहरण साफ बताते हैं कि भारतीय कंपनियों को रूस के साथ काम करते समय बहुत सोच-समझकर कदम उठाना होगा।

भारत एकतरफा प्रतिबंधों को मान्यता नहीं देता और अपनी ऊर्जा सुरक्षा को प्राथमिकता देता है। जैसा कि राजदूत विनय कुमार ने कहा, भारत अपने 1.4 अरब नागरिकों की सेवा के लिए जहां बेहतर सौदा मिले, वहां से सामान खरीदेगा। फिर भी निजी क्षेत्र के लिए संदेश बहुत स्पष्ट है। ड्यू डिलीजेंस सिर्फ इनवॉइस या बुनियादी रजिस्ट्रेशन जांच तक सीमित नहीं होनी चाहिए। कम जोखिम वाले उपभोक्ता सामान, कुछ दवाइयां और खाद्य उत्पाद सामान्य सावधानी के साथ भेजे जा सकते हैं, लेकिन बड़े औद्योगिक सामान या संवेदनशील उत्पादों में अंतिम उपयोगकर्ता की पूरी जांच, भुगतान की पारदर्शिता और कानूनी अनुपालन अनिवार्य है।

विदेश मंत्री एस जयशंकर कहते हैं कि भारत रूस के साथ गहरे और टिकाऊ संबंध चाहता है, लेकिन लंबे समय के हितों से कभी समझौता नहीं करेगा। जो निर्यातक सख्त नियमों का पालन करेंगे, वे मौजूदा समय में अच्छा फायदा उठा सकते हैं। जो बिना सोचे-समझे कदम उठाएंगे, वे खुद को नुकसान पहुंचा सकते हैं। गंभीर भारतीय व्यवसायी रूस को अवसर और परीक्षा दोनों की तरह देख रहे हैं। वे जहां सुरक्षित हो, वहां लाभ कमाएंगे और पूरे उद्यम को प्रतिबंधों के जाल से बचाकर रखेंगे। बढ़ी हुई जांच के इस दौर में सतर्कता कोई विकल्प नहीं, बल्कि टिकाऊ वैश्विक व्यापार की अनिवार्य शर्त है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

दुनिया में भू-राजनीतिक तनाव और युद्ध के कारण व्यापार के रिश्ते तेजी से बदल रहे हैं। इसी बदलाव के बीच रूस, भारतीय निर्यातकों के लिए एक साथ बड़ा मौका और बड़ी चुनौती बनकर सामने आया है।

आमने

ममता बनर्जी की हार देखकर भी अखिलेश यादव को सबक नहीं मिल रहा है। पंजाब में अकाली दल, महाराष्ट्र में शिव सेना जैसे क्षेत्रीय दलों का हश्र क्या हुआ है। बीजेपी उन्हें भी खा जाएगी। देश में राहुल गांधी ही एकमात्र नेता हैं, जो भाजपा से मुकाबला कर सकते हैं।

–इमरान मसूद
कांग्रेस सांसद

सामने

कांग्रेस नेता को सपा को नसीहत देने से बचना चाहिए। ऐसे बयान का सीधा लाभ भाजपा को मिलता है। 37 वर्षों तक समाजवादियों ने ही भाजपा और सांप्रदायिक शक्तियों से मुकाबला किया है। सपा ने हमेशा लोकतांत्रिक और धर्मनिरपेक्ष मूल्यों की रक्षा के लिए संघर्ष किया है।

–हाजी फजलुर्रहमान
सपा नेता

क्रूज कल्चर: जितना रोमांच उतनी ही चुनौतियां

अजय दयाल
हल्द्वानी

मध्यप्रदेश के जबलपुर (बरगी बांध) में हुए हादसे के बाद भारत में तेजी से बढ़ता क्रूज कल्चर सवालों के घेरे में है, दरअसल तैयारी भारत को 2029 तक एक प्रमुख क्रूज पर्यटन स्थल में बदलने की है। इस बीच ऐसा हादसा वाकई सचेत करने वाला है, जिसमें 13 पर्यटकों की जान चली गई और तमाम यात्रियों की जिंदगी जैसे-तैसे बची। अब सवाल यह है सुरक्षा की नजर से क्रूज के मानक क्या तय किए गए हैं। जैसे- उसमें लोगों को बैठाने की संख्या, सेफ्टी जैकेट या अन्य उपकरण, मेनटेनेंस, जिसमें उसके संचालन की समय सीमा भी तय हो? बीस साल पुराने क्रूज में अगर यह सबकुछ तय था, तो दुर्घटना के बिंदुओं को चिह्नित करना ही होगा।

अब इस संबध में सरकारी नीतियों पर गौर करें, तो पाएंगे कि सरकार द्वारा बंदरगाह शुल्कों को तार्किक बनाना, ई-वीजा की सुविधा देना और आधुनिक क्रूज टर्मिनलों का निर्माण करना, जैसे कदम इंडस्ट्री को बढ़ावा दे रहे हैं। इसी कड़ी में पर्यावरण के अनुकूल विकल्प भी तलाशे जा रहे हैं। जैसे दिल्ली और अन्य जगहों पर अब सोलर और इलेक्ट्रिक हाइब्रिड क्रूज भी उतारे जा रहे हैं, लेकिन क्रूज कल्चर के विस्तार के साथ ही सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करना एक गंभीर विषय बना हुआ है। यह विषय और भी संजीदा हो जाता है, जबकि हाल ही में मध्य प्रदेश के जबलपुर में बरगी बांध में क्रूज हादसा हुआ। यह हादसा इस सेक्टर में कड़े सुरक्षा नियमों पर मंथन करने पर विवश करता है। गंगा जैसी पवित्र नदियों पर व्यावसायिक क्रूज के संचालन को लेकर कुछ स्थानीय और धार्मिक असंतोष की बातें भी सामने आती रही हैं।

हम पर्यटन इंडस्ट्री में बूम लाने को समुद्र के ग्लैमर को छोटी नदी तक उतारने को आमादा हैं, दरअसल इसमें दो राय नहीं कि भारत में क्रूज कल्चर को बढ़ावा देने के प्रमुख कारण बढ़ती आय और बदलता लाइफस्टाइल है। खासकर मध्यम वर्ग और युवाओं में अब पारंपरिक वेकेशन के बजाय लग्जरी और थीम-बेस्ड यात्राओं का क्रेज बढ़ा है। पहले यह धनवान कहे जाने वालों तक सीमित था। इस क्षेत्र को समझें तो पाते हैं कि भारत क्रूज भारत मिशन (सीबीएम), मैरीटाइम इंडिया विजन (एमआईवी-2030) और आईडब्ल्यूएआई के नेतृत्व वाली नई साझेदारियों के माध्यम से क्रूज पर्यटन को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिसका लक्ष्य नदियों और तटों पर एक वैश्विक केंद्र बनना है।

इस कल्चर का उद्देश्य भी समझ लीजिए। यह छुट्टियों में घूमने का आनंद उठाने एक विकल्प है, जो समुद्री क्रूज और नदी क्रूज (अंतर्देशीय जलमार्गों पर) के माध्यम से यात्रा, आतिथ्य और दर्शनीय स्थलों को जोड़ने के साथ एक अनूठा सुखद अनुभव देता है। भारत का प्राकृतिक विस्तार इस इंडस्ट्री का आधार है, दरअसल भारत की 7,500 किलोमीटर लंबी तटरेखा है, 12 प्रमुख और लगभग 200 छोटे बंदरगाह हैं और 111 राष्ट्रीय जलमार्ग हैं, जो 20,000 किलोमीटर से अधिक नौगम्य नदियों और नहरों को कवर करते हैं। 1,300 से अधिक द्वीप और तटीय राज्य भारत की समुद्री और अंतर्देशीय क्रूज पर्यटन क्षमता को बढ़ावा देते हैं।

जमीनी तौर पर समझें तो पाते हैं कि दिल्ली में यमुना के लिए इलेक्ट्रिक-सोलर हाइब्रिड नावों का उपयोग करके चार किलोमीटर लंबी पर्यावरण-अनुकूल क्रूज विकसित करने के लिए आईडब्ल्यूएआई और दिल्ली सरकार के बीच मार्च 2025 में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए थे, वहीं उसी समय जम्मू और कश्मीर के चेनाब, झेलम और रावी पर क्रूज विकास के लिए समझौता किया गया। इसी तरह मध्य प्रदेश और गुजरात में त्रिपक्षीय समझौते के तहत कुक्षी-सरदार सरोवर मार्ग पर क्रूज सेवाएं शुरू की गईं।

सच पूछिए तो क्रूज कल्चर के माध्यम से पर्यटन इंडस्ट्री को बूस्ट करना नदी क्रूज पर्यटन रोडमैप 2047 के तहत है। इसे समुद्री अमृत काल विजन 2047 के हिस्से के रूप में भी हम समझ सकते हैं। इसी कारण भारत को 2029 तक एक प्रमुख क्रूज पर्यटन स्थल में बदलने के उद्देश्य से 2024 में सीबीएम की शुरुआत की गई थी। बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय के नेतृत्व में इसका लक्ष्य वित्त वर्ष 2023-24 में 4.71 लाख से क्रूज यात्री यातायात को 2029 तक दोगुना करना है। इस मिशन को 3 चरणों में कार्यान्वित किया जाएगा, जिसमें टर्मिनल विकास, डिजिटलीकरण, डीकार्बोनाइजेशन और क्षेत्रीय गठबंधन (यूएई, मालदीव, सिंगापुर) शामिल हैं।

वहीं, एमआईवी, 2030 का लक्ष्य अगले दशक में आठ गुना वृद्धि के लक्ष्य के साथ भारत को एक प्रमुख वैश्विक क्रूज पर्यटन केंद्र बनाना है। यह महासागरीय, तटीय, द्वीपीय और अंतर्देशीय क्रूज विकास पर केंद्रित होगा, जबकि, 2047 के लिए एक राष्ट्रीय क्रूज अवसंरचना मास्टर प्लान और ई-वीजा और ई-क्लियरेंस जैसी पहल का उद्देश्य कनेक्टिविटी और पर्यटन को बढ़ावा देना है।

भारत में क्रूज कल्चर को बढ़ावा देने के पीछे बढ़ती आय और बदलता लाइफस्टाइल है। युवाओं में अब पारंपरिक वेकेशन के बजाय लग्जरी और थीम-बेस्ड यात्राओं का क्रेज बढ़ा है।

सोशल फोरम

जो 'मृत' है वही स्मृति है

मृत्यु लेख कोई कैसे लिखे... मित्र!

किसी के जाने पर सबसे पहले कौन सी स्मृति सामने आती है?

स्मृति....'स्मृत' में जो 'मृत' है वही स्मृति है... इसमें अच्छा या बुरा कुछ नहीं होता, हो ही नहीं सकता, सिर्फ उदासी के लिबास में लिपटी स्मृति होगी।

डॉ. शोभा जैन
लेखिका

फिर

मृत्यु लेख कोई कैसे लिखे... मित्र!

मृत्यु तो मौन सत्य है उस पर मौन ही रहा जा सकता है। या फिर कोई ऐसा शोक गीत जो मेरी अनुभूति में केवल स्मृति प्रधान बन सके।

कुछ लोगों की मृत्यु एकल नहीं होती, उनके साथ बहुत कुछ अंतिम रूप ले लेता है। उनकी मृत्यु का कोई समय नहीं लिख सकती मैं। वे जब भी जाते उनका जाना 'असमय' ही लिखा जाता मेरी ओर से...।

मिलान कुंदेरा के शब्दों में-

'विस्मृति के विरुद्ध स्मृति का संघर्ष है।'

इसे लिखने का अर्थ समय की अनंत अवधारणा में उतरना। यह समय-मीमांसा है। देखने में जितनी व्यावहारिक अनुभव होती है उतनी है नहीं।

मेरे लिए इस शोक को शब्दों में उतारने का अर्थ एक ऐसा अनुवाद करना, जो मेरे जैसे एकल भाषा-भाषी के लिए संभव ही नहीं।

दुख या शोक का कोई अनुवाद भला कैसे करे?

कौन सी भाषा के सांचे में ढालूंगी उसे.. क्या वे शब्द उस देह को कंपन दे सकेंगे?

लिखते हुए कुछ भ्रम और सच साथ-साथ चलेंगे। जो उनकी स्मृतियों के साथ जुड़े रहे। ये अलग बात है केवल शब्द ही हैं, जिसके साथ हम वहां लौट सकते हैं, जहां कदम कभी पहुंच भी नहीं सकते।

सिर्फ इतना ही कह सकती हूं, वे एक तारा थे, जो सहसा बुझ गया। कभी-कभी उन्हें याद कर हम अचानक से चौक जाते हैं। फिर अब कुछ तनाव में कुछ कड़ियां जोड़ने लगती हूं, जो इधर-उधर थी।

भले ही दिवंगत आत्मा के साथ कुछ मतभेद रहे हों, लेकिन उनकी मृत्यु के प्रति पूरी निष्ठा से लिखा जाना चाहिए।

–फेसबुक वॉल से

सामयिकी

नेपाल: उल्टे न पड़ जाएं बालेन के ये फैसले

नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह एक साथ कई मोर्चों पर जूझते हुए दिखाई दे रहे हैं। इसका असर उनके राजनीतिक भविष्य पर पड़ सकता है। सत्ता संभालने के बाद उनका पहला बड़ा कदम सुकंबासी (बेघर व भूमिहीन) लोगों को बेदखल करना था। इससे नेपाल के करीब 15 लाख लोग नाराज़ हो गए और बालेन के खिलाफ सड़कों पर आ गए। नाराज़ लोगों में सर्वाधिक वह परिवार भी थे, जिसके युवा अमेरिका में रह रहे हैं। चुनाव के समय अमेरिका में रह रहे नेपाली युवाओं ने अपने परिजनों को फोन कर बालेन शाह को प्रधानमंत्री बनाने के लिए राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को वोट देने की अपील की थी।

नेपाल के ऐसे लाखों परिवार अब निराश हैं, हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने सरकार के बुलडोजर पर ब्रेक लगाने के आदेश दिए हैं। यह आदेश जबतक आया तब तक बालेन का बुलडोजर लाखों परिवारों पर तबाही की इबारत लिख चुका था। हैरत है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद लोगों को यह यकीन नहीं हो पा रहा कि सरकार उनके पुनर्वास के बारे में कुछ सोचेगी? प्रभावित लोगों का कहना है कि सरकार ने उनके लिए किसी भी प्रकार की वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की है, जिससे वे भारी चिंता और असमंजस की स्थिति में हैं।

यशोदा श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

लोगों का मानना है कि यदि सरकार ने इस संवेदनशील मुद्दे को गंभीरता और रणनीति के साथ हल नहीं किया, तो यह आंदोलन और उग्र हो सकता है तथा देश के अन्य हिस्सों में फैलने की आशंका है। इस बीच नेपाल के सुप्रीम कोर्ट ने एक अंतरिम आदेश जारी करते हुए सरकार को निर्देश दिया है कि सुकंबासी बस्तियों को फिलहाल न हटाया जाए और वर्तमान स्थिति को यथावत रखा जाए। सुप्रीम कोर्ट का यह आदेश सुकंबासी लोगों के लिए राहत भरा है, लेकिन लोगों की चिंता यह है कि सरकार इस आदेश को निष्प्रभावी करने के लिए कोई और तरकीब न ढूंढ ले।

न्यायाधीश कुमार रेग्मी और न्यायाधीश नित्यानंद पांडे की दो सदस्यीय पीठ ने गोपाल रनपहेली समेत 11 लोगों द्वारा दायर याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई के बाद उक्त आदेश जारी किया। अदालत ने अपने आदेश में स्पष्ट किया है कि अगली सुनवाई तक संबंधित अधिकारी किसी भी प्रकार की बेदखली की कार्रवाई से परहेज करें। सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को यह भी निर्देश दिया है कि प्रभावित लोगों के लिए आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य और खाद्य जैसी बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। अदालत ने इस मामले को अगली सुनवाई तक विचाराधीन रखते हुए मानवाधिकारों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर जोर दिया है।

बालेन सरकार के काठमांडू का मेयर रहते यह कार्रवाई उनकी प्राथमिकता में थी लेकिन तब उनका कार्य क्षेत्र सीमित था, प्रधानमंत्री बनने के बाद वे सुंदरीकरण के नाम पर पूरे नेपाल में सुकंबासियों को उजाड़ने का अभियान शुरू कर दिए हैं। नेपाल के अन्य राजनीतिक दल मानते हैं कि शहरों को सुंदर और व्यवस्थित बनाने के लिए यह जरूरी था, लेकिन सरकार की प्राथमिकता में वह होना चाहिए था, जनता ने जिसके लिए उन्हें चुना है। नेपाल में बेरोज़गारी बड़ा मुद्दा है, लेकिन यह भी सच है कि नेपाल में ऐसी कोई फैक्ट्री नहीं लगाई जा सकती, जिससे रोजगार सृजन का मार्ग प्रशस्त हो। इसके लिए उन्हें नेपाल के टूरिस्ट उद्योग को मजबूत करने पर जोर देना चाहिए। नेपाल में सबसे अधिक भारतीयों का आना-जाना होता है, लेकिन नेपाल सरकार के कस्टम ड्यूटी में बदलाव के कारण भारतीयों का नेपाल आना-जाना प्रभावित हो सकता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा*** 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

सोमनाथ: आस्था संकल्प और पुनर्जागरण की अनंत धारा

न हन्यते हन्यमाने शरीरे अर्थात शरीर के नष्ट होने पर भी आत्मा नष्ट नहीं होती। श्रीमद्भगवद्गीता के इस श्लोक में निहित भाव और भारतीय सभ्यता की सनातन चेतना का सबसे जीवंत स्वरूप गुजरात के काठियावाड़ क्षेत्र के दक्षिणी तट पर स्थित सोमनाथ मंदिर में दिखाई देता है। बारह ज्योतिर्लिंगों में प्रथम माने जाने वाले सोमनाथ ने इतिहास में अनेक आक्रमणों और विनाश को सहा, लेकिन हर बार फिर खड़ा हुआ और उसकी आरती, घंटियों और श्रद्धा की ध्वनि कभी थमी नहीं।

गजेन्द्र सिंह शेखावत
केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री

प्राचीन काल से प्रभास पाटन महान तीर्थभूमि

भारतीय इतिहास के हजारों वर्षों में सनातन धर्म ने कई तरह की चुनौतियों का सामना किया। राजनीतिक परिवर्तन, आक्रमण और सत्ता परिवर्तन के दौर में मंदिरों, मठों और ज्ञान केंद्रों को नुकसान पहुंचाया गया, उनकी संरचनाएं बदली गईं और उन्हें संरक्षण देने वाली व्यवस्थाएं भी प्रभावित हुईं। इसके बावजूद भारतीय आध्यात्मिक परंपरा न केवल जीवित रही, बल्कि समय के साथ स्वयं को पुनर्स्थापित भी करती रही। इसकी सबसे बड़ी शक्ति यही रही कि संस्थागत क्षति और राजनीतिक अस्थिरता के बावजूद इसकी आत्मा कभी समाप्त नहीं हुई।

प्राचीन और मध्यकालीन भारत में मंदिर केवल पूजा के स्थल नहीं थे, बल्कि आर्थिक, सांस्कृतिक और सामाजिक जीवन के भी केंद्र थे। राजसत्ता से उनके गहरे संबंध के कारण वे युद्ध और संघर्ष के समय सबसे पहले निशाने पर आए। महमूद गजनवी द्वारा सोमनाथ पर किया गया आक्रमण इतिहास की सबसे चर्चित घटनाओं में से एक है। फारसी ग्रंथों में इसे विजय के रूप में प्रस्तुत किया गया, जबकि भारतीय परंपरा में इसे पीड़ा, संघर्ष और पुनर्निर्माण की कथा के रूप में याद किया गया, लेकिन ऐतिहासिक सत्य यह है कि सोमनाथ कभी श्रद्धा से विलुप्त नहीं हुआ। चालुक्य शासकों सहित अनेक राजाओं ने इसका पुनर्निर्माण कराया और यह निरंतर आस्था का केंद्र बना रहा। ऐसी अनेक घटनाएं भारत के अन्य हिस्सों में भी देखने को मिलती हैं। सोमनाथ का इतिहास केवल एक आक्रमण की कहानी नहीं है। प्राचीन काल से ही प्रभास पाटन एक महान तीर्थभूमि रहा है। इसे विभिन्न ग्रंथों और परंपराओं में प्रभास-पट्टन, शिव-पट्टन और प्रभास-तीर्थ जैसे नामों से जाना गया। यहां तीन पवित्र नदियों का संगम होता है और यही वह स्थान माना जाता है, जहां भगवान श्रीकृष्ण के देहत्याग के बाद उनका अंतिम संस्कार हुआ। निकट ही वैराग्य क्षेत्र और गोपी तालाब स्थित हैं, जहां से गोपी चंदन प्राप्त होता है। इस संपूर्ण क्षेत्र की यात्रा को भारतीय तीर्थ परंपरा में अत्यंत पवित्र माना गया है। काठियावाड़ और गुजरात की प्राचीन धरोहरों पर आधारित कई ऐतिहासिक अभिलेखों और पुरातात्विक रिपोर्टों में भी इस क्षेत्र का उल्लेख मिलता है।

शैव और वैष्णव परंपराओं का केंद्र

सोमनाथ भारत की समावेशी सांस्कृतिक परंपरा का भी प्रतीक है। यह शैव और वैष्णव परंपराओं के अद्भुत संगम का केंद्र है और हमें यह याद दिलाता है कि भारतीय संस्कृति हमेशा से बहुलतावादी और समावेशी रही है। स्वतंत्र भारत में सोमनाथ के पुनर्जागरण का आधुनिक अध्याय 12 नवंबर 1947, दीपावली के दिन आरंभ हुआ, जब देश के प्रथम उप-प्रधानमंत्री और गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल ने इस पवित्र स्थल का दौरा किया। विभाजन की पीड़ा के बीच सरदार पटेल ने सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण का संकल्प लिया। यह केवल एक मंदिर के पुनर्निर्माण का निर्णय नहीं था, बल्कि राष्ट्रीय चेतना को पुनर्जीवित करने का एक ऐतिहासिक प्रयास था। इसके बाद सोमनाथ को एक सांस्कृतिक और बौद्धिक केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में कार्य प्रारंभ हुआ। 11 मई 1951 को भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की उपस्थिति में प्रातः काल संपन्न हुई प्राण-प्रतिष्ठा ने पूरे राष्ट्र की सांस्कृतिक स्मृति और आत्मविश्वास को नई शक्ति प्रदान की।

आधुनिक समाज को सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का प्रयास

आज जब भारत 'भारत @ 2047' की ओर बढ़ रहा है, तब सोमनाथ से जुड़े ये सभ्यतागत मूल्य और भी अधिक प्रासंगिक हो जाते हैं। तकनीकी बदलाव और वैश्विक अनिश्चितताओं के इस दौर में भारत दुनिया को यह संदेश देता है कि विकास का अर्थ करुणा को त्यागना नहीं है और शक्ति का अर्थ संयम को छोड़ देना नहीं है। सोमनाथ हमें सिखाता है कि सच्चा नेतृत्व केवल सामर्थ्य से नहीं, बल्कि स्मृति, विवेक और मानवीय मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता से निर्मित होता है। इसी दृष्टि से "सोमनाथ स्वाभिमान पर्व 2026-27" की परिकल्पना की गई है। यह वर्षभर चलने वाला राष्ट्रीय आयोजन सोमनाथ ज्योतिर्लिंग की आध्यात्मिक शक्ति, सांस्कृतिक निरंतरता और सभ्यतागत चेतना को समर्पित है। सदियों तक अनेक बार विध्वंस झेलने के बाद भी जिस प्रकार समाज के सामूहिक संकल्प से सोमनाथ पुनः स्थापित होता रहा, वह भारत की सांस्कृतिक आत्मशक्ति और राष्ट्रीय स्वाभिमान का जीवंत उदाहरण है।

8 से 11 जनवरी 2026 के बीच प्रारंभ हुए इस पर्व के माध्यम से दो महत्वपूर्ण ऐतिहासिक पड़ावों को स्मरण किया गया। 1026 में सोमनाथ पर हुए प्रथम दर्ज आक्रमण के एक हजार वर्ष और स्वतंत्रता के बाद 1951 में पुनर्निर्मित मंदिर के पुनः उद्घाटन के 75 वर्ष। इस आयोजन का उद्देश्य सोमनाथ को राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक चेतना और सामूहिक स्मृति के प्रतीक के रूप में स्थापित करना है। 11 मई 2026 को आयोजित होने वाले प्रमुख राष्ट्रीय कार्यक्रम तक देशभर में यात्राएं, सांस्कृतिक आयोजन, संवाद, शैक्षिक कार्यक्रम और विभिन्न ज्योतिर्लिंगों, राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों, जिलों और शिवालयों में समन्वित गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, जो श्री सोमनाथ ट्रस्ट के अध्यक्ष भी हैं, सोमनाथ ने एक नए पुनर्जागरण का दौर देखा है। प्रशासनिक सुधार, आधारभूत संरचना का विकास, धरोहर संरक्षण और सांस्कृतिक पहलों ने सोमनाथ को एक जीवंत आध्यात्मिक केंद्र के रूप में और अधिक सशक्त किया है। पर्यावरणीय संतुलन और महिला-सशक्तिकरण आधारित सेवा पहलों के माध्यम से यह दिखाया गया है कि भारतीय सभ्यतागत मूल्य आधुनिक जिम्मेदारियों और समावेशिता के साथ कैसे आगे बढ़ सकते हैं। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व आधुनिक समाज को उसकी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का एक प्रयास है। यह हमें याद दिलाता है कि सोमनाथ केवल एक मंदिर नहीं है। इसकी वास्तविक शक्ति उन मूल्यों, परंपराओं और जिम्मेदारियों में है, जिन्हें पीढ़ी-दर-पीढ़ी आगे बढ़ाया जाता रहा है। इसी कारण आज सोमनाथ केवल पुनर्निर्मित मंदिर नहीं, बल्कि एक जीवंत तीर्थ है। इक्कीसवीं सदी में आगे बढ़ते भारत के लिए सोमनाथ एक महत्वपूर्ण संदेश देता है - कोई भी सभ्यता तब मजबूत रहती है, जब वह अपनी जड़ों से जुड़ी रहे, समय के साथ स्वयं को ढालती रहे और सभी को साथ लेकर चले। सोमनाथ की यह विरासत हमें निरंतर प्रेरित करती रहे- उद्देश्यपूर्ण निर्माण करने के लिए, संतुलित आचरण के लिए और अपनी पहचान के प्रति सजग रहते हुए आगे बढ़ने के लिए।

ज्येष्ठ मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या वट सावित्री अमावस्या कहलाती है। इस दिन सौभाग्यवती महिलाएं अखंड सौभाग्य प्राप्त करने के लिए वट सावित्री व्रत रखकर वटवृक्ष तथा यमदेव की पूजा करती हैं। भारतीय संस्कृति में यह व्रत आदर्श नारीत्व का प्रतीक एवं पर्याय बन चुका है। वट सावित्री व्रत में वट और सावित्री, दोनों का विशेष महत्व है। इस वर्ष यह पर्व 16 मई शनिवार को मनाया जाएगा।

सौभाग्य और पतिव्रता का महापर्व वट सावित्री व्रत

उत्तर भारत में 'बरगदाही' के नाम से पुकारे जाने वाले सनातन संस्कृति के उत्कृष्ट सनातन जीवन मूल्यों के परिचायक इस व्रत से जुड़ी सावित्री-सत्यवान की पौराणिक कथा से प्रायः हर सनातनधर्मी भली-भांति परिचित हैं। वैदिक युग का वह अद्भुत घटनाक्रम आज भी पढ़ने-सुनने वाले दोनों को अभिभूत कर देता है। ऐसा विलक्षण उदाहरण किसी अन्य धर्म-संस्कृति में मिलना दुर्लभ है। कहते हैं कि महासती सावित्री ने वट वृक्ष के नीचे ही मृत्यु के देवता यमराज से अपने मृत पति का पुनर्जीवन हासिल किया था। तभी से वट वृक्ष हिन्दू धर्म में देववृक्ष के रूप में पूज्य हो गया।

तात्विक दृष्टि से विचार करें तो वट पूजन के इस महाव्रत में स्त्री शक्ति की प्रबल जिजीविषा की विजय के महाभाव के साथ हमारे जीवन में वृक्षों की महत्ता व पर्यावरण संरक्षण का पुनीत संदेश भी छुपा है। कथा के अनुसार सावित्री राजा अश्वपति की पुत्री थी, जिसे राजा ने बहुत कठिन तपस्या करने के उपरांत देवी सावित्री की कृपा से प्राप्त किया था। इसलिए राजा ने उनका नाम 'सावित्री' रखा था। सावित्री बहुत गुणवान और रूपवान थी, लेकिन उसके अनुरूप योग्य वर न मिलने के कारण सावित्री के पिता दुःखी रहा करते थे। इसलिए उन्होंने अपनी कन्या को स्वयं अपना वर तलाश करने भेज दिया और इस तलाश में एक दिन वन में सावित्री ने सत्यवान को देखा और उसके गुणों के कारण मन में ही उसे वर के रूप में वरण कर लिया। सत्यवान साल्व देश के राजा द्युमत्सेन के पुत्र थे, लेकिन उनका राज्य किसी ने छीन लिया था और काल के प्रभाव के कारण सत्यवान के माता- पिता अंधे हो गए थे।

पं. मनोज कुमार द्विवेदी
ज्योतिषाचार्य, कानपुर

सत्यवान व सावित्री के विवाह से पूर्व ही नारद मुनि ने यह सत्य सावित्री को बता दिया था कि सत्यवान अल्पायु है, अतः वह उससे विवाह न करे। यह जानते हुए भी सावित्री ने सत्यवान से विवाह करने का निश्चय किया और देवर्षि नारद से कहा-भारतीय नारी जीवन में मात्र एक बार पति का वरण करती है, बारंबार नहीं। अतः मैंने एक बार ही सत्यवान का वरण किया है और यदि उसके लिए मुझे मृत्यु से भी लड़ना पड़े तो मैं यह करने को तैयार हूं। उसकी मृत्यु का समय निकट आने पर मृत्यु से तीन दिन पूर्व ही सावित्री ने अन्न-जल का त्याग कर दिया। मृत्यु वाले दिन जंगल में जब सत्यवान लकड़ी काटने के लिए गए तो सावित्री भी उनके साथ गई और जब मृत्यु का समय निकट आ गया तथा सत्यवान के प्राण हरने लिए यमराज आए तो सावित्री भी उनके साथ चलने लगी। यमराज के बहुत समझाने पर भी वह वापस लौटने को तैयार नहीं हुई। तब यमराज ने उससे सत्यवान के जीवन को छोड़कर अन्य कोई भी वर मांगने को कहा।

उस स्थिति में सावित्री ने अपने अंधे सास-ससुर की नेत्र ज्योति और ससुर का खोया हुआ राज्य मांग लिया, किंतु वापस लौटना स्वीकार न किया। उसकी अटल पतिभक्ति से प्रसन्न होकर यमराज ने जब पुनः उससे वर मांगने को कहा तो उसने सत्यवान के पुत्रों की मां बनने का बुद्धिमत्तापूर्ण वर मांगा, यमराज के तथास्तु कहते ही मृत्युपाश से मुक्त होकर वटवृक्ष के नीचे पड़ा हुआ सत्यवान का मृत शरीर जीवित हो उठा। तब से अखंड सौभाग्य प्राप्ति के लिए इस व्रत की परंपरा आरंभ हो गई और इस व्रत में वटवृक्ष और यमदेव की पूजा का विधान बन गया। महर्षि श्री अरविंद ने भी इस कथा को मध्य में रखते हुए सावित्री महाकाव्य का रचना की है, जिसमें उन्होंने सावित्री की कथा को आध्यात्मिक जीवन की यात्रा व उसकी अनुभूतियों के रूप में पिरोया है। उसे सावित्री-साधना का आध्यात्मिक ग्रंथ भी कह सकते हैं।

वटवृक्ष के कई दृष्टिकोण : वटवृक्ष कई दृष्टिकोणों से महत्वपूर्ण है, सबसे पहले यह वृक्ष अपनी विशालता के लिए प्रसिद्ध है। दार्शनिक दृष्टि से देखा जाए, तो यह वृक्ष दीर्घायु का प्रतीक है, क्योंकि इसी वृक्ष के नीचे राजकुमार सिद्धार्थ ने बुद्धत्व को प्राप्त किया और भगवान बुद्ध कहलाए। बोध ज्ञान को प्राप्त करने के कारण इस अक्षय वटवृक्ष को बोधिवृक्ष भी कहते हैं, जो गया तीर्थ में स्थित है। इसी तरह वाराणसी में भी ऐसे वटवृक्ष हैं, जिन्हें अक्षयवट मानकर पूजा जाता है। वटवृक्ष वातावरण को शीतलता व शुद्धता प्रदान करता है और आध्यात्मिक दृष्टि से भी यह अत्यंत लाभकारी है।

पीपल के समान वट वृक्ष

शास्त्रों के अनुसार पीपल वृक्ष के समान वट वृक्ष यानी बरगद का वृक्ष भी विशेष महत्व रखता है। पुराणों के अनुसार-वटवृक्ष के मूल में ब्रह्मा, मध्य में विष्णु व अग्रभाग में शिव का वास माना गया है। अतः ऐसा माना जाता है कि इसके नीचे बैठकर पूजन और व्रतकथा आदि सुनने से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। यह वृक्ष लंबे समय तक अक्षय रहता है, इसलिए इसे अक्षयवट भी कहते हैं। जैन और बौद्ध भी अक्षयवट को अत्यंत पवित्र मानते हैं। जैनों का मानना है कि उनके तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव ने अक्षयवट के नीचे बैठकर तपस्या की थी। प्रयाग में इस स्थान को ऋषभदेव तपस्थली या तपोवन के नाम से जाना जाता है। हमारी अरण्य संस्कृति में वृक्षों को जीवंत देवताओं की संज्ञा दी गई है।

वैदिक मनीषा कहती है कि हवा के झोंकों से झूमते घने छायादार वृक्ष और उनसे गले मिलती लताएं प्रकृति का श्रृंगार ही नहीं, जीवन का अजस्र स्रोत भी हैं। हमारे देश की समग्र सभ्यता, संस्कृति, धर्म एवं अध्यात्म-दर्शन का विकास वनों में ही हुआ था। वैदिक भारत में लोग वनदेवी की नियमित उपासना किया करते थे। स्मृति ग्रथों में वन संपदा को नष्ट करने वालों के लिए कठोर दंड का विधान किया गया है। ज्ञात हो कि वृक्ष-वनस्पति हमें हरियाली और फल-फूल देने के साथ ही अपनी प्राणवायु से हमें जीवन और अच्छे स्वास्थ्य का वरदान भी देते हैं। इनका न सिर्फ पर्यावरण संरक्षण में अमूल्य योगदान है, वरन ये ग्रह व वास्तुदोष भी दूर करते हैं। हमारे समूचे पर्यावरण की सेहत इन्हीं मूक देववाओं की कृपा पर टिकी है। इसीलिए तो वृक्ष-वनस्पति के प्रति गहरी श्रद्धा व लगाव भारतीय संस्कृति की अति पुरातन व संवेदनशील परंपरा रही है। अतः वट सावित्री व्रत के रूप में वटवृक्ष की पूजा का यह विधान भारतीय संस्कृति की गौरव-गरिमा का एक प्रतीक है और इसके द्वारा वृक्षों के औषधीय महत्व व उनके देवस्वरुप का भी ज्ञान होता है।

बाजार	सेंसेक्स ↓	निफ्टी ↓
बंद हुआ	76,015 .28	23,815 .85
गिरावट	1,312 .91	360 .30
प्रतिशत में	1.70	1.49

सोना 1,55,300 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,65,000 प्रति किलो

अमृत विचार

हल्द्वानी, मंगलवार, 12 मई 2026

www.amritvichar.com

बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन :- तुलसी 2595, राज श्री 1950, फ़ॉर्चून कि. 2700, रविन्द्रा 2540, फॉर्चुन 13kg 2370, जय जवान 2125, सचिन 2340, सूरज 2125, अवसर 2125, उजाला 2100, गृहणी 13 kg 2200, क्लासिक (kg) 2455, मोर 2330, चक्र टिन 2565, ब्लू 2440, आशीर्वाद मस्टर्ड 2440, स्वास्तिक 2550

किराना :- निजामाबाद हल्दी 16000-18000, जीरा 24500-25000, लाल मिर्च 21500-24000, धनिया 14000-18000, अजवायान 14000-19000, मेथी 7000-8000 सौंफ 11000-20000, सोंठ 33000, (प्रतिकि0) लौंग 850-1000, बादाम 750-1050, काजू 2 पीस 830, किसमिस पीली 330-380, मखाना 800-1150

चावल (प्रति कु0) :- डबल चाबी सेला 10800, आभा स्पाइस 8300, शरबती कच्ची 6500, शर्बती स्टीम 6500, मंसूरी 4500, महबूब सेला 4600, गौरी रॉयल 10200, राजभोग 8250, हरी पत्ती (1kg,5kg) 11700, हरी पत्ति नेचुरल 10900, गौरी स्पेशल 10100, गौरी प्रीमियम 11500, जन्नत 3700, गौरी डिलाइट 10800, मंसूरी पनघट 4400, लाडली 4400

दाल दलहन :- मूंग दाल इंदौर 9900, मूंग धोवा 10100, राजमा चित्रा 11500-13000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250-7450 मलका दाल 7450-9600, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800-9800, मसूर दाल छोटी 10700-12200, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800-11500, चना काला 7200, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7400, चना अकोला 6600, डबरा 7000-8400, सच्चा मोती 8700, मोटा सफेद 9700, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11000-11600, अरहर कोरी छोटी 12600

चीनी :- द्वारिकेश 4320, बहेड़ी 4300, सितारगंज 4270

बरेली सर्राफा

सोना प्रति 10 ग्राम : पक्के आभूषण 151500, गिन्नी जेवर 147500, **चांदी प्रति किलो :** पक्की 254000 अनुमानित

हल्द्वानी मंडी

नोट : दाम प्रति क्विंटल में

चावल :- शरबती- 6400-7600 बासमती- 10200-12400 परमल- 2200-3400

दाल दलहन :- काला चना- 5000-6400 साबुत चना दाल- 6200 मूंग साबुत- 10200 राजमा- 11000-12400 दाल उड़द- 9000-11600 साबुत मसूर दाल- 7000-7800 मसूर दाल- 9000 10400उड़द साबुत- 10000 काबुली चना- 10000-10600अरहर दाल- 9200 -11200 लोबिया/करमानी- 1400-2000

सेंसेक्स 1,313 अंक टूटा, प्रधानमंत्री की मितव्ययिता की अपील से निवेशक चिंतित

निफ्टी भी 360.30 अंक की गिरावट के साथ 23,815.85 पर हुआ बंद

मुंबई, एजेंसी

स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में गिरावट जारी रही और बीएसई सेंसक्स 1,313 अंक लुढ़क गया जबकि एनएसई निफ्टी 24,000 अंक के नीचे आ गया। अमेरिका और ईरान के शांति समझौते पर पहुंचने में नाकाम रहने के बाद कच्चे तेल के दाम में तेजी के बीच बाजार में गिरावट आई।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,312.91 अंक यानी 1.70 प्रतिशत टूटकर 76,015.28 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 1,370.79 अंक तक लुढ़क गया था।

पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 360.30 अंक यानी 1.49 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,815.85 अंक पर बंद हुआ। पिछले बृहस्पतिवार से शुरू तीन कारोबारी सत्रों में सेंसेक्स लगभग 1,950 अंक यानी 2.5 प्रतिशत टूटा है जबकि निफ्टी 515 अंक यानी दो प्रतिशत से अधिक के नुकसान में रहा।

विश्लेषकों के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नये शांति प्रस्ताव पर ईरान की प्रतिक्रिया को पूरी तरह से खारिज कर दिया है। इससे पश्चिम एशिया में संकट दूर करने के लिए राजनयिक सफलता की उम्मीद फिलहाल कमजोर हुई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मितव्ययिता की अपील ने विदेशी मुद्रा भंडार, ईंधन की कीमतों और उपभोग के दृष्टिकोण को लेकर निवेशकों की चिंताओं को और बढ़ा दिया है। प्रधानमंत्री ने रविवार को कहा कि केंद्र सरकार पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के प्रतिकूल प्रभाव से लोगों को बचाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने लोगों से विदेशी मुद्रा बचाने के लिए पेट्रोल और डीजल की खपत कम करने, शहरों में मेट्रो रेल सेवाओं, कार पूलिंग करने, इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) का अधिक उपयोग करने और घर से काम करने का सुझाव दिया।

एशियाई बाजारों में, जापान का निक्की गिरावट के साथ बंद हुआ, जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग बढ़त के साथ बंद हुए। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में ज्यादातर में गिरावट का रुख था। अमेरिकी बाजार शुक्रवार को बढ़त के साथ बंद हुए थे। सेंसेक्स शुक्रवार को 516.33 अंक टूटकर 77,328.19 अंक पर बंद हुआ था। निफ्टी 150.50 अंक गिरकर 24,176.15 अंक पर रहा था।

मानक ब्रेंट क्रूड 2.23 % बढ़कर 103.5 डॉलर प्रति बैरल पर

नुकसान में रहे शेयर :- टाइटन के शेयर में सबसे ज्यादा सात प्रतिशत की गिरावट आई। इंटरग्लोब एविएशन, भारतीय स्टेट बैंक, भारती एयरटेल, इटर्नल और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में भी भारी गिरावट देखी गई।

बढ़त के साथ बंद हुए :- लाभ में रहने वाले शेयरों में सन फार्मा, हिंदुस्तान यूनिलीवर, अदाणी पोर्ट्स, कोटक महिंद्रा बैंक, एक्सिस बैंक और आईसीआईसीआई बैंक शामिल हैं।

मिडकैप 1.09 और स्मॉलकैप 0.44 प्रतिशत गिरा

- बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक में 1.09 प्रतिशत की गिरावट आई।
- छोटी कंपनियों का बीएसई स्मॉलकैप 0.44 प्रतिशत के नुकसान में रहा।
- क्षेत्रवार उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं का सूचकांक 3.76 प्रतिशत, रियल एस्टेट (2.74 प्रतिशत), मध्यम-लघु निजी बैंकों का गुणवत्ता सूचकांक (2.60 प्रतिशत), बीएसई पीएसयू बैंक (2.28 प्रतिशत), उपभोक्ता विवेकाधीन वस्तुएं (2.14 प्रतिशत) और बिजली (2.13 प्रतिशत) में गिरावट दर्ज की गई।
- शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को 4,110.60 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

मोदी के भाषण से दबाव में बाजार

लाइवलॉन्ग वेल्थ के शोध विश्लेषक और संस्थापक हरिप्रसाद के. ने कहा कि कच्चे तेल की कीमत को लेकर अनिश्चितता और वैश्विक तनाव बढ़ने की आशंका के बीच निवेशकों ने आक्रामक रूप से शेयरों की बिकवाली की। इससे सूचकांकों में गिरावट आई। कहा कि आज की इस गिरावट का तात्कालिक कारण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 10 मई का भाषण है, जिसे बाजार ने वृहद आर्थिक दबाव के संकेत के रूप में लिया है।

मोदी की अपील से आभूषण उद्योग पर प्रतिकूल असर संभव : जीजेसी

मांग घटाने से नहीं, स्वर्ण मौद्रीकरण योजना में सोने के उपयोग से होगा समाधान

मुंबई, एजेंसी

पश्चिम एशिया संकट के बीच विदेशी मुद्रा बचाने के लिए एक वर्ष तक सोने की खरीद टालने संबंधी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अपील के बाद रत्न एवं आभूषण उद्योग पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। एक उद्योग संगठन ने सोमवार को यह आशंका जताई।

अखिल भारतीय रत्न एवं आभूषण परिषद (जीजेसी) के चेयरमैन राजेश रोकड़े ने कहा कि प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से एक करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार देने वाले रत्न एवं आभूषण उद्योग पर प्रधानमंत्री की इस अपील के बाद दबाव बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि हम सोने की जिम्मेदारी से खपत करने संबंधी प्रधानमंत्री की अपील को समझते हैं। यह बढ़ते आयात और विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव की व्यापक राष्ट्रीय चिंता को दर्शाती है। लेकिन भारत में पहले से ही हजारों टन सोना घरों में रखा हुआ है। ऐसे में समाधान केवल सोने की मांग घटाने में नहीं, बल्कि स्वर्ण मौद्रीकरण योजना (जीएमएस) के जरिये मौजूदा सोने के उपयोग में है।

रोकड़े ने कहा कि अतीत में इस तरह के मामलों में 'रिवेंज बाइंग' यानी प्रतिबंध के बाद अधिक खरीद की स्थिति भी देखी गई है, जिससे आगे चलकर सोने की मांग बढ़ सकती है।

जीजेसी के उपाध्यक्ष अविनाश गुप्ता ने कहा कि सोने का भारतीय परिवारों से भावनात्मक और सांस्कृतिक रूप से जुड़ाव है, लेकिन वर्तमान में आर्थिक स्थिरता के साथ मांग का संतुलन भी जरूरी है। एक मजबूत एवं पारदर्शी स्वर्ण मौद्रीकरण योजना दीर्घकालिक समाधान हो सकती है। इस योजना के जरिये घरों और लॉकर में रखे निष्क्रिय सोने को औपचारिक अर्थव्यवस्था में लाया जा सकता है। इससे आयात घटेगा, चालू खाते के घाटे (सीएडी) पर दबाव कम होगा और वित्तीय प्रणाली मजबूत होगी।

- देश के घरों में रखा है हजारों टन सोना
- ऐसी अपील से रिवेंज बाइंग भी संभव

ईरान के शांति प्रस्ताव को ट्रंप ने ठुकराया, सोना 600 रुपये टूटा

नई दिल्ली, एजेंसी। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोमवार को सोने की कीमतें 600 रुपये टूटकर 1.55 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गईं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा शांति प्रस्ताव पर ईरान की प्रतिक्रिया को ठुकराने के बाद यह गिरावट आई है। इससे पश्चिम एशिया में फिर से संघर्ष शुरू होने का डर बढ़ गया और कच्चे तेल की कीमतें ऊपर चली गई हैं। देश की विदेशी मुद्रा को बचाने की कोशिश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उस अपील से भी सोने पर अतिरिक्त दबाव पड़ा, जिसमें उन्होंने लोगों से एक साल के लिए गैर-ज़रूरी सोने की खरीदारी टालने का आग्रह किया था।

अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 600 रुपये टूटकर 1,55,300 रुपये (सभी टैक्स मिलाकर) रुपये प्रति 10 ग्राम रह गईं। यह शुक्रवार के बंद भाव 1,55,900 रुपये प्रति 10 ग्राम से कम है।

प. एशिया में संघर्ष विराम बहुत दूर, विदेशी मुद्रा बचाने में सहयोग करें देशवासी: वैष्णव

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को कहा कि पश्चिम एशिया युद्ध के जल्द थमने के आसार नहीं दिखने की वजह से नागरिकों से विदेशी मुद्रा भंडार को बचाकर रखने के लिए हरसंभव प्रयास करने का आग्रह किया गया है।

वैष्णव ने यहां उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के वार्षिक व्यापार सम्मेलन में कहा कि हालिया घटनाक्रम को देखते हुए पश्चिम एशिया में संघर्षविराम अभी 'बहुत दूर' नजर आ रहा है।

कहा कि हम बहुत अनिश्चितता वाले समय में हैं। हमारी किसी गलती के बगैर, हमारे पड़ोस में दो देशों के बीच चल रहे युद्ध का असर पूरी दुनिया पर पड़ रहा है। मौजूदा स्थिति में यहां पर संघर्षविराम होना दूर लगता है।

एक दिन पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नागरिकों का पश्चिम एशिया संघर्ष से उपजी चुनौतियों से निपटने में सहयोग करने का आह्वान किया था। उन्होंने पेट्रोल-डीजल के समझदारी से इस्तेमाल और किसी भी तरह से विदेशी मुद्रा बचाने पर जोर दिया। वैष्णव ने कहा कि संकट की इस घड़ी में नागरिकों को भी महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है। हम नागरिकों के रूप में अपने जीवन और कामकाज में ऐसे उपाय पहचान सकते हैं, जिनसे विदेशी मुद्रा की बचत हो सके। साथ ही हमें विदेशी मुद्रा अर्जित करने के प्रयास भी बढ़ाने चाहिए।

मेले में देवेगौड़ा

बेंगलुरु : पूर्व प्रधानमंत्री और जडी (एस) प्रमुख एच.डी. देवेगौड़ा ने सोमवार को कर्नाटक के बेंगलुरु स्थित कब्बन पार्क में आयोजित आम और कटहल मेले का दौरा किया।

व्यापार वार्ता के अगले दौर पर अमेरिकी दल के भारत आने की उम्मीद: अधिकारी

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत को उम्मीद है कि व्यापार वार्ता के अगले दौर के लिए अमेरिकी दल देश का दौरा करेगा। हालांकि, इसके लिए अभी तक कोई तारीख तय नहीं की गई है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। भारतीय पक्ष ने अंतरिम समझौते के विवरण को अंतिम रूप देने और व्यापक द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के तहत बातचीत को आगे बढ़ाने के लिए अप्रैल में वाशिंगटन का दौरा किया था। अब हमें अमेरिकी दल के भारत आने की उम्मीद है। अप्रैल की बैठक के बाद दोनों पक्ष व्यापार वार्ता की गति को बनाए रखने के लिए लगातार संपर्क में रहने पर सहमत हुए हैं।

एफटीए का लाभ उठाए उद्योग जगत : वाणिज्य सचिव

नई दिल्ली, एजेंसी। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने सोमवार को कहा कि भारतीय उद्योग जगत को उन मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) का लाभ उठाने और उनका उपयोग करने की आवश्यकता है, जिन्हें भारत अंतिम रूप दे रहा है। ये समझौते व्यापार और निवेश, दोनों के लिए बड़े अवसर प्रदान करते हैं। सचिव ने कहा कि एफटीए का पूरी तरह से उपयोग करने और लाभ उठाने का देश का पिछला रिकॉर्ड बहुत अच्छा नहीं रहा है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि देश की औद्योगिक नीति को उसकी व्यापार नीति का पूरक होना चाहिए, क्योंकि व्यापार इस बात पर भी निर्भर करता है कि भारत कैसे निवेश और उत्पादन करता है। उल्लेखनीय है कि भारत ने सिंगापुर, जापान, दक्षिण कोरिया और आसियान सहित कई देशों और समूहों के साथ व्यापार समझौते किए हैं।

वर्क फ्रॉम होम और हाइब्रिड मॉडल अपना रहीं आईटी कंपनियां: नैसकॉम

नई दिल्ली, एजेंसी

पश्चिम एशिया संकट के बीच भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियां एहतियाती प्रबंधन उपाय अपना रही हैं, जिनमें वर्क फ्रॉम होम और हाइब्रिड व्यवस्था को बढ़ावा देना शामिल है। उद्योग संगठन नैसकॉम ने सोमवार को यह जानकारी दी।

आईटी कंपनियों के संगठन नैसकॉम ने बयान में कहा कि प्रौद्योगिकी क्षेत्र पहले से ही हाइब्रिड मॉडल (घर एवं दफ्तर से काम की मिली-जुली व्यवस्था) के तहत काम करता रहा है और कंपनियां कर्मचारियों के पद से जुड़ी जरूरतों और ग्राहकों की मांग के आधार पर 'घर से काम' और दफ्तर से काम के बीच संतुलन बना रही हैं।

संगठन ने कहा कि पश्चिम एशिया में जारी तनाव को देखते हुए कंपनियों ने अपने परिसरों में ऊर्जा प्रबंधन के विवेकपूर्ण उपाय अपनाए हैं। इसमें गैर-जरूरी खपत को कम करना, कुछ सुविधाओं को युक्तिसंगत बनाना और संभव होने पर दूरस्थ या हाइब्रिड कार्य व्यवस्था को सक्षम बनाना शामिल है, ताकि कुल ऊर्जा उपयोग और आवागमन को कम किया जा सके।

नैसकॉम ने मौजूदा भू-राजनीतिक परिदृश्य को 'लगातार विकसित होती स्थिति' बताते हुए कहा कि वह घटनाक्रम पर करीबी नजर रखे हुए है तथा उद्योग हितधारकों और सरकारी अधिकारियों के साथ समन्वय कर रहा है, ताकि इस स्थिति का ''समन्वित और जिम्मेदार'' तरीके से सामना किया जा सके। करीब 3,500 कंपनियों का संगठन नैसकॉम भारत के लगभग 315 अरब डॉलर के प्रौद्योगिकी उद्योग का प्रतिनिधित्व करता है।

नैसकॉम का यह बयान ऐसे समय आया है जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक दिन पहले नागरिकों से पश्चिम एशिया संकट से उत्पन्न चुनौतियों से निपटने के लिए सहयोग करने का आह्वान किया था।

खरीफ बुवाई सत्र के लिए उर्वरक का भंडार पर्याप्त: सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्र सरकार ने सोमवार को कहा कि देश में उर्वरकों का भंडार 'पर्याप्त' है। आगामी खरीफ सत्र के दौरान उर्वरकों की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। पश्चिम एशिया के हालिया घटनाक्रम पर अंतर-मंत्रालयी बैठक में उर्वरक विभाग की अतिरिक्त सचिव अपर्णा एस. शर्मा ने कहा कि प्रमुख उर्वरकों के अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) स्थिर बने हुए हैं। उन्होंने कहा कि भारत की उर्वरक सुरक्षा स्थिति संतोषजनक एवं सुव्यवस्थित है। शर्मा ने कहा कि उर्वरक विभाग की ओर से यह बताया जाता है कि खरीफ 2026 के लिए कृषि विभाग द्वारा अनुमाति आवश्यकता के मुकाबले भंडार 51 प्रतिशत से अधिक है। उन्होंने बताया कि यह भंडार सामान्य स्तर (करीब 33 प्रतिशत) से काफी अधिक है।

निवेश की पाठशाला

सोने के लिए आरबीआई का गोल्डन 'मास्टर प्लान'

कारोबार डेस्क

क्या आपके घर के लॉकर में पड़ा सोना उपयोग में नहीं आ रहा है? अगर हां, तो भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) आपके लिए एक ऐसा 'मास्टर प्लान' तैयार कर रहा है जिससे आपका वही सोना आपको घर बैठे नियमित आय दिलवा सकता है। हमारे के लिए सोना सिर्फ एक धातु नहीं, बल्कि एक इमोशन है, लेकिन रिजर्व बैंक आपकी भावनाओं को आपकी कमजोरी नहीं, बल्कि वह आपकी आर्थिक ताकत बनाना चाहता है। आइए, जानते हैं क्या है मास्टर प्लान...

क्या है गोल्ड मॉनेटाइजेशन स्कीम?

- सरकार ने 15 सितंबर 2015 को इस योजना की शुरुआत की थी। इसका मकसद था कि देश में उपलब्ध सोना उपयोग में लाया जा सके और सोने के आयात पर निर्भरता कम करने में मदद मिले। इसमें लोगों के पास मौजूद सोने को जमा करने की सुविधा दी गई थी, जिससे उस सोने का इस्तेमाल किसी प्रोडक्टिव काम में किया जा सके। लोगों ने बहुत कम दिलचस्पी दिखाई, क्योंकि इसके तहत बैंक उस सोने को पिघला देते थे, जो उनके पास पहुंचता था।

आरबीआई का नया 'मास्टर प्लान'

- आरबीआई के अनुसार भारत के घरों में लगभग 20,000 टन से ज्यादा सोना जमा है। यह दुनिया का सबसे बड़ा निष्प्रयोज्य सोने का भंडार है। रिजर्व बैंक चाहता है कि लोग इस सोने को बैंक में जमा करें और इससे कमाई करें।

चुनौतियां:

- **दादी-नानी के गहने:** गहनों के साथ लोगों की यादें जुड़ी होती हैं, वे उन्हें पिघलते हुए नहीं देख सकते।
- **टैक्स का डर :** कई लोगों के पास विरासत में मिला सोना है, जिसका कोई बिल या रिकॉर्ड नहीं है। बैंक जाते ही इनकम टैक्स विभाग उनसे रिकॉर्ड मांगेगा।

अर्थ व्यवस्था को क्या फायदा?

- **आरबीआई की इस स्कीम के पीछे एक बड़ा आर्थिक कारण है:**
- **इंपोर्ट में कमी:** जब लोग बैंक में सोना जमा करेंगे, तो ज्वेलर्स को बाहर से आयात करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।
- **रुपया होगा मजबूत:** हम सोना विदेशों से डॉलर में खरीदते हैं, जब सोना कम मंगाएंगे, तो डॉलर कम बाहर जाएगा और विदेशी मुद्रा की बचत होगी। इसका असर ये होगा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारतीय रुपया मजबूत होगा।
- **प्रोडक्टिव यूज:** लॉकर में पड़ा सोना देश की जीडीपी में योगदान नहीं देता, लेकिन बैंक में आने के बाद यह बाजार में सर्कुलेट होता है और इसकी गिनती अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाती है।

काम की बात

- अगर आपके पास सोने के सिक्के या बार हैं जिन्हें आप पहनते नहीं हैं, तो उन्हें लॉकर में बंद रखने के बजाय बैंक में जमा करना एक 'समझदारी भरा' फैसला हो सकता है। इससे आपको हर साल ब्याज मिलेगा और आप देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में भी योगदान दे सकेंगे। आरबीआई जल्द ही इस पर बड़े फैसले ले सकता है, जिससे यह स्कीम और भी आसान एवं लाभकारी हो जाएगी।

योजना से परिवर्तन | **अब अमेरिका और खाड़ी देशों में भेजे जाएंगे सत्तू के लड्डू, 700 महिलाओं को मिला रोजगार**

ओडीओपी से बलिया के सत्तू को मिली वैश्विक पहचान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना अब प्रदेश के पारंपरिक उत्पादों को वैश्विक बाजार तक पहुंचाने का मजबूत माध्यम बनती जा रही है। बलिया का मशहूर चने का सत्तू अब अमेरिका, दुबई समेत कई खाड़ी देशों तक पहचान बना चुका है।

अब बलिया के सत्तू से तैयार होने वाले लड्डू को भी अंतरराष्ट्रीय बाजार में भेजने की तैयारी पूरी कर ली गई है। इससे 700 से अधिक महिलाओं को रोजगार मिला है, जबकि किसानों को चने की फसल का बेहतर दाम मिल रहा है।

अमेजन, फ्लिपकार्ट और जियो मार्ट जैसे ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर इसकी मांग लगातार बढ़ रही है। तमिलनाडु, कर्नाटक, महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश समेत कई राज्यों में भी यूपी का यह पारंपरिक उत्पाद लोगों की पसंद बन रहा है। स्वस्थ जीवनशैली अपनाने वाले शहरी उपभोक्ताओं के बीच भी इसकी मांग तेजी से बढ़ी है। निधि उद्योग की संस्थापक नीति अग्रवाल ने बताया कि बलिया के सत्तू से बनने वाले लड्डू को अमेरिका और खाड़ी देशों में भेजने की पूरी तैयारी कर ली गई है। उनका कहना है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा और ओडीओपी के कारण बलिया का यह पारंपरिक उत्पाद अब वैश्विक पहचान की ओर बढ़ रहा है।

व्यवस्थापक सौरभ अग्रवाल ने बताया कि सत्तू उत्पादन और पैकेजिंग के बढ़ते कारोबार से करीब सात सौ महिलाएं जुड़कर आत्मनिर्भर बन रही हैं। वहीं द्वाबा क्षेत्र के किसानों का चना हाथोंहाथ खरीदा जा रहा है, जिससे उन्हें उपज का बेहतर मूल्य मिल रहा है।

मुख्य विकास अधिकारी ओजस्वी राज ने बताया कि भृगु मंदिर क्षेत्र में सत्तू को प्रसाद के रूप में विशेष महत्व प्राप्त है। इसी पहचान को ब्रांडिंग से जोड़ते हुए पहले आकर्षक पैकेजिंग तैयार की गई और फिर प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित कर एफपीओ के माध्यम से किसानों और उत्पादकों को जोड़ा गया। वर्तमान में क्षेत्र में करीब साढ़े छह हजार हेक्टेयर में चने की खेती हो रही है। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने प्रदेश के मंत्रियों और विधायकों को बलिया के सत्तू के पैकेट भिजवाए हैं, ताकि इस पारंपरिक उत्पाद को व्यापक स्तर पर बढ़ावा मिल सके।

गांव से ग्लोबल मार्केट तक पहुंचा पारंपरिक स्वाद

कभी गांवों तक सीमित माना जाने वाला सत्तू अब ई-कॉमर्स और निर्यात के जरिए अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंच रहा है। ओडीओपी योजना के कारण स्थानीय उत्पादों को ब्रांडिंग, पैकेजिंग और मार्केटिंग का नया मंच मिला है।

> ओडीओपी योजना के जरिए स्थानीय उत्पादों को नई पहचान मिल रही है और रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि बलिया की सांस्कृतिक पहचान अब देश और दुनिया तक पहुंच रही है।
> –**मंगला प्रसाद सिंह**, जिलाधिकारी, बलिया

वर्ल्ड ब्रीफ

खाद्यतेल के आयात पर बढ़ती निर्भरता का बोझ नहीं उठा सकता भारत

नई दिल्ली, एजेंसी। खाद्यतेल निकाय एसईए ने सोमवार को लोगों से खाद्यतेल का कम इस्तेमाल करने की प्रधानमंत्री की अपील का स्वागत करते हुए कहा कि इससे आयात पर निर्भरता कम करने और विदेशी मुद्रा बचाने में मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को पश्चिम एशिया संकट के बीच विदेशी मुद्रा बचाने के लिए खाद्यतेल की खपत कम करने, रासायनिक उर्वरकों का इस्तेमाल घटाने, प्राकृतिक खेती और स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने का आह्वान किया। द सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) ने एक बयान में कहा कि खाद्य तेल की खपत को नियंत्रित करने को लेकर प्रधानमंत्री की अपील का आर्थिक और रणनीतिक महत्व कहीं अधिक गहरा है।

दिल्ली में 24 को आयोजित होगा जनजाति सांस्कृतिक समागम

नई दिल्ली, एजेंसी। भगवान बिरसा मुंडा जी की 150वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में यहां के लाल किला मैदान में 24 मई को जनजाति सांस्कृतिक समागम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह शामिल होंगे। इस संबंध में सोमवार को यहां स्थित प्रेस क्लब में जनजाति सुरक्षा मंच की ओर से आयोजित संवाददाता सम्मेलन में वक्ताओं ने सोमवार को कहा कि भगवान बिरसा मुंडा भारत में स्वतंत्रता, सांस्कृतिक अस्मिता और सामुदायिक चेतना के प्रतीक रहे हैं। यह समागम एक ऐतिहासिक राष्ट्रीय आयोजन के रूप में परिकल्पित है। इस कार्यक्रम में देशभर की 500 से अधिक जनजातियों के डेढ़ लाख प्रतिभागियों की उपस्थिति संभावित है।

ईयू यूक्रेन को 90 अरब यूरो के कर्ज की पहली किस्त जारी करेगा

ब्रुसेल्स, एजेंसी। यूरोपीय संघ (ईयू) की कमिश्नर फॉर इनलार्जमेंट मार्टा कोस ने सोमवार को कहा कि अगले सप्ताह संघ यूक्रेन को 90 अरब यूरो (105.7 अरब अमेरिकी डॉलर) के कर्ज पैकेज की पहली किस्त जारी करेगा। सुश्री कोस ने कहा, "हम सही रास्ते पर हैं और मुझे उम्मीद है कि अगले सप्ताह हम पहली किस्त जारी कर पाएंगे। ईयू के सदस्य देशों ने 23 अप्रैल को यूक्रेन के लिए 90 अरब यूरो के कर्ज पैकेज को औपचारिक रूप से मंजूरी दी थी।

होर्मुज की सुरक्षा पर रक्षा मंत्रियों की बैठक की मेजबानी करेंगे ब्रिटेन-फ्रांस

यह इस बहुराष्ट्रीय समुद्री मिशन की पहली रक्षा मंत्री बैठक होगी

लंदन, एजेंसी

होर्मुज जलडमरूमध्य में व्यापार को सुरक्षित रूप से शुरू करने के इरादे से सैन्य नियोजन पर चर्चा करने के लिए ब्रिटेन और फ्रांस मंगलवार से 40 देशों के विदेश मंत्रियों की मेज़बानी करेंगे। ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, रक्षा सचिव जॉन हीली और फ्रांस की रक्षा मंत्री कैथरीन वॉट्रिन इस बैठक की अध्यक्षता करेंगे। यह इस बहुराष्ट्रीय समुद्री मिशन की पहली रक्षा मंत्री बैठक होगी।

इस बीच, ईरान ने सभी देशों को होर्मुज में अपने युद्धपोत उतारने के खिलाफ चेतावनी दी है। ईरान के उप-विरेध मंत्री काज़म ग़रीबाबादी ने ब्रिटेन एवं फ्रांस को चेतावनी दी है कि अगर वे होर्मुज जलडमरमूध्य के पास अपने युद्धपोत तैनात करते हैं तो स्थिति तनावपूर्ण हो सकती है। ब्रिटेन ने पिछले सप्ताह यह ऐलान किया था कि वह पश्चिम एशिया में एचएमएस ड्रैगन को एक पूर्णतः रक्षात्मक मिशन के तहत तैनात करेगा। इस तैनाती

का उद्देश्य समुद्री बारूदी सुरंगों को होर्मुज से निकालना और क्षेत्र में व्यवसायिक नौवहन को बहाल करना होगा।

इस बीच, फ्रांस ने पुष्टि की कि उसने होर्मुज जलडमरूमध्य में संभावित सुरक्षा अभियान की तैयारी के तहत अपना नौसैनिक बेड़ा लाल सागर में तैनात कर दिया है। फ्रांस और ब्रिटेन होर्मुज जलडमरूमध्य में वाणिज्यिक जहाजों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए एक अंतर्राष्ट्रीय गठबंधन बनाने की कोशिश में सबसे आगे हैं। साथ ही ये देश इस मिशन में वैश्विक भागीदारी का आह्वान भी करते रहे हैं।

युद्ध तब तक खत्म नहीं होगा जब तक परमाणु मुद्दों का समाधान नहीं हो जाता : नेतन्याहू

तेल अवीव, एजेंसी। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने दोहराया है कि ईरान के साथ युद्ध तब तक खत्म नहीं होगा जब तक कि प्रमुख रणनीतिक मुद्दों का समाधान नहीं हो जाता जिनमें ईरान के संवर्धित यूरेनियम के भंडार को हटाना, परमाणु केंद्रों को नष्ट करना और ईरान के क्षेत्रीय प्रभाव पर अंकुश लगाना शामिल है। सीबीएस न्यूज के कार्यक्रम 60 मिनट्स को दिये साक्षात्कार में नेतन्याहू ने कहा कि यह अभी खत्म नहीं हुआ है, क्योंकि अब भी वहां परमाणु सामग्री और संवर्धित यूरेनियम मौजूद है। इसे ईरान से बाहर निकालना होगा। अब भी वहां संवर्धन केंद्र हैं, जिन्हें नष्ट करना बाकी है। उन्होंने कहा कि ईरान क्षेत्रीय प्रॉक्सी समूहों का समर्थन करना जारी रख रहा है।

काठमांडू में लैंड करते समय टर्किश एयरलाइंस के विमान में आग लगी, सभी यात्री सुरक्षित

काठमांडू, एजेंसी। नेपाल के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरते समय टर्किश एयरलाइंस के एक विमान में आग लग गई। इस दुर्घटना में किसी के घायल होने की कोई खबर नहीं है, लेकिन घटना के बाद हवाई अड्डा का परिचालन करीब दो घंटे के लिए बंद करना पड़ा। हवाई अड्डे के अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि विमान में 277 यात्री और चालक दल के 11 सदस्य सवार थे और सभी सुरक्षित हैं। यह घटना सुबह छह बजकर 36 मिनट पर हुई। इस्तांबुल से आ रही टर्किश एयरलाइंस की उड़ान 'टीके 726' में हवाई अड्डे पर उतरते समय पिछले पहिये में आग लग गई। घटना के बाद हवाई अड्डे का परिचालन रोक दिया गया और आग पर काबू पाने के लिए दमकल गाड़ियां तुरंत मौके पर भेजी गईं।

अधिकारियों ने बताया कि विमान से सभी यात्रियों और चालक दल के सदस्यों को सुरक्षित निकाल लिया गया। सुबह साढ़े आठ बजे के बाद सामान्य उड़ान सेवाएं फिर से शुरू हो गईं। समाचार पत्र 'द हिमालयन टाइम्स' के अनुसार, विमान में पार्थिव देह और सामान भी था। आग लगने की घटना के बाद विमान मुख्य रनवे पर रुक गया, जिससे अंतरराष्ट्रीय उड़ान सेवाएं बाधित हुईं। अधिकारियों ने बताया कि आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। टर्किश एयरलाइंस इस्तांबुल से नेपाल के लिए सप्ताह में पांच उड़ानें संचालित करती है। काठमांडू का त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा नेपाल को 17 देशों के 40 से अधिक गंतव्यों से जोड़ता है।

चीनी कंपनियों पर अमेरिका के प्रतिबंध अवैध : चीन

बीजिंग, एजेंसी

चीन ने ईरान से संबंध होने के कारण चीनी कंपनियों पर प्रतिबंध लगाने के अमेरिका के फैसले का विरोध करते हुए नई नीतियों को अवैध एवं अंतर्राष्ट्रीय कानून का विरोधी करार दिया। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुए जियाकुन ने सोमवार को कहा कि चीन अमेरिका द्वारा थोपे गये एकतरफा प्रतिबंधों को नकारता है और ये संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से मान्यता प्राप्त नहीं है।

उल्लेखनीय है कि अमेरिका के वित्त मंत्रालय ने चीन और हांगकांग की कंपनियों एवं लोगों पर ईरान की सेना की सहायता करने का आरोप लगाते हुए उन पर प्रतिबंध लगाये हैं। इस सूची में शामिल 12 लोगों एवं कंपनियों पर आरोप है कि उन्होंने ईरान की सेना के इस्तेमाल के लिए हथियार एवं तकनीक खरीदी हैं।

उन्होंने कहा कि बीजिंग लगातार चीनी कंपनियों से यह अपेक्षा करता है कि वे कानूनों और नियमों के अनुसार ही अपना कारोबार करें, और वह चीनी उद्यमों के वैध अधिकारों और हितों की पूरी मज़बूती से रक्षा करने का इरादा रखता है। गुओ ने कहा कि जहां तक ईरान की स्थिति का सवाल है, चीन ने बार-बार इस पर अपना दृढ़ रुख स्पष्ट किया है।

इस समय सबसे ज़रूरी काम यह है कि युद्ध को फिर से शुरू होने से रोकने के लिए हर संभव प्रयास किये जायें, न कि इस संघर्ष का दुर्भावनापूर्ण इस्तेमाल करके दूसरे देशों को बदनाम किया जाये।

वित्त एवं विदेश मंत्रालय की ओर से शुक्रवार को घोषित किये गये इस फ़ैसले से अगले हफ़्ते डोनाल्ड ट्रंप की चीन की प्रस्तावित यात्रा में अड़चनें पैदा होने का जोखिम है।

फिलीपीन : संसद में हुआ उपराष्ट्रपति पर महाभियोग चलाने को मतदान

मनीला, एजेंसी। फिलीपीन की संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा ने सोमवार को उपराष्ट्रपति सारा दुतेर्ते के खिलाफ महाभियोग चलाने के पक्ष में मतदान किया। उन पर बेहिसाब संपत्ति रखने, सरकारी धन के दुरुपयोग और राष्ट्रपति की हत्या की धमकी देने के आरोप लगाए गए हैं। सदन में राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर के सहयोगियों का बहुमत है। सदन में 257 सदस्यों ने महाभियोग चलाये जाने के पक्ष में मतदान किया जबकि 25 सदस्यों ने प्रस्ताव के खिलाफ मतदान किया, वहीं नौ सदस्य अनुपस्थित रहे। सदन में महाभियोग पर मतदान से ठीक पहले, सीनेट अध्यक्ष विसेंट सोटो तृतीय को 24 में से 13 सीनेटर ने पद से हटा दिया, जिनमें उपराष्ट्रपति और उनके पिता एवं पूर्व राष्ट्रपति रोड्रिगो दुतेर्ते के समर्थक भी शामिल थे।

गर्मी से राहत

सूरत के सार्थना नेचर पार्क (सार्थना चिड़ियाघर) में भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए सफेद बत्तखें और हंस वहां बने जलाशयों में तैरते देखे जा सकते हैं। बढ़ते तापमान को देखते हुए चिड़ियाघर प्रशासन ने जानवरों के लिए खास इंतजाम किए हैं। ● एजेंसी

ट्रंप 13 से 15 तक चीन की यात्रा पर रहेंगे

बीजिंग, एजेंसी: अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 13 से 15 मई तक चीन की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने सोमवार को यह जानकारी दी। चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के निमंत्रण पर ट्रंप यह यात्रा कर रहे हैं। करीब नौ वर्षों में किसी भी अमेरिकी राष्ट्रपति की चीन की यह पहली यात्रा है। ट्रंप की यह यात्रा अमेरिका-इजराइल-ईरान युद्ध, होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकाबंदी के कारण उत्पन्न वैश्विक ऊर्जा संकट और ताइवान समेत कई मुद्दों पर दोनों देशों के बीच बढ़ते तवाव के दौरान हो रही है। अमेरिकी प्रधान उप प्रेस सचिव अन्ना केली ने रविवार को कहा कि ट्रंप बुधवार शाम बीजिंग पहुंचेंगे। ट्रंप शी चिनफिंग के साथ द्विपक्षीय बैठक में भाग लेंगे।

यूएई से भारतीयों को निकालने की कोई योजना नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

● विदेश मंत्रालय ने इस तरह के दावों को खारिज किया

विदेश मंत्रालय ने सोमवार को उस खबर को खारिज किया जिसमें दावा किया गया था कि फुजैराह बंदरगाह के माध्यम से भारतीय श्रमिकों की निकासी को सुविधाजनक बनाने के लिए भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) एक समझौते पर काम कर रहे हैं। मंत्रालय ने कहा कि इसका कोई आधार नहीं है और फुजैराह या यूएई से भारतीय नागरिकों को निकालने की कोई योजना नहीं है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यह बात पश्चिम एशिया की मौजूदा स्थिति पर यहां आयोजित एक अंतर-मंत्रालयी प्रेसवार्ता के दौरान एक प्रमुख राष्ट्रीय दैनिक में प्रकाशित मीडिया की एक खबर के बारे में पूछे गए एक प्रश्न के जवाब में कही। उन्होंने कहा कि आपने एक विशेष समाचार का उल्लेख किया। मैं आपसे अनुरोध करूंगा कि आप विदेश मंत्रालय के फैक्टचेक को भी देखें क्योंकि हमने इस संबंध में पहले ही स्पष्टीकरण जारी कर दिया है। ऐसी खबर का कोई आधार नहीं है। साथ ही, फुजैराह या संयुक्त अरब अमीरात से भारतीय नागरिकों को निकालने की कोई योजना नहीं है। इसलिए, कृपया हमारे द्वारा जारी किए गए स्पष्टीकरण को भी देखें।

इससे पहले दिन में विदेश मंत्रालय की फैक्ट-चेक टीम ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में इस खबर को फर्जी खबर बताया। विदेश मंत्रालय की फैक्टचेक टीम ने अपनी पोस्ट में कहा कि फर्जी खबर! ऐसी किसी भी खबर का कोई आधार नहीं है। किसी भी प्रकार की निकासी की योजना नहीं बनाई जा रही है। कृपया ऐसे झूठे और निराधार दावों से सावधान रहें। प्रेसवार्ता के दौरान, जायसवाल से भारत की अध्यक्षता में ब्रिक्स सदस्य देशों और अन्य देशों के विदेश मंत्रियों की आगामी बैठक के बारे में भी सवाल किया गया।

क्रूज जहाज से निकाले गए तीन यात्री संक्रमित

द हेग, एजेंसी

एक क्रूज जहाज पर हंता वायरस के प्रकोप के बाद सुरक्षित निकाले गए यात्रियों में से एक फ्रांसीसी महिला और दो अमेरिकी नागरिक संक्रमित पाए गए हैं या उनमें इसके लक्षण दिखे हैं। इस बीच, दुनिया भर के देशों ने अपने नागरिकों को वापस लाने और उन्हें पृथक-वास में रखने की कवायद तेज कर दी है। स्पेन के कैनरी द्वीप समूह में एमवी होंडियस क्रूज जहाज के पहुंचने के बाद रविवार से यात्रियों को सैन्य और सरकारी विमानों से उनके देशों में वापस भेजने का सिलसिला शुरू हुआ।

टेनेरिफ में सोमवार को भी सुरक्षात्मक सूट और मास्क पहने कर्मियों की निगरानी में यात्रियों को जहाज से तट तक पहुंचाया गया। फ्रांस की स्वास्थ्य मंत्री स्टेफनी रिस्ट ने सोमवार को बताया कि क्रूज जहाज से रविवार को उतारकर विमान में पेरिस लाए गए पांच यात्रियों में से एक महिला संक्रमित पाई गई है और रात में अस्पताल में उसकी हालत बिगड़ गई। रिस्ट ने बताया कि महिला में

हंता वायरस

पेरिस की उड़ान के दौरान ही लक्षण दिखने शुरू हो गए थे। अमेरिकी स्वास्थ्य अधिकारियों ने रविवार देर रात बताया कि जहाज से सुरक्षित निकाले गए और नेब्रास्का भेजे गए 17 अमेरिकी यात्रियों में से एक व्यक्ति हंता वायरस से संक्रमित पाया गया है, हालांकि उसमें बीमारी के कोई लक्षण नहीं दिख रहे हैं। एक अन्य यात्री में हल्के लक्षण पाए गए हैं।

यह विमान सोमवार सुबह अमेरिका पहुंचा। अमेरिकी यात्रियों को सबसे पहले यूनिवर्सिटी ऑफ नेब्रास्का मेडिकल सेंटर ले जाया जाएगा। यहां उन्हें संघीय पृथक-वास (क्वारंटीन) केंद्र में रखा जाएगा ताकि यह पता लगाया जा सके कि वे किसी संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आए हैं या नहीं और उनसे वायरस फैलने का खतरा कितना है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने इन यात्रियों की कड़ी निगरानी की सिफारिश की है। इससे पहले, स्पेनिश स्वास्थ्य मंत्रालय और 'एमवी होंडियस' क्रूज संचालक कंपनी 'ओशनवाइड एक्सपीडिशन्स' के अधिकारियों ने कहा था कि जहाज पर सवार 140 से अधिक लोगों में से किसी में भी संक्रमण के लक्षण नहीं दिखे हैं। हंता वायरस के प्रकोप की शुरुआत से अब तक तीन लोगों की मौत हो चुकी है और जहाज से पहले उतरे पांच अन्य लोग संक्रमित पाए गए थे। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) के महानिदेशक टेड्रोस अदनोम घेब्रेयेसस ने स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा, "यह कोविड जैसी स्थिति नहीं है और आम जनता के लिए जोखिम कम है। इसलिए लोगों को डरने या घबराने की जरूरत नहीं है।

डब्लूएचओ की मुख्य महामारी विज्ञानी मारिया वान केरखोव ने सिफारिश की है कि यात्रियों के स्वदेश लौटने पर उनकी दैनिक स्वास्थ्य जांच की जाए। इस प्रकोप में अब तक तीन लोगों की मौत हो चुकी है।

बीएलए को आतंकवाद से जोड़ने पर आस्ट्रेलिया की आलोचना की

लंदन/नई दिल्ली, एजेंसी। बलूचिस्तान आंदोलन के एक वरिष्ठ नेता ने ऑस्ट्रेलियाई सरकार के बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) को आतंकवाद से जोड़ने के फैसले के औचित्य पर सवाल उठाया है।

प्रमुख बलूच कार्यकर्ताओं में से एक मीर यार बलूच ने ऑस्ट्रेलिया को चुनौती दी कि वह बीएलए के हमले का कोई सबूत पेश करे। उन्होंने आरोप लगाया है कि संगठन को "आतंकी" घोषित करना पाकिस्तानी लामबंदी और दुष्प्रचार का परिणाम है।

मीर यार बलोच ने बताया, न्याय, लोकतंत्र और मानवीय गरिमा को महत्व देने वाले राष्ट्र के रूप में, ऑस्ट्रेलिया के पास न केवल कब्जा करने वाले पाकिस्तान की आवाज सुनने का नैतिक अवसर है, बल्कि उन उत्पीड़ित लोगों की आवाज भी सुनने का अवसर है जो मान्यता, सम्मान और शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से अपने भविष्य का निर्धारण करने के अधिकार की मांग कर रहे हैं।

चुनाव आयोग जल्द शुरू करेगा तीसरा चरण

मतदाता सूची पुनरीक्षण

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय निर्वाचन आयोग आगामी दिनों में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का तीसरा और अंतिम चरण शुरू करने जा रहा है। इस प्रक्रिया के तहत शेष 17 राज्यों और 5 केंद्र शासित प्रदेशों को शामिल किया जाएगा, जिनमें लगभग 40 करोड़ मतदाता हैं। इससे पहले आयोग 10 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों में करीब 60 करोड़ मतदाताओं का पुनरीक्षण कार्य पूरा कर चुका है।

आयोग ने दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, झारखंड, ओडिशा, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और पूर्वोत्तर के राज्यों (मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड, सिक्किम, त्रिपुरा) सहित चंडीगढ़, दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को तैयारी पूरी करने के निर्देश दिए हैं। पिछले साल जून में घोषित यह प्रक्रिया कई कारणों से विलंबित हुई है। हाल ही में पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के कारण इसे टाला गया था। इसके अलावा, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और बिहार में राजनीतिक दलों ने इस प्रक्रिया को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी थी।

पश्चिम बंगाल की तत्कालीन मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी व्यक्तिगत रूप से इस प्रक्रिया के खिलाफ शीर्ष अदालत में दलीलें पेश की थीं। पुनरीक्षण के दौरान बिहार में विदेशी नागरिकों (बांग्लादेश, नेपाल और म्यांमा) की पहचान के दावे किए गए थे, हालांकि आयोग ने बाद में ऐसे अयोग्य लोगों का कोई आधिकारिक साक्ष्य साझा नहीं किया। इस चरण के पूरा होते ही देश के सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेश इस अखिल भारतीय प्रक्रिया के दायरे में आ जाएंगे।

कैसा रहेगा आपका आज का दिन

मेष — आज आपको काम के दौरान ज्यादातर शांत रहना चाहिए। सहकर्मियों के व्यवहार को लेकर थोड़े चिंतित हो सकते हैं।

वृष — आज नई परियोजनाओं को लेकर उत्सुकता जागेगी। परिस्थितियां पूरी तरह से आपके नियंत्रण में रहेंगी। तीर्थ यात्रा की योजना बना सकते हैं।

मिथुन — आज कोई शुभ सूचना मिल सकती है। शाम के समय कहीं घूमने जा सकते हैं। व्यापार में आपको अच्छे परिणाम मिलेंगे।

कर्क — आज गूढ़ ज्ञान अर्जित करने का प्रयास करेंगे। विद्यार्थी पढ़ाई की ओर एकाग्रचित्त रहेंगे। परिजनों की सुविधाओं का ध्यान रखें।

सिंह — आज कारोबार में बड़ा निवेश कर सकते हैं। खर्चों में कमी आने से मन संतुष्ट रहेगा। समय पूरी तरह से आपके पक्ष में हैं।

कन्या — आज अपनी जॉब को लेकर थोड़े असंतुष्ट हो सकते हैं। आपसी संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। अटका हुआ धन वापस प्राप्त होगा।

तुला — आज आपको अपने काम पर बहुत ध्यान देना होगा। कार्यक्षेत्र में राजनीति हो सकती है। कड़वी बातों का प्रयोग न करें।

वृश्चिक — आज अपनी प्रतिभा का पूरा उपयोग आप नहीं कर पा रहे हैं। आपके सुझावों से लोगों को बहुत अच्छा लाभ होगा।

धनु — आज सभी कार्यों में विजय प्राप्त होगी। सुख-सुविधाओं का उपभोग करेंगे। महत्वपूर्ण कार्यों को पहली प्राथमिकता में रखते हुए पूर्ण कर लें।

मकर — आज कार्यक्षेत्र में आपके योगदान की प्रशंसा होगी। बॉस आपके कार्यों से अत्यधिक प्रसन्न रहेंगे। दांपत्य संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

कुंभ — आज आवश्यक कार्यों को सुबह ही कर लेना उचित होगा। उच्च पद पर बैठे लोगों की उपेक्षा का सामना करना पड़ सकता है।

मीन — आज प्रियजनों के व्यवहार से मन खिन्न होगा। मौसमी बीमारियों की चपेट में आ सकते हैं। पुराने कर्जों को लौटाने का दबाव रहेगा।

आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com



आज की ग्रह स्थिति : 12 मई, मंगलवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- ज्येष्ठ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, दशमी 14.52 तक तत्पश्चात एकादशी।

दिशाशूल-उत्तर, **ऋतु**- ग्रीष्म।

चन्द्रबल- मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ।

ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-पूर्व भाद्रपद 13 मई 01.27 तक तत्पश्चात उत्तर भाद्रपद।

सुडोकू - 146 का हल

8	9	7	1	4	5	2	6	3
1	2	6	7	9	3	8	5	4
3	5	4	2	8	6	1	9	7
9	6	3	4	2	8	5	7	1
5	7	8	3	6	1	9	4	2
2	4	1	5	7	9	6	3	8
6	3	2	8	5	7	4	1	9
4	1	5	9	3	2	7	8	6
7	8	9	6	1	4	3	2	5

सुडोकू -147

1			2		3			
						4		3
		6	7					
3			6		1			
4	2							1
			4		8			
				7	9	2		
8		3						
			8		5			

सुप्रीम सवाल — हर बड़ी परियोजना के खिलाफ इसी तरह याचिकाएं दायर की जाती रहीं, तो देश का विकास और प्रगति कैसे सुनिश्चित होगी

विकास परियोजनाओं को कानूनी अड़चनों में फंसाने की बढ़ती प्रवृत्ति निंदनीय

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को विकास परियोजनाओं को कानूनी अड़चनों में फंसाने की बढ़ती प्रवृत्ति पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की है। न्यायालय ने पर्यावरण के नाम पर विकास कार्यों को बाधित करने वाली याचिकाओं की निंदा करते हुए सवाल उठाया कि यदि हर बड़ी परियोजना के खिलाफ इसी तरह याचिकाएं दायर की जाती रहीं, तो देश का विकास और प्रगति कैसे सुनिश्चित होगी।

प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की खंडपीठ ने सुनवाई के दौरान तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि हमें इस देश में एक भी ऐसी परियोजना दिखाएं, जिसका स्वागत इन तथाकथित पर्यावरण कार्यकर्ताओं ने किया हो। पीठ ने रेखांकित किया कि वर्तमान में दायर की जा रही कई याचिकाओं का प्राथमिक उद्देश्य केवल विकास की गति को रोकना प्रतीत होता है, जो देश के लिए एक बड़ी समस्या बन गई है। यह मामला गुजरात के पिपावाव बंदरगाह के विस्तार और आधुनिकीकरण से जुड़ा है। दरअसल, राष्ट्रीय हरित अधिकरण की पश्चिमी क्षेत्र की पीठ ने पूर्व में बंदरगाह को दी गई पर्यावरण और तटीय विनियमन क्षेत्र की मंजूरी को रद्द करने की मांग वाली अपील खारिज कर दी थी। इसी आदेश को शीर्ष अदालत में चुनौती दी गई थी। याचिका पर सुनवाई करते हुए पीठ

ने पाया कि एनजीटी ने इस मामले में पहले ही बहुत विस्तृत और तकनीकी आदेश पारित किया है।

हालांकि, न्यायालय ने यह स्पष्ट किया कि अदालतों का सरोकार हमेशा से पर्यावरण की रक्षा करना रहा है और वे प्रकृति को प्रभावित करने वाली किसी भी गतिविधि की आलोचना करती हैं। लेकिन पर्यावरण संरक्षण और विकास के बीच संतुलन होना अनिवार्य है। शीर्ष अदालत ने याचिकाकर्ता को यह स्वतंत्रता दी कि वह एनजीटी के समक्ष पुनर्विचार याचिका दायर कर सकता है। इस याचिका में उसे विशेष रूप से यह स्पष्ट करना होगा कि क्या पर्यावरण प्रभाव आकलन (EIA) रिपोर्ट में उसकी ओर से उठाए गए बिंदुओं पर उचित विचार किया गया था। पीठ ने एनजीटी को निर्देश दिया कि यदि ऐसी कोई याचिका आती है, तो वह केवल इसी तकनीकी पहलू पर विचार करे।

न्यायिक अधिकारियों के घेराव की जांच दो महीने में हो पूरी

नई दिल्ली, एजेंसी। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को एनआईए को पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में एक अप्रैल को हुई हिंसा की जांच दो महीने के भीतर पूरी करने का निर्देश दिया। इस हिंसा में एक भीड़ ने सात न्यायिक अधिकारियों को नौ घंटे तक बंधक बनाकर रखा था। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि एनआईए को जांच पूरी करने के बाद सक्षम क्षेत्राधिकार वाले न्यायालय के समक्ष अपनी रिपोर्ट दाखिल करनी चाहिए। पीठ ने पूछा, जांच की क्या स्थिति है? क्या यह पूरी हो चुकी है? एनआईए की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कहा कि वह विस्तृत स्थिति रिपोर्ट दाखिल करेंगे। पीठ ने कहा, हमारा मानना है कि एनआईए को जल्द से जल्द जांच पूरी करने दें, संभव हो तो दो महीने के भीतर। पीठ ने टिप्पणी की, आप अपना आरोप-पत्र दाखिल करें। कानून अपना काम करेगा। न्यायालय ने 24 अप्रैल को एनआईए को मामले की जांच पूरी होने पर आरोप-पत्र दाखिल करने की अनुमति दी थी। मतदाता सूची से बाहर किए गए लोगों की 60 लाख से अधिक आपत्तियों से निपटने के लिए पश्चिम बंगाल, ओडिशा और झारखंड के लगभग 700 न्यायिक अधिकारियों को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया में तैनात किया गया था। शीर्ष अदालत ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के उस पत्र का स्वत: संज्ञान लिया था, जिसमें एक अप्रैल की रात की भयावह घटनाओं का विस्तृत वर्णन किया गया था, जब तीन महिलाओं सहित सात न्यायिक अधिकारियों और एक पांच वर्षीय बच्चे को भीड़ ने नौ घंटे से अधिक समय तक बिना भोजन-पानी के बंधक बनाकर रखा था।

मैंने पहले भी कई बार अच्छी गेंदबाजी की है, विकेट भी लिए हैं। लेकिन मैंने सबसे अधिक मजा छक्का लगाकर लिया। मैं रोहित के ख़िलाफ़ पहले से सोचकर गेंदबाज़ी कर रहा था। रोहित आगे निकलकर खेल सकते हैं क्योंकि उन्होंने पहले मेरे ख़िलाफ़ ऐसा किया है।
–भुवनेश्वर कुमार

स्टेडियम

हल्द्वानी, मंगलवार, 12 मई 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com

IPL 2026

आज के मुकाबले

गुजरात टाइटंस
बनाम
सनराइजर्स हैदराबाद

समय - शाम 7:30 बजे

पंजाब ने दिल्ली को दिया 211 रनों का लक्ष्य, प्रियांश-श्रेयस ने जड़े अर्धशतक

आईपीएल-2026 : तालिका में फिर शीर्ष पर पहुंचने का प्रयास कर रही अय्यर की टीम

श्रेयस अय्यर।

धर्मशाला, एजेंसी

कप्तान श्रेयस अय्यर और सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्य के अर्धशतक से पंजाब किंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में सोमवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पांच विकेट पर 210 रन बनाए। अय्यर ने 36 गेंद में तीन छक्कों और पांच चौकों से नाबाद 59 रन की पारी खेली जबकि प्रियांश ने 33 गेंद में छह छक्कों और दो चौकों से 56 रन बनाए।

अय्यर ने कूपर कोनोली (38) के साथ तीसरे विकेट के लिए 83 रन की साझेदारी की जबकि प्रियांश ने भी प्रभसिमरन सिंह (18) के साथ पहले विकेट के लिए 78 रन जोड़कर टीम को तेज शुरुआत दिलाई। दिल्ली की ओर से माधव तिवारी ने 40 जबकि मिचेल स्टार्क ने 57 रन देकर दो-दो विकेट चटकाए। टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरे पंजाब किंग्स को प्रियांश और प्रभसिमरन सिंह (18) ने पावर प्ले में बिना विकेट खोए 72 रन जोड़कर तेज शुरुआत दिलाई। प्रियांश ने मिचेल स्टार्क पर दो छक्कों के साथ शुरुआत की जबकि प्रभसिमरन ने भी इस तेज गेंदबाज पर चौका जड़ा जिससे पहले ओवर में 22 रन बने।

प्रियांश ने लुंगी एनगिडी पर दो छक्के मारे और मुकेश कुमार की गेंद को भी दर्शकों के बीच पहुंचाया। उन्होंने आकिब नबी की गेंद पर एक रन के साथ 24 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। प्रभसिमरन हालांकि इसके बाद मुकेश की गेंद को पुल करने की कोशिश में डीप बैकवर्ड स्क्वायर लेग पर आकिब को कैच दे बैठे। कप्तान अय्यर ने आते ही आकिब की लगातार गेंदों पर दो चौके मारे और फिर एनगिडी पर भी छक्का जड़ा। माधव तिवारी ने प्रियांश को साहिल पारख के हाथों कैच कराके पंजाब को दूसरा झटका दिया। उन्होंने 33 गेंद की अपनी पारी में छह छक्के और दो चौके मारे। अय्यर और कोनोली ने इसके बाद पारी को आगे बढ़ाया। पंजाब के रनों का शतक 10वें ओवर में पूरा हुआ।

कोनोली ने स्टार्क पर चौके के साथ शुरुआत की जबकि अय्यर ने भी तिवारी पर चौका जड़ा। अय्यर ने एनगिडी जबकि कोनोली ने स्टार्क पर छक्का मारा। पंजाब ने 15 ओवर में दो विकेट पर 149 रन बनाए। कोनोली ने एनगिडी की लगातार गेंदों पर चौके और छक्के के साथ रन गति में इजाफा करने का प्रयास किया। अय्यर ने तिवारी पर छक्के के साथ 32 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। कोनोली हालांकि तिवारी की गेंद डीप मिड विकेट पर डेविड मिलर को कैच दे बैठे। उन्होंने 27 गेंद की अपनी पारी में तीन चौके और दो छक्के मारे। स्टार्क ने इसके बाद लगातार गेंदों पर मार्कस स्टोइनिस (01) और शशांक सिंह (00) को पवेलियन भेजा। सूर्यांश शेडगे ने स्टार्क पर दो छक्कों और एक चौके के साथ 19वें ओवर में टीम का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाया।

पंजाब किंग्स

210/5 (20 ओवर)

प्रियांश आर्य का पारख बो तिवारी	56
प्रभसिमरन सिंह का आकिब बो मुकेश	18
श्रेयस अय्यर नाबाद	59
कूपन कोनोली का मिलर बो तिवारी	38
मार्कस स्टोइनिस का तिवारी बो स्टार्क	01
शशांक सिंह का अक्षर बो स्टार्क	00
सूर्यांश शेडगे नाबाद	21

अतिरिक्त : 17, विकेट पतन : 1-78, 2-97, 3-180, 4-187, 5-187 गेंदबाजी : स्टार्क 4-0-57-2, आकिब 4-0-32-0, एनगिडी 4-0-46-0, मुकेश 4-0-31-1, तिवारी 4-0-40-2

अंक तालिका

	टीम	मैच	जीते	हारे	रद्द	अंक	नेट रन रेट
1.	रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु	11	7	4	0	14	1.103
2.	सनराइजर्स हैदराबाद	11	7	4	0	14	0.737
3.	गुजरात टाइटंस	11	7	4	0	14	0.228
4.	पंजाब किंग्स	10	6	3	1	13	0.571
5.	चेन्नई सुपर किंग्स	11	6	5	0	12	0.185
6.	राजस्थान रॉयल्स	11	6	5	0	12	0.082
7.	कोलकाता नाइट राइडर्स	10	4	5	1	9	-0.169
8.	दिल्ली कैपिटल्स	11	4	7	0	8	-1.154
9.	मुंबई इंडियंस	11	3	8	0	6	-0.585
10.	लखनऊ सुपर जाएंट्स	11	3	8	0	6	-0.907

ऑरेंज कैप

- हेनरिक क्लासेन हैदराबाद-494 रन
- अभिषेक शर्मा हैदराबाद -475 रन
- केएल राहुल दिल्ली-468 रन

पर्पल कैप

- भुवनेश्वर कुमार बेंगलुरु-21 विकेट
- अंशुल कंबोज चेन्नई-19 विकेट
- कागिसो रबाडा गुजरात-18 विकेट

प्लेऑफ के लिए दावेदारी मजबूत करने उतरेंगे हैदराबाद और गुजरात

मुकाबला आज

अहमदाबाद, एजेंसी। आईपीएल अब जबकि अपने निर्णायक मोड़ पर पहुंच चुका है तब दूसरे स्थान पर काबिज सनराइजर्स हैदराबाद और तीसरे स्थान की टीम गुजरात टाइटंस के बीच मंगलवार को यहां होने वाला मैच काफी रोमांचक होने की संभावना है जो प्लेऑफ की दौड़ को ध्यान में रखते हुए दोनों टीम के लिए महत्वपूर्ण होगा। शुभमन गिल की अगुवाई वाली गुजरात की टीम ने सत्र की खराब शुरुआत से उबरते हुए कई महत्वपूर्ण जीत हासिल की हैं। इनमें पिछले मैच में राजस्थान रॉयल्स पर 77 रन की जीत भी शामिल है, जिससे वह अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। इस जीत से गुजरात की स्थिति थोड़ी बेहतर नजर आ रही है। अभी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, सनराइजर्स और टाइटंस सभी के समान 14 अंक हैं। ऐसे में नेट रन रेट प्लेऑफ की दौड़ में निर्णायक कारक बन सकता है। सनराइजर्स ने सही समय पर अपनी लय हासिल कर ली है। पंजाब किंग्स के खिलाफ पिछले मैच में पर 33 रन की जीत में उसने अपनी बल्लेबाजी ताकत का शानदार नमूना पेश किया। जहां तक टाइटंस का सवाल है तो उसकी टीम बेहद संतुलित है। उसकी बल्लेबाजी कप्तान गिल और साई सुदर्शन के इर्द-गिर्द घूमती है। इन दोनों ने शीर्ष क्रम में मजबूती प्रदान की है और पावरप्ले में अच्छा प्रदर्शन किया है। जोस बटलर और वाशिंगटन सुंदर बीच के ओवरों में अच्छी भूमिका निभा रहे हैं। इससे उसकी टीम बड़ा स्कोर बनाने या बड़े लक्ष्य हासिल करने में सफल रही है। टाइटंस की गेंदबाजी भी उतनी ही दमदार है, जिसमें मोहम्मद सिराज और कैगिसो रबाडा की तेज गति और विकेट लेने की क्षमता के साथ-साथ राशिद खान का की रुख बदलने वाली गेंदबाजी का शानदार संयोजन है।

हाईलाइट

भारतीय गोल्फर युवराज संधू संयुक्त 31वें स्थान पर रहे

बार्सिलोना। भारतीय खिलाड़ी युवराज संधू ने यहां खेले गए एस्त्रेला डैम कैटालुन्या चैंपिनशिप गोल्फ टूर्नामेंट के अंतिम दौर में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन अंडर 69 का कार्ड खेलकर संयुक्त 31वें स्थान पर रहे। इस 29 वर्षीय खिलाड़ी ने शुरुआती दौर में 68 का शानदार कार्ड खेला था, लेकिन दूसरे और तीसरे दौर में क्रमश : 72 और 73 का कार्ड खेलने के बाद वह तालिका में नीचे फिसल गए थे। उन्होंने चौथे और अंतिम दौर में अच्छी वापसी करते हुए पांचवें, नौवें, 10वें, 16वें और 18वें होल में बर्डी लगाई, जबकि 12वें और 15वें होल पर बोगी की। उन्होंने 69 का कार्ड खेलकर कुल सात अंडर के स्कोर के साथ अपना अभियान समाप्त किया। दक्षिण अफ्रीका के युराव प्रीमलाल ने लगातार दूसरे दिन नौ अंडर 63 का बेहतरीन कार्ड खेलते हुए कुल 28 अंडर पार (70-64-63-63) के स्कोर के साथ 14 शॉट के बड़े अंतर से खिताब अपने नाम किया।

आईसीसी पुरुष एकदिवसीय रैंकिंग में भारत शीर्ष पर बरकरार

दुबई। भारत ने आईसीसी की पुरुषों की एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय टीम रैंकिंग के नवीनतम सालाना अपडेट के बाद अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है जबकि मौजूदा विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया तीसरे स्थान पर है। सोमवार को जारी बयान में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने कहा नवीनतम सालाना अपडेट के बाद आईसीसी की पुरुषों की एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय टीम रैंकिंग में भारत शीर्ष पर बना हुआ है। वह दूसरे स्थान पर मौजूद न्यूजीलैंड (113 अंक) से महज पांच अंक के मामूली अंतर से आगे है जबकि ऑस्ट्रेलिया (109 अंक) तीसरे स्थान पर बरकरार है और शीर्ष तीन टीम में शामिल है। भारत को एक रेटिंग अंक का नुकसान हुआ है और उसके खाते में 118 अंक हैं।

आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन पर फ्लावर पर जुर्माना

रायपुर। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के मुख्य कोच एंडी फ्लावर पर मुंबई इंडियंस के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच के दौरान चौथे अंपायर के साथ बहस करने के कारण आचार संहिता का उल्लंघन करने पर उनकी मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। आईपीएल ने एक बयान में कहा रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के मुख्य कोच एंडी फ्लावर पर आईपीएल के खिलाड़ियों और टीम अधिकारियों के लिए आचार संहिता के लेवल एक का उल्लंघन करने के लिए उनकी मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।

लक्ष्य-सिंधु करेंगे भारतीय चुनौती की अगुवाई

थाईलैंड ओपन आज से

बैंकॉक, एजेंसी

थॉमस कप में कांस्य पदक जीतने के बाद भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों की नजरें मंगलवार से यहां शुरू हो रहे पांच लाख डॉलर ईनामी राशि के थाईलैंड ओपन में व्यक्तिगत प्रदर्शन पर होगी जिसमें लक्ष्य सेन और पीवी सिंधु भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे।

सातवीं वरीयता प्राप्त लक्ष्य कोहनी की चोट के कारण डेनमार्क में फ्रांस के खिलाफ सेमीफाइनल नहीं खेल सके थे। वह पहले मैच में सिंगापुर के जैसन तेह जिया हेंग से खेलेंगे जबकि आयुष शेट्टी का सामना जापान के छठी वरीयता प्राप्त विश्व चैम्पियनशिप पदक विजेता कोडाइ नाराओका से होगा।

महिला एकल में छठी वरीयता प्राप्त सिंधु पहले दौर में चीनी ताइपै की तुंग सियू तोंग से खेलेंगी। मलेशिया में सेमीफाइनल और इंडोनेशिया में क्वार्टर फाइनल तक पहुंची दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू को खिताब का

सूखा खत्म करने के लिये प्रदर्शन में निरंतरता लानी होगी। विश्व चैम्पियनशिप के पूर्व रजत पदक विजेता किदाम्बी श्रीकांत पिछले सत्र में मलेशिया मास्टर्स और सैयद मोदी इंटरनेशनल के फाइनल में पहुंचे लेकिन प्रदर्शन में निरंतरता पर उन्हें मेहनत करनी होगी। श्रीकांत का सामना आठवीं वरीयता प्राप्त लो कीन यू से होगा।

तरुण मल्लेपल्ली का सामना जापान के कोकी वातानाबे से होगा। महिला वर्ग में उन्नति हुड्डा चौथी वरीयता प्राप्त पोर्नपावी चोचुवोंग से खेलेगी जबकि देविका सिहाग की टक्कर जापान की नत्सुकी निदाइरा से और तन्वी शर्मा का सामना हिना अकेची से होगा।

एशियाई भारोत्तोलन चैंपियनशिप में कोमल ने जीता कांस्य पदक

गांधीनगर। कोमल कोहर ने एशियाई भारोत्तोलन चैंपियनशिप में महिलाओं के 48 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीतकर मेजबान भारत के पदकों का खाता खोला।

टोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता मीराबाई चानू की जगह खेलते हुए 23 वर्षीय कोमल ने धैर्यपूर्ण और संयमित प्रदर्शन करते हुए शानदार खेल दिखाया। उन्होंने कुल 177 किग्रा उठाया जिसमें स्नैच में 78 किग्रा और क्लीन एवं जर्क में 99 किग्रा वजन उठाया। क्लीन एवं जर्क में उनके इस प्रयास ने उन्हें एक अन्य कांस्य पदक दिलाया। इस प्रतियोगिता में एशियाई भारोत्तोलक के कई पारंपरिक दिग्गज खिलाड़ी शामिल नहीं थे जिसका फायदा उठाते हुए चीनी ताइपे ने पहले और दूसरे स्थान पर कब्जा जमाकर अपना दबदबा बनाया। हुआंग यी चेन ने 193 किग्रा (81 किग्रा और 112 किग्रा) के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि उनकी हमवतन फैंग वान लिंग ने 192 किग्रा के साथ दूसरा स्थान हासिल करते हुए रजत पदक जीता।

बार्सिलोना ने फिर जीता ला लीगा खिताब

बार्सिलोना, एजेंसी

बार्सिलोना ने रविवार को कैंप नोउ में अपने चिर प्रतिद्वंद्वी रियाल मैड्रिड को 2-0 से हराकर लगातार दूसरी और कुल मिलाकर 29वीं बार स्पेनिश लीग फुटबॉल टूर्नामेंट ला लिगा का खिताब जीता। मार्कस रैशफोर्ड के नौवें मिनट और फेरान टोरेस के 18वें मिनट में किए गए गोल ने बार्सिलोना की जीत सुनिश्चित की।

इससे उसने ला लिगा के तीन दौर के मैच शेष रहते हुए रियाल मैड्रिड पर 14 अंकों की अजेय बढ़त हासिल कर ली। अब बार्सिलोना की 35 मैच में 91 और रियाल मैड्रिड के इतने ही मैच में 77 अंक हैं। बार्सिलोना के कोच हांसी फ्लिक रविवार को खेले गए इस क्लासिको मैच में अपने पिता के निधन के बावजूद डगआउट में मौजूद थे। बार्सिलोना ने मैच शुरू होने से कुछ घंटे पहले ही उनके पिता के निधन की घोषणा की थी। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने काली पट्टी बांधी और मैच शुरू होने से पहले एक मिनट का मौन रखा। अगर यह मैच ड्रॉ भी हो जाता तो बार्सिलोना के लिए चार सत्र में अपना तीसरा लीग खिताब हासिल करने के लिए पर्याप्त होता।

स्पेनिश ला लीगा चैंपियनशिप के साथ जश्न मनाती बार्सिलोना की टीम। एजेंसी

- फाइनल में रियाल मैड्रिड को 2-0 से हराया
- मार्कस रैशफोर्ड और फेरान टोरेस ने दागे गोल

> मैं इस दिन को कभी नहीं भूलूंगा। यह मेरे लिए बहुत मुश्किल दिन था। इसकी शुरुआत मेरे पिता के निधन की खबर से हुई, लेकिन मेरी टीम ने शानदार प्रदर्शन किया।
> **हांसी फ्लिक, बार्सिलोना के कोच**

36 रिकॉर्ड खिताब जीते हैं रियाल मैड्रिड ने, लेकिन लगातार दूसरे साल मिली असफलता

24 गोल किए हैं एमबाप्पे ने लीग में अभी सर्वाधिक

रियाल मैड्रिड ने ला लिगा में रिकॉर्ड 36 खिताब जीते हैं लेकिन वह लगातार दूसरे साल को ही बड़ी ट्रॉफी नहीं जीत पाया। बार्सिलोना ने मैच में शुरू से ही दबदबा बना दिया था। उसने शुरू में बढ़त हासिल करने के बाद रियाल मैड्रिड को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। उसकी रक्षापंक्ति में रियाल मैड्रिड के हमलों को नाकाम करने में अहम भूमिका निभाई। रैशफोर्ड ने फ्री किक पर बार्सिलोना के लिए पहला गोल किया, जबकि टोरेस ने डैनी ओल्मो के पास पर पेनल्टी एरिया के अंदर से गोल करके स्कोर 2-0 कर दिया जो आखिर तक बरकरार रहा।

हांसी फ्लिक ने कहा यह टीम परिवार की तरह है और उन्होंने आज अपना सब कुछ झोंक दिया और मुझे उन पर बहुत गर्व है। इस स्टेडियम में रियाल मैड्रिड के खिलाफ क्लासिको में ला लिगा का खिताब जीतना अद्भुत है। रियाल मैड्रिड को काइलिन एमबाप्पे की कमी खली जो चोटिल हैं।

सीनियर रैंकिंग कुश्ती प्रतियोगिता में हरियाणा के पहलवानों का दबदबा

नवाबगंज, गोंडा

अमृत विचार : नंदिनी नगर महाविद्यालय में आयोजित ओपन नेशनल सीनियर रैंकिंग कुश्ती प्रतियोगिता में रविवार को हुए फ्री-स्टाइल शैली के मुकाबलों में हरियाणा के पहलवानों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपना दबदबा कायम रखा।

हरियाणा ने कुल 8 गोल्ड, 7 सिल्वर और 8 ब्रॉन्ज मेडल जीतकर टीम चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। वहीं दिल्ली ने 1 गोल्ड, 1 सिल्वर और 2 ब्रॉन्ज मेडल के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया। सेना (एसएससीबी) ने 1 गोल्ड और 1 सिल्वर मेडल जीतकर तीसरा स्थान हासिल किया। टीम रैंकिंग में हरियाणा ने 235

- फ्री-स्टाइल में जीते 8 स्वर्ण पदक नंदिनी नगर महाविद्यालय में चल रही प्रतियोगिता

अंक अर्जित किए। दिल्ली की टीम 88 अंकों के साथ दूसरे तथा सेना 60 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रही। फ्री-स्टाइल शैली के सभी विजेता पहलवानों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के दूसरे दिन सोमवार को ग्रीको रोमन शैली की कुश्ती देर रात तक जारी रही। अर्जुन अवार्ड धारी अंतर्राष्ट्रीय नामी पहलवान दीपक पुनिया ने 97 किलो भार वर्ग की फ्रीस्टाइल कुश्ती में गोल्ड मेडल जीता।

डब्ल्यूएफआई | प्रतिबंध के बावजूद राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में उतरने की तैयारी, महासंघ के मुताबिक जवाब अधूरा है, नहीं ले सकतीं भाग

गोंडा पहुंचीं विनेश फोगाट, कहा-भागीदारी के काबिल हूं

नंदिनीनगर, गोंडा

अमृत विचार। भारतीय महिला पहलवान विनेश फोगाट और डब्ल्यूएफआई के बीच विवाद एक बार फिर गहरा गया है। महासंघ द्वारा घरेलू प्रतियोगिताओं में भाग लेने पर रोक लगाए जाने के बावजूद विनेश राष्ट्रीय ओपन रैंकिंग कुश्ती प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए गोंडा पहुंच गई हैं।

अयोध्या पहुंचने पर विनेश ने कहा कि वह प्रभु श्रीराम की नगरी में दर्शन करने आई हैं और इसके बाद नंदिनी नगर में आयोजित राष्ट्रीय ओपन रैंकिंग टूर्नामेंट में भाग लेंगी। उन्होंने कहा जो होगा देखा जाएगा। दरअसल, हाल ही में डब्ल्यूएफआई ने विनेश को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए उन पर अनुशासनहीनता और डोपिंग

जवाब देने पहुंचीं भारतीय महिला पहलवान विनेश फोगाट। अमृत विचार

रोधी नियमों के उल्लंघन का आरोप लगाया था। महासंघ ने स्पष्ट किया था कि वह जून 2026 तक किसी भी घरेलू प्रतियोगिता में हिस्सा लेने की पात्र नहीं हैं। इस प्रतिबंध में गोंडा में 10 से 12 मई तक आयोजित राष्ट्रीय ओपन रैंकिंग टूर्नामेंट भी शामिल है। डब्ल्यूएफआई का कहना है कि यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग के डोपिंग रोधी नियमों के तहत संन्यास के बाद वापसी करने वाले खिलाड़ी को कम से कम छह महीने पहले सूचना देनी होती है और इस अवधि में एंटी डोपिंग जांच के लिए उपलब्ध रहना अनिवार्य होता है। महासंघ के अनुसार विनेश ने इस प्रक्रिया का पालन नहीं किया। हालांकि विनेश ने महासंघ को दिए अपने जवाब में दावा किया है कि यह नियम उन पर लागू नहीं होता, क्योंकि वह जून 2025 में ही यूडब्ल्यूडब्ल्यू को अपनी वापसी की जानकारी दे चुकी थीं। उन्होंने कहा कि वापसी से जुड़ी सभी औपचारिकताएं पहले ही पूरी कर ली गई थीं। महासंघ ने 15 पन्नों के नोटिस में यह भी आरोप लगाया था कि विनेश के व्यवहार से भारतीय कुश्ती की छवि को नुकसान पहुंचा है। गौरतलब है कि 2024 समर ओलंपिक में फाइनल मुकाबले से अयोग्य घोषित किए जाने के बाद विनेश ने संन्यास की घोषणा की थी।

कुश्ती महासंघ राहत देने के मूड में नहीं

डब्ल्यूएफआई सूत्रों का कहना है कि विनेश ने केवल पात्रता संबंधी बिंदुओं पर जवाब दिया है, जबकि अनुशासनहीनता के आरोपों का स्पष्ट उत्तर नहीं दिया। विवाद के बीच डब्ल्यूएफआई ने यह भी साफ किया कि टूर्नामेंट के चयन मानदंड किसी एक खिलाड़ी को रोकने के लिए नहीं बदले गए हैं।

दावा : वाडा ने पाक-साफ करार दिया

गोंडा। पहलवान विनेश फोगाट ने सोमवार को अपने पात्रता संबंधी विवाद पर स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (आईटीए) और विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) दोनों ने उन्हें एक जनवरी 2026 से फिर से प्रतिस्पर्धा में भाग लेने के लिए मंजूरी दे दी है।